3 राजधानी
ग्रांट संकट के चलते डीयू में वेतन कटौती

6 अभिमत
जल-जंगल संबंधों का सम्मान

9 राष्ट्रीय
राजू श्रीवास्तव अभी भी वेंटिलेटर पर

10 कारोबार
सेंसेक्स ने 1,093 अंक का गोता लगाया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 307
नई दिल्ली, शनिवार, 17 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




पंड्या को और परिपक्व होने की जरूरत
स्पोर्ट्स-12

# भरोसेमंद व लचीली आपूर्ति श्रृंखला तैयार हो: मोदी

## ● कोविड-19 और यूक्रेन संकट के कारण पैदा हुए व्यवधानों को खत्म करने का आह्वान

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/समरकंद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कोविड -19 महामारी और यूक्रेन संकट के कारण पैदा हुए व्यवधानों को दूर करने के लिए शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से भरोसेमंद एवं लचीली आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बेहतर संपर्क (कनेक्टिविटी) और सदस्य देशों द्वारा पारगमन सुविधाओं का 'पूर्ण अधिकार' प्रदान किया जाना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अहम हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक उज्बेक शहर समरकंद में आठ सदस्यीय समूह के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है और भारत एससीओ के सदस्य देशों के बीच वृहद सहयोग एवं परस्पर विश्वास का समर्थन करता है। शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और समूह के अन्य नेता भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 और यूक्रेन में उपजे हालात के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है, जिससे विश्व के समक्ष अभूतपूर्व खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संकट पैदा हुआ। करीब 28 महीने पहले पूर्वी लद्दाख में भारत व चीन के बीच सीमा गतिरोध की शुरुआत होने के बाद से यह पहला मौका है जब मोदी और शी इस शिखर सम्मेलन में आमने-सामने (शेष पेज 8)

**एससीओ शिखर सम्मेलन**



## प्रधानमंत्री ने पुतिन से कहा, यह जंग लड़ने का वक्त नहीं

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**उज्बेकिस्तान** के समरकंद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक से इतर भारत और रूस ने शुक्रवार को अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के बीच हुई। इस साल फरवरी में यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है। बताया जाता है कि मोदी ने बैठक में कहा कि यह अब जंग लड़ने का युग नहीं रहा। मोदी ने कहा कि हम फोन पर कई बार भारत-रूस द्विपक्षीय रिश्तों तथा अन्य विभिन्न मुद्दों पर भी बात करते हैं। हमें तेल, सुरक्षा और खाद से जुड़ी समस्याओं का हल ढूंढने के रास्ते तलाशने होंगे। यूक्रेन से हमारे छात्रों को बाहर निकालने के लिए रूस और युक्रेन की मदद के लिए मैं उनका आभारी हूं। पुतिन ने कहा कि वे भारत के रूख और यूक्रेन विवाद से जुड़ी उसकी चिंताओं से वाकिफ हैं। हम सब चाहते (शेष पेज 8)

## भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

### ● पीएम ने शंघाई सहयोग संगठन में जताई उम्मीद

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/समरकंद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सालाना शिखर सम्मेलन में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर इस साल 7.5प्रतिशत रहने की उम्मीद है और यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा होगी। मोदी ने उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक शहर समरकंद में अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है। उन्होंने इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में प्रगति कर रहे हैं। देश के युवा और प्रतिभाशाली कार्यबल ने हमें स्वभाविक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन में मौजूदा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और समूह के अन्य (शेष पेज 8)

## भारत को मिली एससीओ की अध्यक्षता

**नई दिल्ली/समरकंद।** उज्बेकिस्तान ने शुक्रवार को यहां आठ सदस्यीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता भारत को सौंपी। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोएव ने समरकंद में 22वें एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हुए। उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री व्लादिमीर नोरोव ने ट्वीट किया, एससीओ समरकंद शिखर सम्मेलन के बाद भारत 2023 में संगठन के अध्यक्ष के रूप में एससीओ के अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। हम इस जिम्मेदार मिशन के क्रियान्वयन में अपने रणनीतिक साझेदार भारत की सहायता करने की पूरी कोशिश करेंगे। चीनी (शेष पेज 8)

# ईडी ने 40 ठिकानों पर मारे छापे सत्येंद्र जैन से तिहाड़ में पूछताछ

**दिल्ली आबकारी नीति मामला**



### ● सीएम केजरीवाल की कड़ी प्रतिक्रिया- केंद्र सरकार खुद अच्छे काम करने के बजाय सीबीआई ईडी से करा रही परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने वापस ली जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत देश भर में लगभग 40 स्थानों पर शुक्रवार को नए सिरे से छापे मारे। आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच को लेकर एजेंसी ने दिल्ली के मंत्री और आप नेता सत्येंद्र जैन से भी तिहाड़ जेल में जाकर पूछताछ की।

जैन पहले आबकारी विभाग के मंत्री रह चुके हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि नेल्लोर समेत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली-एनसीआर के कुछ अन्य शहरों में शराब व्यवसायियों, वितरकों और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की गई। पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को साथ लेकर कार्रवाई शुक्रवार तड़के शुरू हुई। इससे पहले इसी मामले में पंजाब सरकार के आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों सहित देश भर में लगभग 40 स्थानों पर 6 सितंबर को भी छापे मारे गए थे।

बीते 17 नवंबर, 2021 से लागू की गई नीति को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस साल जुलाई में वापस ले लिया था। सक्सेना ने इस मामले में 11 आबकारी (शेष पेज 8)

# एसीबी की छापेमारी के बाद आप विधायक अमानतुल्ला गिरफ्तार

### ● दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक शाखा को बिना लाइसेंसी पिस्टल और 12 लाख कैश मिले



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। खान दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

एसीबी ने शुक्रवार को आप विधायक अमानतुल्ला खान के घर और उनके अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। यहां उनके एक करीबी के घर से 12 लाख रुपए और एक बिना लाइसेंस वाला हथियार बरामद किया। एसीबी ने दो साल पुराने भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को खान को नोटिस जारी किया था। ओखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक खान को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2020 में दर्ज एक मामले में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खान ने नोटिस के बारे में ट्वीट किया था और इसमें दावा किया था कि उन्हें तलब किया गया है, क्योंकि उन्होंने एक नया वक्फ बोर्ड कार्यालय बनाया है।

इससे पहले, एसीबी ने उपराज्यपाल के सचिवालय को पत्र लिख कर खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाने का अनुरोध किया था। एसीबी ने पत्र में दावा किया था कि खान ने अपने खिलाफ मामले में गवाहों को धमकाकर जांच को प्रभावित करने की कोशिश की।

## गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मेवाणी को दंगा भड़काने के मामले में छह महीने की सजा

**भाषा।** अहमदाबाद

**अहमदाबाद** की एक अदालत ने शुक्रवार को गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक जिग्नेश मेवाणी तथा 18 अन्य लोगों को दंगा भड़काने एवं गैरकानूनी तरीके से भीड़ एकत्र करने के 2016 के मामले में छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई। यह मामला मेवाणी और उनके सहयोगियों द्वारा एक सड़क को अवरुद्ध करने से जुड़ा था।अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पी. एन. गोस्वामी ने मेवाणी और अन्य पर जुर्माना भी लगाया, हालांकि उनकी सजा को 17 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया, ताकि वे अपील कर सकें। मेवाणी और 19 अन्य के खिलाफ 2016 में यहां विश्वविद्यालय थाने में एक मामला दर्ज किया गया था। यह मामला गुजरात विश्वविद्यालय के कानून विभाग के एक निर्माणाधीन भवन का नाम डॉ बी आर आंबेडकर के नाम पर रखने की मांग पर जोर देने के लिए सड़क जाम करने से संबंधित था। भारतीय दंड (शेष पेज 8)

# अमरिंदर अगले सप्ताह भाजपा में होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) के प्रमुख अमरिंदर सिंह अगले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। पार्टी के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सिंह अपनी नवगठित पार्टी का भाजपा में विलय भी करेंगे। सिंह (80) ने मुख्यमंत्री पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद पिछले साल कांग्रेस छोड़ दी थी और पीएलसी का गठन किया था। वह दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होंगे।

पीएलसी के प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियावाल ने फोन पीटीआई-भाषा को बताया कि पीएलसी में शामिल हुए सात पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद भी सोमवार को भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पीएलसी के अन्य पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष अगले सप्ताह चंडीगढ़ में एक अलग कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होंगे। रीढ़ की



हड्डी की सर्जरी के बाद लंदन से हाल में लौटे अमरिंदर सिंह ने बीते पखवाड़े में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

सिंह ने 12 सितंबर को शाह के साथ अपनी मुलाकात के बाद कहा था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, पंजाब में मादक पदार्थ-आतंकवाद के बढ़ते मामलों और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य की रूपरेखा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बहुत सार्थक चर्चा की। भाजपा की पंजाब इकाई के नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल ने जुलाई में कहा था कि सिंह ने लंदन जाने से पहले भाजपा में अपनी पार्टी के विलय का इरादा जताया था। ग्रेवाल ने (शेष पेज 8)

## मूसेवाला हत्या मामले में दो शूटर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस के गैंगस्टर रोधी कार्यबल ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल एक गिरोह के दो मुख्य शूटर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान बटाला निवासी मनदीप सिंह उर्फ तूफान (24) और अमृतसर निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ मनी रय्या (30) के तौर पर हुई है। पंजाब पुलिस को हत्या, डकैती, रंगदारी, मादक पदार्थ एवं हथियारों की तस्करी के विभिन्न मामलों में उनकी तलाश थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि दोनों को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है। यादव ने कहा कि वे जग्गू भगवानपुरिया-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के मुख्य शूटर हैं जो न सिर्फ गैंगस्टर राणा कंडोवालिया की सनसनीखेज हत्या मामले में वांछित थे, बल्कि अतीत में मूसेवाला को कत्ल करने के लिए भी योजना बना चुके थे। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की 29 मई को मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर (शेष पेज 8)

# लखनऊ में भारी बारिश, दीवार गिरने से नौ मरें और दो घायल

### ● योगी ने लिया संज्ञान हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा और चार-चार लाख रुपये की राहत राशि प्रदान करने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के विभिन्न जिलों मे बीते चौबीस घंटों के दौरान आसमान से टूटी आफत (भारी बारिश) के चलते दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई है। भारी बारिश की वजह से दीवार गिरने से जहां लखनऊ के दिलकुशा में नौ लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हुए वहीं उन्नाव के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बारिश के चलते हुए हादसों में चार लोग काल के गाल में समा गए।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ, उन्नाव, फतेहपुर, झांसी, रायबरेली, प्रयागराज तथा सीतापुर में अतिवृष्टि, कन्नौज में आकाशीय बिजली और सोनभद्र में सर्पदंश से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया है कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा है कतिपय जनपदों में इस बारिश से फसलों को (शेष पेज 8)

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,840 | ↓ 1093 |
| निफ्टी | 17,530 | ↓ 346 |
| सोना | 49,447 | ↓ 813 /10g |
| चांदी | 55,982 | ↓ 1379 /kg |

**क्विक न्यूज**

### कौशांबी में 95 करोड़ की दो मूर्तियों के साथ दस तस्कर गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले की महेवा घाट थाना पुलिस ने 15 साल पूर्व बांदा जिले से चोरी की गई अष्टधातु की दो मूर्तियों के साथ 10 अंतरजनपदीय मूर्ति तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि बरामद मूर्तियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 95 करोड़ रुपए है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमराज मीणा ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर महेवा घाट थाना प्रभारी रोशन लाल ने हमराहियों के साथ थाना क्षेत्र के यमुना नदी के पुल के पास घेराबंदी कर 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अष्टधातु की दो बेशकीमती मूर्तियां बरामद की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी बेशकीमती मूर्तियां को बेचने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने इनको गिरफ्तार कर लिया।

## यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों की मदद के लिए केंद्र पोर्टल बनाए: कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि रूस के साथ युद्ध के कारण यूक्रेन से वापस आए मेडिकल छात्रों की मदद के लिए केंद्र एक वेब पोर्टल बनाए, जिसमें ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों का विवरण हो जहां प्रभावित छात्र सरकार के शैक्षणिक गतिशीलता कार्यक्रम के अनुसार अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सकें।

न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि एक पारदर्शी प्रणाली होनी चाहिए तथा वेब पोर्टल में वैकल्पिक विदेशी विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सीटों की संख्या और फीस का पूरा विवरण स्पष्ट होना चाहिए, जहां से छात्र अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हैं। सुनवाई की शुरुआत में, केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह कोई प्रतिकूल



रुख नहीं अपना रहे हैं और उन्होंने पीठ के सुझावों पर सरकार से निर्देश लेने के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया। पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तारीख निर्धारित की।

उच्चतम न्यायालय उन छात्रों द्वारा दायर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है, जो विदेशी मेडिकल कॉलेज या विश्वविद्यालयों में पहले से चौथे वर्ष के मेडिकल छात्र हैं। ऐसे छात्र भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं। यूक्रेन से लौटे भारतीय मेडिकल छात्रों की उम्मीदों को बृहस्पतिवार को उस वक्त झटका लगा, (शेष पेज 8)

# चीतों की दहाड़ से आज आबाद होगा कुनो

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। साल 1952 में देश में चीतों को विलुप्त प्रजाति घोषित कर दिया गया था। अब नए सिरे से इनकी आबादी बढ़ाने की कोशिश के तहत ये चीते लाए गए हैं और यहां उनकी दहाड़ सुनाई देने लगेगी। हालांकि इस परियोजना से जुड़े कई सवाल हैं जो वन्यजीव प्रेमियों एवं विशेषज्ञों को परेशान कर रहे हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञ और भारत की चीता परियोजनाओं से जुड़े अधिकारी दावा कर रहे हैं कि योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इस क्षेत्र में बड़ी बिल्लियों की संख्या कितनी तेजी से बढ़ती है। विशेषज्ञ स्पष्ट कहते हैं कि जब तक ये नर-मादा चीते आपस में नहीं मिलते और इनमें से कोई भी एक

### ● नामीबिया से आए आठ मेहमानों को नेशनल पार्क में छोड़ेंगे पीएम मोदी

### ● विशेषज्ञों ने कहा- परिवेश और प्रजनन प्रक्रिया पर निर्भर करेगी चीता पुनर्वास परियोजना की सफलता

मादा गर्भवती नहीं हो जाती तथा उन्मुक्त परिवेश में अपने शावक को स्वतंत्र रूप से पलने बढ़ने नहीं देती, तब तक इस परियोजना को सफल नहीं माना जा सकता। प्रजनन का मतलब है कि जानवर नए परिवेश में रच-बस गए हैं और अब वे अपनी आबादी बढ़ा सकते हैं। इसके लिए विशेषज्ञों ने राजस्थान के अलवर में सरिस्का टाइगर रिजर्व (एसटीआर) का उदाहरण दिया, जहां पहले




अंतरराज्यीय बाघ पुनर्वास कार्यक्रम को 2008 में बहुत पहले क्रियान्वित किया गया था। हालांकि, 2015 तक बाघों का प्रजनन यहां उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

बड़ी बिल्ली की आबादी के असामान्य रूप से धीमी गति से बढ़ने का कारण बाघिनों द्वारा बड़े पैमाने पर गर्भपात को बताया गया था। हालांकि, एसटीआर में बाघ के रहन-सहन के लिए उपयुक्त माहौल उपलब्ध कराने के साथ-साथ अन्य उपाय किए जाने से अब बाघों की संख्या यहां बढ़ रही है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि कुनो पालपुर में 3-5 साल की उम्र के ये चीते जीपीएस और वीएचएफ ट्रैकिंग कॉलर के माध्यम से लगातार निगरानी में रहेंगे। जब तक ये चीते अपने आप शिकार करने लायक नहीं हो जाते, उन्हें पार्क के पृथकवास बाड़ों में एक महीने तक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इन चीतों को बसाने के लिए चौबीस गांवों को स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्क के किनारे सिर्फ एक गांव ही बचा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुनो में सुरक्षित वातावरण, जीरो मानव हस्तक्षेप या शिकारियों से मुक्त रिहायश ही इस परियोजना को सफल बनाएगी। चीता 20 से 24 महीनों की आयु में प्रजनन प्रक्रिया के लिए तैयार हो जाता है।

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भकाल लगभग तीन महीने तक रहता है। एक मादा चार से छह शावकों को जन्म देती है। नामीबिया से लाए जाने वाले चीतों का हवाई जहाज पहले जयपुर उतरना था, लेकिन बाद में योजना को बदल दिया गया। अब यह हवाई जहाज मध्य प्रदेश के ग्वालियर में उतरेगा और वहां से एक विशेष हेलीकॉप्टर में चीतों को कुनो नेशनल पार्क ले जाया जाएगा। चीतों (शेष पेज 8)

# नाला बन चुकी हिंडन नदी का पानी होगा साफ

## नमामि गंगे योजना के तहत उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 500 करोड़ में बनाया मास्टर प्लान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

हिंडन नदी को निर्मल और अविरल बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य योजना बननी शुरू हो गई है। सहारनपुर और मेरठ मंडल की संयुक्त कार्ययोजना के हिसाब हिंडन के पुनरुद्धार पर काम होगा। हिंडन नदी हरनंदी को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने का प्रयास किया जाएगा। नमामि गंगे योजना के तहत इसकी साफ-सफाई कराने की तैयारी है। इस परियोजना पर 400 से 500 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

सहारनपुर जिले में शिवालिक पर्वतमाला में स्थित शाकंभरी देवी की पहाड़ियों से निकलने वाली हिंडन नदी गौतमबुद्ध नगर जिले में मोमनाथन में आकर यमुना से मिलती है। हिंडन नदी का स्वरूप बदल चुका है। जगह.जगह अतिक्रमण है। नदी के किनारे पड़ने वाले शहरों के छोटे.बड़े करीब 180 नाले इस नदी को नाले में तब्दील करते हैं। इसके चलते नदी ने अपना स्वरूप खो दिया है।

गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में गिरने वाले नालों में एसटीपी लगाए गए हैं, लेकिन यह प्रभावी नहीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंडन नदी को निर्मल और अविरल बनाने के लिए दिशा.निर्देश दिए हैं।

इसके बाद हिंडन को अविरल बनाने के लिए वृहद स्तर पर कार्य योजना शुरू हो गई है। मेरठ मंडल के आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने इस परियोजना को लेकर मेरठ और सहारनपुर मंडल की कई बैठकें कर चुके हैं। इसकी कार्ययोजना बनाई जा रही है। मेरठ मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नदी की साफ सफाई को लेकर दोनों मंडलों की संयुक्त बैठक हो चुकी है। बैठक में इसकी कार्ययोजना पर चर्चा हुई है। कार्ययोजना का काफी काम पूरा हो चुका है। यह जल्द पूरी हो जाएगा। हिंडन को नमामि गंगे योजना के तहत बेहतर किया जाएगा। इस काम को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। हिंडन नदी में गिरने वाले नालों पर नियंत्रण करना होगा। इस नदी में छोटे.बड़े 180 नाले गिरते हैं। नालों का पानी शोधित होकर नदी में आए तभी इसका पुनरुद्धार होगा। हिंडन नदी के आसपास से अतिक्रमण हटाना पड़ेगा। तभी वह नाले के स्वरूप से वापस नदी के रूप में लौटेगी। हिंडन घाटों को दुरुस्त करना और साफ.सफाई को भी प्राथमिकता पर रखना होगा। आकंड़ों के मुताबिक, हिंडन का पानी सिंचाई या जलीय जीव के लायक नहीं है। कई गैर सरकारी संगठन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे कार्यकर्ता हिंडन को बचाने के लिए आवाज उठाते रहते हैं। 2020 में कोरोना संक्रमण के चलते लागू हुए लॉकडाउन में कारखाने बंद होने पर हिंडन के पानी में गुणात्मक सुधार हुआ था। इससे साफ है कि कारखानों से निकलने वाला अपशिष्ट हिंडन के पानी को प्रदूषित करने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं।

सहारनुपर से लेकर गौतमबुद्ध नगर तक प्रदेश के कई जनपदों से होकर गुजरने वाली हिंडन का पानी इतना प्रदूषित है कि यह जलीय जंतुओं के लायक भी नहीं है। पानी में घुलनशील ऑक्सीजन और जैव रसायन ऑक्सीजन यानि बीओडी का स्तर खतरनाक है।



कूड़े से बेहाल हिंडन नदी।

### इन जिलों से गुजरती है हिंडन नदी

- सहारनपुर
- मुफफ्फरनगर
- मेरठ
- बागपत
- गाजियाबाद
- गौतमबुद्ध नगर

### नोएडा में प्रदूषण
वर्ष-2022

- डीओ-निल
- बीओडी-45.3
- कोलीफार्म-8.96 लाख

### गाजियाबाद में हाल
वर्ष- 2022

- डीओ-0.73
- बीओडी-20.9
- कोलीफोर्म-2.87 लाख

### ग्रीन कॉरिडोर बनाने का सुझाव



प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समय.समय पर हिंडन नदी के पानी की गुणवत्ता की जांच करता हैए जिसमें अधिकांश बार पानी की गुणवत्ता बेहद खराब ही आती है। हिंडन जल बिरादरी के विक्रांत का कहना है कि हिंडन नदी को बचाना है तो लंबी अवधि की योजना बनाकर काम करना होगा। नदी के दोनों तरफ 500-500 मीटर की परिधि का ग्रीन कॉरिडोर बनना चाहिए। नालों के पानी को साफ करने के लिए एसटीपी लगाए जाएं। एसटीपी चलें, इसकी भी निगरानी होनी चाहिए।

# तीन साल बाद 163 फ्लैट खरीदारों को मिल सकेगा मालिकाना हक

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की पहल पर बोर्ड ने दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



''फ्लैट व दुकान खरीदारों की सहूलियत को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने जियोटेक होम्स व पैरामाउंट प्रॉपबिल्ड के 165 यूनिटों की सबलीज डीड को रि.वैलिडेट कर रेगुलराइज करने की अनुमति दे दी है। सबलीज डीड पर तत्कालीन प्रबंधक बिल्डर के हस्ताक्षर की फॉरेंसिक जांच जल्द कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।''
**-सुरेन्द्र सिंह, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व मेरठ मंडलायुक्त**

ग्रेटर नोएडा के 165 फ्लैट, दुकान खरीदारों को सब लीजडीड कराने के लगभग तीन साल बाद सही मायने में अब अपनी संपत्ति का मालिकाना हक मिल सकेगा। प्राधिकरण के सीईओ की पहल पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने इन संपत्तियों को रेगुलराइज करने की अनुमति प्रदान कर दी है। रेगुलराइज हो जाने से फ्लैट खरीदार अपनी संपत्ति को बंधक रखकर बैंक लोन प्राप्त कर सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 2010 में जियोटेक होम्स बिल्ड प्रा लि को सेक्टर 16सी में और पैरामाउंट प्रॉप बिल्ड प्रॉ लि को सेक्टर.01 में प्लॉट आवंटित किया गया। जियोटेक होम्स में 438 फ्लैट व 13 दुकानों को और पैरामाउंट प्रॉप में 1716 फ्लैटों के सबलीज डीड की स्वीकृति प्रदान की गई।

2019-20 में जियोटेक जियोटेक होम्स ने 288 फ्लैटों व छह दुकानों की और पैरामाउंट प्रॉप ने 1270 फ्लैटों की सबलीज डीड करा ली। इनमें से जियोटेक होम्स के 51 फ्लैट व दो दुकानें और पैरामाउंट प्रॉप के 112 फ्लैटों की सबलीज डीड पर पेच फंस गया। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आवंटित बिल्डर परियोजनाओं में बिल्डरए बायर व प्राधिकरण के बीच त्रिपक्षीय सबलीज डीड की जाती है और इसकी तीन प्रतियां प्राधिकरण के समक्ष प्रेषित की जाती हैं। इन पर प्रबंधक बिल्डर की साइन के बाद दो प्रतियां बिल्डर व खरीदार को उपलब्ध करा दी जाती है और एक प्रति प्राधिकरण में रख दी जाती है। खरीदार को परमिशन टू मोर्टगेज देने के समय इसकी जरूरत पड़ती है।

इन दोनों प्रकरणों में ऑफिस कॉपी प्राधिकरण में उपलब्ध नहीं पाई गई और जब खरीदारों ने मोर्टगेज परमिशन के लिए आवेदन किया तो उस समय की प्रबंधक बिल्डर ने सबलीज डीड पर अपने हस्ताक्षर से इंकार कर दिए, जिसके चलते इन रजिस्ट्रियों को त्रुटिपूर्ण मानते हुए बिल्डर कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई।

इस बीच इन रजिस्ट्रियों को रेगुलराइज किए जाने के लिए खरीदारों की तरफसे लगातार कोशिश होती रही। खरीदारों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह से मिलकर इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए गुहार लगाई। इसकी जांच कराने पर पता चला कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय में इन संपत्तियों की सबलीज डीड पर प्रबंधक बिल्डर की तरफसे अधिकृत प्रतिनिधि ने हस्ताक्षर किए हैं। सीईओ की पहल पर इस प्रकरण को हाल ही में संपन्न ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड के समक्ष रखा गया।

बोर्ड ने इन सबलीज डीड को रि-वैलिडेट कराते हुए रेगुलराइज करने की अनुमति प्रदान कर दी है। साथ ही बोर्ड ने तत्कालीन प्रबंधक के हस्ताक्षर की फॉरेंसिक ऑडिट कराने और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इन संपत्तियों की सबलीज डीड को रेगुलराइज करने के प्राधिकरण बोर्ड के फैसले से दोनों बिल्डर परियोजनाओं के 163 फ्लैट व दो दुकान खरीदारों को सही मायने में अपनी संपत्ति पर मालिकाना हक मिल सकेगा, जिस पर वे बैंक लोन भी प्राप्त कर सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी बिल्डर सौम्य श्रीवास्तव ने इसका कार्यालय आदेश शीघ्र जारी करने और इन सबलीज डीड को रि-वैलिडेट कर रेगुलराइज किए जाने की बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

### भारतीय किसान यूनियन का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इन्होंने भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने दबाव बनाकर हमारे नेताओं पर मुकदमे दर्ज कराए है। इसी मुद्दे को लेकर उनके द्वारा प्रदर्शन किया गया और एक ज्ञापन जिला अधिकारी के नाम सौंपा गया शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ता इकट्ठा होकर सूरजपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंच कर इनके द्वारा जमकर नारेबाजी की गई और प्रदर्शन किया गया। उसके बाद एक ज्ञापन जिला अधिकारी के नाम उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। एक 307 का मुकदमा दर्ज होने के बाद दो किसान यूनियन के नेता आमने सामने आ गए हैं। भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिला अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन टिकट गुट के नेता लगातार पुलिस पर दबाव बनाते हैं और हमारे गुट के नेताओं पर मुकदमा दर्ज करा रहे हैं। इसको लेकर पहले भी हम अधिकारियों से मिल चुके हैं।

### हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना पुलिस व एसपी देहात डॉ इरज राजा की टीम ने 25 अगस्त को हुई आदेश त्यागी निवासी चमरावल चांदीनगर बागपत की हत्या का खुलासा करते हुए तीन हत्याभियुक्त नवरतन, सौरभ व गौरव निवासीगण सुराना को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों हत्याभियुक्तों ने बताया कि आदेश त्यागी की हत्या की वजह शराब पीने के बाद हुआ विवाद बनी है। पुलिस ने तीनों हत्याभियुक्तों के पास से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा व बाइक बरामद कर ली।

### मेट्रो विस्तार के लिए साइकिल यात्रा आज

**गाजियाबाद।** मेट्रो विस्तार की मांग को लेकर शनिवार को टीएचए के 21 लोग 21 किलोमीटर साइकिल यात्रा निकालेंगे। यह यात्रा वैशाली सेक्टर.छह पानी टंकी वाला पार्क से शुरू होकर वसुंधरा सेक्टर.19 से होते हुए सेक्टर.17, सेक्टर-13 होते हुए वैशाली सेक्टर.9 जज कॉलोनी में समापन होगा। साइकिल यात्रा के दौरान साइकिल चलाकर लोग मेट्रो विस्तार आंदोलन से लोगों को जोड़ेंगे। टीएचए में जीडीए की तरफ से रोपवे प्रोजेक्ट लाए जाने का लोगों ने विरोध किया था। इसको लेकर लोगों ने पैदल मार्च, कैंडल मार्च, एक दिवसीय भूख हड़ताल, जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया था। मेट्रो विस्तार संघर्ष समिति के अमित किशोर ने बताया कि मेट्रो विस्तार आंदोलन के क्रम में साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा वैशाली सेक्टर छह पानी की टंकी से शुरू होगी।

### पत्रकार को सिर तन से जुदा करने की धमकी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक पत्रकार को सिर तन से जुदा करने की धमकी मिली है। निशांत कुमार नामक इस पत्रकार को वॉट्सऐप पर यह धमकी भरा मैसेज मिला है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वसुंधरा इलाके में रहने वाले निशांत ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने कहा कि मैसेज में लिखा था, तुम इस्लाम के खिलाफ रिपोर्टिंग करना और अजेंडा चलाना बंद करो, नहीं तो तुम्हारा सिर भी तन से जुदा कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि इससे पहले गाजियाबाद के ही डॉ अरविंद वत्स को भी ऐसी ही धमकी मिली थी।

## सोमवार को नोएडा आएंगे सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

हाल ही में दो दिवसीय दौरे के बाद अब फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 या 20 सितंबर को नोएडा आएंगे। मुख्यमंत्री का जनपद में यह 11वां दौरा है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका दूसरा दौरा होगा।

भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से पदाधिकारियों के साथ वार्ता करने के लिए वे नोएडा तथा मुजफ्फरनगर का दौरा सोमवार या मंगलवार को करेंगे। इस दौरान वे दोनों जनपदों के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

निकाय चुनाव व 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मंत्रियों को तीन-तीन जिलों का दौरा करके संगठनात्मक बैठक की जिम्मेदारी दी गयी है। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास तीन जिलों का प्रभार है।

## कबाड़ के गोदाम में मिली गांजे की खेप

- छापेमारी कर 25 लाख का गांजा किया बरामद, दो पकड़े गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एक कबाड़ के गोदाम से गांजे की बड़ी खेप पकड़ी है। दादरी पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

गांजा तस्करों के कब्जे से 210 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करों के कब्जे से एक आईसर कैंटर व एक स्विफ्ट गाड़ी बरामद की है।

दरअसल थाना दादरी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक गोदाम पर भारी मात्रा में गांजे की खेप पड़ी है। जिसके बाद पुलिस ने पल्ला रोड पर बने कबाड़ के गोदाम पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से 210 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। जबकि दो लोग फरार हो गए।

पकड़े गए तस्करों की पहचान चिटहेरा निवासी दीपक व नई आबादी निवासी शहजाद उर्फ सोनू के रूप में हुई।यह कबाड़ का गोदाम शहजाद का ही था। यह गांजा तस्कर बाहर से गांजा लाकर गोदाम में रखते थे। उसके बाद आसपास के क्षेत्रों में उसकी सप्लाई करते थे। इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि नीरज और बंटी बाहर से गांजा लाया करते थे और उसको बाद हम इस गांजे को स्विफ्ट में रखकर नोएडा, गाजियाबाद और बुलंदशहर में सप्लाई किया करते थे।

## गंभीर रूप से बीमार किशोरी ने की आत्महत्या

**नोएडा।** लिवर सिरोसिस की गंभीर बीमारी से पीड़ित एक 12 साल की बच्ची ने घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले बच्ची ने यूट्यूब पर लिवर सिरोसिस की बीमारी के बारे में सर्च किया था।

इसके बाद उसने अपनी जान दे दी। उसका जिला अस्पताल से इलाज से चल रहा था। मूल रूप से हरदोई निवासी रामरतन अपने परिजनों के साथ नोएडा के गिझोड़ गांव की माता कॉलोनी में पिछले काफी समय से रह रहे हैं। कुछ महीनों से उनकी 12 साल बेटी मुस्कान उर्फ सोनाक्षी की तबीयत खराब चल रही थी।

## मामूली बात पर बाजार में छात्रों के दो गुट भिड़े

**नोएडा।** सेक्टर अल्फा-2 के बाजार में गुरुवार रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में जीबीयू के दो छात्र गुटों के बीच मारपीट हुई। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों गुटों के छह छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

सेक्टर बीटा.2 कोतवाली पुलिस के मुताबिक जीबीयू में पढ़ने वाले कुछ छात्र गुरुवार रात सेक्टर अल्फा-2 के बाजार में घूमने के लिए आए थे। यहां दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

## साली ने जीजा पर लगाया बलात्कार का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक युवती ने अपने जीजा पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार वह अपनी बहन की डिलीवरी के बाद देखभाल करने आई थी। इस दौरान जीजा ने उसके साथ बलात्कार किया।

युवती ने इस घटना की शिकायत परिजनों से करने की बात कही तो जीजा ने उससे एक मंदिर में शादी रचा ली। घटना को एक साल बीतने के पश्चात युवती का जीजा अब उसे पत्नी मानने व साथ रखने से इंकार कर रहा है। थाना प्रभारी जारचा ज्ञानचंद ने बताया कि युवती ने अपने जीजा अमित राणा के खिलाफखाने में नशीला पदार्थ देकर बलात्कार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि एक वर्ष बीतने के पश्चात अमित राणा अब उसे अपनी पत्नी मानने व साथ रखने से इंकार कर रहा है। युवती ने अमित राणा के साथ हुई शादी के साक्ष्य के रूप में पुलिस को कुछ फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराए हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** एसपी देहात डॉक्टर इरज राजा की टीम व लोनी बॉर्डर थाने के एसएचओ योगेंद्र पंवार की टीम की वन विभाग के इलाके में लुटेरों के अंतर्राज्जीय गैंग के साथ मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों ओर से हुई फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से कई प्रदेशों की पुलिस के लिये सिरदर्द बना कुख्यात लुटेरा वसीम निवासी मसूरी घायल हो गया।

वहीं, पुलिस ने घेराबंदी करके उसके सहित तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। हत्थे चढ़े बदमाशों के नाम वसीम, सुहेल निवासी बेहटा हाजीपुर व प्रमोद उर्फ विशाल निवासी बलीपुर निवाड़ी हैं।



पुलिस की गोली से घायल बदमाश।

# गाजियाबाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों का हंगामा

- स्मार्ट पार्किंग, दुकानों का किराया बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर अधिकारियों की मंशा पर उठाये सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम बोर्ड की आज हुई बैठक काफी हंगामेदार हुई। 11 बजे नगर निगम बोर्ड की बैठक शुरू हुई इसके बाद नवनिर्वाचित पार्षद कुसुम सिंह को मेयर ने गुलाब का फूल देकर उनका सम्मान किया।

नगर निगम बोर्ड की बैठक जैसे ही शुरू हुई विवाद भी शुरू हो गया। विवाद सबसे पहले 7-6-2022 को हुई बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव की पुष्टि को लेकर शुरू हुआ। इस मामले को सबसे पहले पार्षद राजेंद्र त्यागी ने उठाया। पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना था कि स्मार्ट पार्किंग, दुकानों का किराया बढ़ाने और टैक्स में वृद्धि करने का प्रस्ताव की पुष्टि नहीं हुई तो फिर उससे पहले नगर निगम प्रशासन ने शासन की अनुमति के लिए क्यों भेज दिया। इसका जवाब उन्होंने मेयर के माध्यम से नगर आयुक्त से जाना।




इसके बाद पार्षद अनिल स्वामी ने भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जो भी प्रस्ताव पुष्टि के लिए आया है। उसमें सर्वसम्मति शब्द का यूज किया गया है। जबकि यह शब्द यूज करना उचित नहीं है।

उनका कहना था कि कोई भी प्रस्ताव पास करते समय बहुमत शब्द का यूज किया जा सकता है। पार्षद मनोज चौधरी का कहना था कि सफाई का व्यवस्था को प्राइवेट हाथों में दे दिया गया है। इससे सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। निगम पार्षद जाकिर अली सैफी ने कहा कि पूर्व में प्रस्ताव पास हो चुका है कि प्रत्येक वार्ड में 60 लाख के विकास कार्य होंगे तो फिर विकास कार्य क्यों नहीं हुए हैं यह सदन का अपमान है।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इस दौरान सदन में उठे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि शासन ने निगम बोर्ड में गिरे प्रस्ताव के संबंध में अनुमति मांगी है। प्रशासनिक अधिकार के तहत शासन को भेजा गया। पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना है कि ऐसा नहीं है। नगर निगम अधिनियम में ऐसी व्यवस्था है कि शासन भी अगर कोई निर्देश जारी करेगा तो भी उसे कार्यकारिणी या बोर्ड में पहले रखा जाएगा इसके बाद अमल में लाया जाएगा। शासन के निर्देश को नगर निगम मानने के लिए बाध्य नहीं है। दूसरी ओर ठेके पर रखे गए ड्राइवरों ने आरोप लगाया कि वह पिछले 30 साल से निगम में ठेके पर नौकरी कर रहे हैं। मगर अब काम प्राइवेट कंपनी को दिए जाने से उनके नौकरी चली गई है। उन्होंने जो भी पार्षद सदन में आए उनको फूल देकर अपना विरोध जताया।

## निगम चुनाव के लिए दीवाली के बाद लगेगी आचार संहिता

**गाजियाबाद।** नगर निगम और नगर पालिका परिषद के चुनाव समय पर ही होने की संभावना है। हो सकता है कि दीवाली के तुरंत बाद ही चुनावी आचार संहिता लागू हो जाए। जिस तरह से राज्य निर्वाचन आयोग इसको लेकर कार्यक्रम कर रहा है उससे तो ऐसा ही लग रहा है।

निर्देश में कहा गया है कि जो एरिया किसी भी नगर निकाय में नए जोड़े गए है उनके परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब नए एरिया में जो वोट हैं उनको नगर निकायों से जोड़ा जाना है। इसके लिए सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। सर्वे 20 सितंबर से शुरू होकर 4 अक्टूबर तक चलेगा। 5 अक्टूबर से मतदान केंद्र पर बीएलओ की नियुक्ति करने के निर्देश भी दिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 17 सितंबर, 2022



**सीयूईटी परिणाम**

# बड़ी संख्या में छात्र निराश, प्रक्रिया को बताया जटिल

## किसी को पसंद का कॉलेज नहीं, तो किसी को टूटता दिखा अपना सपना

- सामान्यीकरण के जरिए सभी छात्रों को समान स्तर उपलब्ध कराया : यूजीसी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी- यूजी) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। शुक्रवार को आए परीक्षा परिणाम से बड़ी संख्या में छात्रों को निराशा हाथ लगी है।

किसी को पसंद का कालेज नहीं मिला तो कोई चयनित करने की प्रक्रिया से नाराज दिखा। अधिकांश छात्रों ने सीयूईटी के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को जटिल बताया। इस बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रमुख ने एम जगदीश कुमार ने दावा किया कि सामान्यीकरण के जरिए सभी छात्रों को समान स्तर उपलब्ध कराया गया है।

विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के नतीजों में अंकों के सामान्ईकरण के कारण कुछ छात्रों ने पाया कि उनके अंक मूल अंकों से घट गए हैं, जिससे अपने पसंद के कॉलेज में उनका दाखिल ले पाना मुश्किल हो गया है। वहीं, कुछ छात्रों को ऐसा लगता है कि वे अपने पसंद के कॉलेज में प्रवेश पाने के करीब पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने कहा कि सीयूईटी-यूजी (स्नातक) के प्रथम सत्र के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रमुख एम जगदीश कुमार ने कहा कि इस परीक्षा में शामिल होने वाले काफी संख्या में छात्र निराश हैं और प्रक्रिया को अनुचित बता रहे हैं। सामान्यीकरण के बाद 88 पर्सेंटाइल अंक हासिल करने वाली श्रावणी सिंगला ने हैरानगी जताई कि मौजूदा पद्धति के तहत उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी कॉलेज में दाखिला भी मिल सकता है।

उन्होंने कहा, क्या उन्हें अपनी पसंद के कॉलेज में दाखिला मिल पाएगा। सिर्फ एनटीए ही इस बारे में जानता है। मूल अंक में राजनीति विज्ञान में पूर्ण अंक पाने वाले आर्या नाम के छात्र ने कहा कि उनका पर्सेंटाइल सामान्यीकरण के बाद घट कर 88.9 रह गया है। उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में मेरा दाखिला हो सकेगा। सीयूईटी और एनटीए ने मेरे सभी सपनों को चकनाचूर कर दिया। सामान्यीकरण के चलते मेरे 100 अंक घट गए हैं।

रितु दाहिया ने कहा, इन घटे हुए अंकों से मैं क्या करूंगी महानिदेशक एनटी। चूंकि वह अखिल भारतीय परीक्षा सही से नहीं करा सके, इसलिए उका पूरा करियर दांव पर लग गया है।

अंकों के सामान्यीकरण और दाखिले को लेकर भ्रम की स्थिति के बावजूद कुछ छात्रों ने कहा कि वे सीयूईटी के बाद अपने पसंद के कॉलेज में प्रवेश पाने के करीब पहुंच गए हैं। दिल्ली निवासी छात्रा समृद्धि रावत ने कहा कि वह अपने अंकों से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें दो विषयों में 100 पर्सेंटाइल अंक हासिल हुए हैं। राम्या शुक्ला नाम की छात्रा ने कहा, मुझे लगता है कि हम अपने पसंद के कॉलेज में दाखिले के करीब पहुंच गए हैं।

छात्रों ने यह भी कहा कि अंक तालिका को समझने में मुश्किल हो रही है। मुस्कान तिवारी ने कहा, यह हमारे लिए नया है। वह पर्सेंटाइल समझते हैं लेकिन अंकों का सामान्यीकरण बहुत जटिल है। मुझे लगता है कि पूरी प्रक्रिया जटिल है।

## 12 छात्रों को 5 विषयों में मिले 100 पर्सेंटाइल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विश्वविद्यालईन सामान्य प्रवेश परीक्षा स्नातक में 12 अभ्यर्थियों ने सभी 5 विषयों में 100 पर्सेंटाइल सामान्यीकृत अंक प्राप्त किए जबकि 104 उम्मीदवारों ने चार विषयों में इतने अंक प्राप्त किए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घोषित परिणाम के अनुसार 21,159 उम्मीदवारों ने कम से कम एक विषय में 100 पर्सेंटाइल अंक हासिल किए। 12,799 छात्राओं ने एक विषय में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है जबकि ऐसे छात्रों की संख्या 8360 रही।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा कि हर उम्मीदवार के प्रदर्शन का मूल्यांकन समान पर्सेंटाइल पद्धति के जरिए किया गया जिसमें एक विषय के लिए कई दिनों में छात्रों के प्रत्एक समूह के अंक प्रतिशत का उपयोग करके सामान्यीकृत अंकों की गणना की गई। अंग्रेजी में सबसे अधिक 8,236 उम्मीदवार को 100 पर्सेंटाइल अंक मिले जबकि इस लिहाज से राजनीति विज्ञान दूसरे नंबर पर रहा जहां ऐसे उम्मीदवारों की संख्या 2,065 रही। 1669 उम्मीदवारों के साथ बिजनेस स्टडीज तीसरे नंबर पर रहा। इसके अलावा जिन विषयों में 100 पर्सेंटाइल पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 1,000 से अधिक रही, उनमें जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान शामिल हैं। विश्वविद्यालयों द्वारा मेधा सूची तैयार की जाएगी, जो सीयूईटी-यूजी स्कोर के आधार पर अपनी काउंसलिंग के बारे में तय करेंगे।

## दिल्ली पुलिस की क्रैश रिपोर्ट में आपराधिक मामलों का विश्लेषण

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करना और तेज गति से वाहन चलाने को शहर में 2021 में हुई सड़क दुर्घटनाओं के दो प्रमुख कारण बताए हैं।

दिल्ली पुलिस द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट में 320 घातक सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का उल्लेख किया गया है, जबकि इस तरह के 886 मामलों के लिए इस तरह के किसी कारण को रेखांकित नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 277 घातक दुर्घटनाओं का कारण यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाना बताया गया है, जबकि इस तरह की 213 दुर्घटनाओं की वजह तेजी से यू-टर्न लेना बताया गया है तथा तीन मामलों के लिए सड़कों पर बगैर घेराव के निर्माण कार्य किए जाने को जिम्मेदार ठहराया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, त्रुटिपूर्ण सड़क इंजीनयरिंग या डिजाइन पांच दुर्घटनाओं की वजह रही हैं। एक दुर्घटना की वजह सड़क संकेतक के नहीं होने को बताया गया है।

# लैंडफिल साइट को लेकर भाजपा-आप में घमासान

## भाजपा की 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने की योजना : केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम चुनाव की सुगबुगाहट शुरू होते ही दिल्ली की राजनीति गरमा गई है। लैंडफिल साइट को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया विपक्षी पार्टी दिल्ली में 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने की योजना बना रही है। इससे लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। वह इसका सख्त विरोध करते हैं। ऐसे में शहर के हर इलाके में एक कूड़े का पहाड़ होगा। चौबीस घंटे दुर्गंध आएगी और दिल्ली कूड़े के पहाड़ों की राजधानी बन जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली नगर निगम में अगर आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर वह राष्ट्रीय राजधानी को सुंदर बना देंगे।

अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी आज अपनी शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विश्व भर में जानी जाती है। उनकी सरकार ने दिल्ली को तिरंगों, झीलों, पार्क और गार्डेन का शहर बना रही है। इसके उलट भाजपा शहर को कूड़े के पहाड़ में तब्दील कर रही है।

सीएम ने कहा कि शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी समेत कई क्षेत्रों में काफी सुधार किए, लेकिन सफाई व्यवस्था बहुत खराब है। मौजूदा तीनों कूड़े के पहाड़ भलस्वा, गाजीपुर व ओखला के आसपास रहने वाले लोगों की जिंदगी नरक है।

इन कचरे के ढ़ेर को खत्म करने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक तकनीक को लागू करने की कोशिश करनी चाहिए थी, लेकिन ये नहीं किए। हजारों करोड़े रुपये रुपये खर्च करने के बाद भी इन कूड़े के पहाड़ों की उंचाई कम होने के बजाय प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अगर देश की राजधानी इस तरफ कचरे का शहर बनाया गया, तो इससे दिल्ली समेत पूरे देश के लोग नाराज होंगे।

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता जी दिल्ली में भाजपा की उपलब्धि, उनके कूड़े के पहाड़ देखने कभी नहीं गए। उन्हें मेरा निमंत्रण है, समय और तारीख बताइए, साथ में चलते हैं कूड़े के पहाड़ देखने।

## अपने दावे की पुष्टि के लिए स्थानों के नाम बताएं सीएम: आदेश



प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व अन्य नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने कूड़े के पहाड़ के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के आरोपों को झूठा करार देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी है कि अगर उनके आरोपों में कोई सच्चाई है तो वे उन सभी 16 स्थलों का नाम बताएं जिन्हें उनके अनुसार कूड़े के पहाड़ बनाने की योजना है।

आप पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि दिल्ली की सत्ता में आने के बाद से आम आदमी पार्टी की सरकार केवल झूठ के दम पर जिन्दा है। अपने मंत्रियों और विधायकों को रोजाना नया झूठ गढ़ने के लिए दिल्ली सरकार ने झूठ का विश्वविद्यालय खोल दिया है जहां झूठ बोलने, गढ़ने और उसके प्रचार-प्रसार का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश भाजपा आदेश गुप्ता ने कहा कि कूड़े के पहाड़ पर मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों के आरोपों को बेहूदा और झूठा बताते हुए दावा किया कि नगर निगम का फंड लगातार रोक रखने के बावजूद निगम ने केंद्र सरकार के सहयोग से कूड़े को ठीकाने लगाने में कामयाबी पाई है।

नगर निगम ने केंद्र सरकार की मदद से गाजीपुर में 12.68 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हटाने में सफलता पायी है जिसके कारण यहां 16 एकड़ क्षेत्र में 50 फूट तक कूड़ा कम किया जा चुका है। इसी तरह भलस्वा में 80 लाख मीट्रिक टन कूड़ा है जिसमें से 26 लाख मीट्रिक टन हटाया जा चुका है और ऊंचाई 40 फुट कम हुई है। ओखला में भी 19.43 लाख मीट्रिक टन कूड़ा कम कर दिया और 25 एकड़ में 50 फूट ऊंचाई कम की गई है। अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए गुप्ता ने कहा कि आप संयोजक का दावा था कि वे भ्रष्टाचार के एकदम खिलाफ है।

## पार्टी के दौरान चली गोली, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सब्जी मंडी क्षेत्र में एक पार्टी के दौरान 19 वर्षीय एक लड़के की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नजीम कबीर बस्ती का निवासी था और उसके पड़ोसी राहुल ने उसे बृहस्पतिवार देर रात 12 बजकर 20 मिनट पर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नजीम भूरा नामक एक व्यक्ति के घर पर पार्टी में गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी ने गलती से गोली चलाई और वह नजीम की गर्दन में लगी।

# नाइजीरियाई महिला मंकीपॉक्स से संक्रमित

- दिल्ली का यह आठवां मामला, एलएनजेपी अस्पताल में चल रहा है इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी नाइजीरिया की 30 वर्षीय महिला मंकीपॉक्स से संक्रमित पाई गई है। यह राजधानी में इस संक्रमण का आठवां और देश में 13वां मामला है।

महिला को इलाज के लिए लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य महिला के मंकीपॉक्स से संक्रमित होने की आशंका है और उसे भी दिल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली में अभी तक मंकीपॉक्स के आठ मामले सामने आ चुके हैं। हाल में 30 वर्षीय एक महिला संक्रमित पाई गई है और उसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालात पर नजर रखी जा रही है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि जिस अन्य महिला के संक्रमित होने की आशंका है, वह भी नाइजीरियाई है और उसे 14 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्र ने बताया कि दिल्ली में संक्रमित पाया गया सातवां एवं आठवां मरीज भी अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने बताया, तीनों की स्थिति ठीक है। इन आठ मामलों में तीन पुरुष हैं।




एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि शुरुआत में मिले छह मरीजों का इलाज हो गया है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला 24 जुलाई को पाया गया था। एलएनजेपी अस्पताल को मंकीपॉक्स संक्रमण के मरीजों के उपचार के लिए नोडल स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है।

## ग्रांट संकट के चलते डीयू में वेतन कटौती, डूटा की हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के वित्त पोषित 12 कॉलेजों में ग्रांट और वेतन का संकट गहराता जा रहा है। दिल्ली सरकार की अनदेखी के खिलाफ डूटा ने एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया और डीयू वीसी ऑफिस गेट से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च किया।

डूटा अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज, लक्ष्मीबाई कॉलेज, श्यामलाल कॉलेज में दिल्ली सरकार के गवर्निंग बॉडी अध्यक्ष द्वारा शिक्षकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। साथ ही प्रिंसिपलों पर स्टूडेंट वेलफेयर फ़ंड के पैसे से सैलरी देने का दबाव बनाया जाता रहा है। प्रोफेसर भागी के अनुसार कि दिल्ली सरकार शिक्षकों के प्रति संवेदनहीनता की सीमा पार कर चुकी है। शिक्षक बारिश में भीगते हुए सड़क पर अपनी सैलरी केजरीवाल सरकार से मांगने को मजबूर है। सरकार का शिक्षा मॉडल बिना सैलरी वाला शिक्षक विरोधी मॉडल है। दिल्ली सरकार द्वारा शत प्रतिशत वित्तपोषित कालेजों के शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की सैलरी, प्रमोशन का एरियर का भुगतान बकाया है।

## संक्षिप्त समाचार



दौलत राम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिकरत करते छात्र।

### डीयू के दौलत राम कॉलेज में फिल्मयात्रा का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज की फिल्म और फोटोग्राफी सोसायटी मैजिक लैंटर्न एंड सेपिया ने फिल्मयात्रा का आयोजन किया। कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल प्रो. सरिता नंदा, संयोजक डॉ. मनीष के. चौधरी और सह संयोजक सुश्री मीनाक्षी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदुषी और खुशी विश्वास, सृष्टि और मोहित महावर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि चेतन चौधरी (सीवीएस) और मानसी (डीआरसी) को सर्वश्रेष्ठ पोशाक का खिताब दिया गया। सर्वश्रेष्ठ हास्य भूमिका अन्नुराती चिदंबरम को दी गई, जबकि काव्या और कनिष्क के साथ-साथ आदित्य और निकिता को सर्वश्रेष्ठ समूह प्रदर्शन से सम्मानित किया गया। प्रेजिडेंट आरुषि चौहान एवं वाईस प्रेजिडेंट आयुष्का गेहलोत एवं सदस्य के रूप मे सम्भवी, पोस्य पेगु ,भव्या सैनी, पुर्वासा और गौरी शर्मा ने कार्यक्रम का खूबसूरत संयोजन किया।

### के आर मंगलम यूनिवर्सिटी में विवाद प्रतियोगिता संपन्न



**नई दिल्ली।** के आर मंगलम यूनिवर्सिटी के एसजेएमसी विभाग ने युवाओं पर डिजिटल और सोशल मीडिया का प्रभाव पर विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके संचालक नाजरे हुसैन और एंकर मास्टर की छात्रा प्रवीणा श्रीवास्तव थी। इसमें तरफ प्रियांशु, लरेबेका, रितोम वहीं विपक्ष में डीनेल, साक्षी और हिमांशी रही। विवाद में सभी ने काफी उत्साह के साथ अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाने के लिए इस विवाद में भाग लिया। छात्रों ने सोशल मीडिया को लेकर कई बातें कहीं जिसमें कोरोना के दौरान सोशल मीडिया के लाभ और उससे हुई हानि का भी जिक्र किया। छात्रों ने प्रतियोगिता के दौरान आज कल हो रही साइबर क्राइम की भी चर्चाएं की इसी तरह और भी कई मुद्दों पर चर्चा हुई साथ ही दर्शकों ने भी अपना योगदान दिया। दोनों पक्षों से काफी सारे सवाल भी पूछे।

### हिन्दी सामान्य ज्ञान एवं कविता प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** हिन्दी दिवस पर हिन्दी अकादमी 13 से 18 सितंबर तक हिंदी सप्ताह मना रही है। शुक्रवार को अकादमी हिन्दी प्रसार केंद्र के पुस्तकालयों के पाठकों के लिए हिन्दी सामान्य ज्ञान और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अकादमी के अध्यक्ष डॉ. जीतराम भट्ट ने कहा कि लोगों के घरों से पुस्तकें गायब हो रही है जबकि पुस्तकें घर में जरूर होनी चाहिए। किताबों से से संस्कार आते हैं। विद्यार्थियों को हिन्दी के पुस्तकों के प्रति नीरसता दिखाई देती है। इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में हिंदी साहित्य और किताबों के प्रति रूचि बढ़ेगी। विजेताओं को क्रमशः प्रथम पुरस्कार 3,500, द्वितीय पुरस्कार 2,500 एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार 15,00 रुपए प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के समापन पर अकादमी के उप सचिव ऋषि कुमार शर्मा ने कहा पुस्तकों को अपने साथ रखिए, उसके साथ भ्रमण कीजिए फिर देखिए कितना ज्ञान बढ़ेगा।

## जौहरीपुर में मकान की छत ढही महिला समेत सात घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जौहरीपुर एक्सटेंशन में शुक्रवार को एक मकान की छत ढह जाने से एक महिला समेत सात लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दो लोगों के मलबे नीचे दबे होने की आशंका है।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस के एक दल, दिल्ली दमकल विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अधिकारियों ने बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि एक महिला समेत सात लोगों को मलबे से बाहर निकालने के बाद दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि मजदूर घर की मरम्मत के कार्य में जुटे थे, तभी अचानक घर की पहली मंजिल की छत ढह गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में कानूनी कार्वाई की जा रही है। दिल्ली दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया, अपराह्न 12 बजकर करीब दो मिनट पर फोन के जरिए घटना की जानकारी दी गई थी।

सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान अभी भी जारी है।

## अप्रैल से अब तक 1100 पालतू कुत्तों का पंजीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने एक अप्रैल से अब तक करीब ।,100 पालतू कुत्तों का पंजीकरण किया है। दरअसल, निगम ने हाल के दिनों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के मकसद से एक प्रयास शुरू किया है।

दिल्ली नगर निगम ने 11 सितंबर को निवासियों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर अपने पालतू जानवरों का पंजीकरण करवाने के लिए कहा था। एमसीडी ने मानदंड का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अधिकारी ने कहा, अप्रैल से अब तक लगभग ।,100 कुत्तों का पंजीकरण किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने बदली देश की राजनीति: मनोहर लाल



मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में प्रथम बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह चरितार्थ कर दिखाया है कि सत्ता के माध्यम से भी श्रेष्ठ जनसेवा की जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन की पूर्वसंध्या पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रेरणीय व अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की छवि बदल दी है। अब राजनीति में सेवा व कर्तव्यपराणता के भाव का विस्तार हुआ है। भारत लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है और वह दिन दूर नहीं जब भारत पुन: विश्व गुरू बनेगा।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा को उत्कृष्टता की भूमि बताते हुए कहा कि निवेशकों व उद्यमियों के लिए आज हरियाणा सर्वाधिक प्राथमिकता वाला राज्य बन चुका है। हरियााणा ने कृषि, खेल व शिक्षा क्षेत्र में बहुत उन्नति की है।

यहां पूरे देश में सर्वाधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चल रही हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान व कल्याण की दिशा में हरियाणा में अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2030 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को क्रियान्वित किए जाने का लक्ष्य है, जबकि हरियाणा वर्ष 2025 तक इसे क्रियान्वित करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है।

# सरकारी स्कूलों के 1141 छात्र जेईई-नीट परीक्षा में पास

- त्यागराज स्टेडियम में 28 उत्तीर्ण छात्रों को सीएम केजरीवाल ने किया सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और साथ में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में सरकारी स्कूलों के 1141 छात्रों ने इस वर्ष जेईई और नीट परीक्षाएं पास की है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसका श्रेय दिल्ली के सरकारी स्कूलों में उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया है। त्यागराज स्टेडियम में आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के टॉपरों को सम्मानित को किया गया। केजरीवाल ने कहा कि देश भर के 18 करोड़ बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं और उनमें से ज्यादातर की स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने जो काम सरकारी स्कूलों में किया है उसी तरह से ही शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारा जा सकता है, उच्च स्तर की शिक्षा के कारण ही राजधानी के सरकारी स्कूलों के ।,141 छात्रों ने जेईई और एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है। इ दौरान मुख्यमंत्री ने जेईई और एनईईटी परीक्षा पास करने वाले 28 छात्रों को सम्मानित किया। केजरीवाल ने कहा कि पहले यह धारणा बनाई गई थी कि सरकारें स्कूल नहीं चला सकती हैं और ऐसे स्कूलों को निजी हाथों में सौंप दिया जाना चाहिए या सीएसआर पहल के माध्यम से संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा दान की चीज नहीं है, यह अधिकार है। अगर हम हर बच्चे को अच्छी शिक्षा दें तो देश से गरीबी को मिटाया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज का दिन सरकारी स्कूल सिस्टम के लिए गर्व करने का दिन है। क्योंकि सरकारी स्कूलों में नीट और जेईई का एग्जाम क्वालीफाई किया है। देश में हर साल 9 लाख बच्चे जेईई और 17 लाख बच्चे नीट की परीक्षा देते है।

## निगम वार्डों के परिसीमन से कांग्रेस नेता नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के एकीकरण के बाद निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से भाजपा पर हमलावर है। ग्रह मंत्रालय की ओर से वार्डों के परिसीमन का पार्टी विरोध कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा लगातार निगम चुनावों को टालने की कोशिश कर रही है।

दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने भाजपा के प्रभाव में परिसीमन करके 272 वार्डों को कम करके 250 कर दिया गया है। परिसीमन ड्राफ्ट के सामने आने के बाद यह प्रतीत होता है कि परिसीमन करने में भाजपा ने अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए राज्य चुनाव आयोग का भरपूर प्रयोग किया अनिल कुमार ने कहा कि निगम वार्डों के परिसीमन ड्राफ्ट का कांग्रेस विरोध करती है।

# तबादले से शिक्षकों की कमी होने पर ग्रामीणों ने जड़ा स्कूल पर ताला

## राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में राठीवास, दिनोकरी व भुड़का गांव से पढ़ने आते हैं विद्यार्थी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के खंड पटौदी के गांव राठीवास में शिक्षकों की कमी पर स्कूल के गेट पर ताला लगाकर बाहर बैठी छात्राएं व ग्रामीण।

**हरियाणा** सरकार की ऑनलाइन तबादलों में शिक्षकों के हाल ही में हुए तबादलों से प्रदेशभर में भूचाल आया हुआ है। रोजाना कहीं ना कहीं से स्कूलों पर ताले लगाने की सूचनाएं आती हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला के गांव राठीवास में शिक्षकों की कमी की वजह से स्कूल पर ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया। पटौदी खंड के गांव राठीवास में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में राठीवास के अलावा दिनोकरी व भुड़का गांव के विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। यानी तीन गांवों का यह एक ही स्कूल है। हाल ही में शिक्षकों के हुए ऑनलाइन तबादलों से यहां के काफी शिक्षकों का तबादला हो गया, लेकिन उनके स्थान पर नए शिक्षकों को नहीं लगाया गया। इस कारण छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। इसी के चलते शुक्रवार को ग्रामीण एकत्रित होकर स्कूल पहुंचे और स्कूल के गेट पर तला लगा दिया। गेट पर ताला लगाने के बाद ग्रामीण महिलाएं, पुरुष स्कूल के गेट के बाहर छात्राओं के साथ धरने पर बैठे। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार को तबादले करने के साथ यह भी देखना चाहिए कि बहुत से स्कूलों से कई-कई शिक्षकों के तबादले हो गए हैं। ऐसे में की पढ़ाई किस तरह से सुचारू हो पाएगी। स्कूल में ताला लगाने की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके अलावा अधिकारी भी ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उनकी बात सुनी।

### शिक्षकों की तैनाती न होने पर करेंगे हाईवे जाम

**ग्रामीणों** ने कहा कि जब तक स्कूल में शिक्षकों की कमी को पूरा नहीं किया जाता, स्कूल को बंद रखा जाएगा। यहां छात्राओं का भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर जल्द ही स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती है तो वे हाइवे को भी जाम कर देंगे।

# सेक्टर-17 वार्ड-5 से कटा सम्पर्क तो विधायक से लगाई फरियाद


गुरुग्राम में विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपते सेक्टर-17 के लोग।

**गुरुग्राम।** यहां एमजी रोड स्थित इफको चौक से पहले सेक्टर-17 वार्ड-5 में आता है। सेक्टर-17ए व वार्ड के बीच में एयरफोर्स काम्पलेक्स है। इस कारण से वहां लोगों को पार्षद के पास जाने के लिए दूसरे रास्ते से करीब छह किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। लोगों की मांग है कि पहले यह सेक्टर सुखराली में था। अब उसे वापस सुखराली में शामिल किया जाए। इस परेशानी को लेकर शुक्रवार को लोग यहां विधायक सुधीर सिंगला के पास पहुंचे और उनसे इसका हल निकलवाने की गुहार लगाई। सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन अमित गोयल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-17 आरडब्ल्यूए सचिव सोमदत्त शर्मा, विधायक गुरुग्राम के निजी सहायक कपिल अग्रवाल, सेक्टर-17 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, अमित यादव सेक्टर-17 आरडब्ल्यूए सचिव समीर भल्ला, विधायक गुरुग्राम के निजी सचिव आरपी सिंह, निशान्त अहलावत आदि ने विधायक को सौंपे गए पत्र में वार्ड-17 की कई समस्याएं हैं। इसमें एयरफोर्स कॉम्प्लेक्स की वजह से सेक्टर-17 का बाकी के वार्ड से संपर्क कटने के कारण वार्ड-5 से वार्ड-6 में स्थानांतरण हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीटीपी विभाग का सोहना में दो स्थानों पर चला पीला पंजा


सोहना के गांव लाखूवास में शुक्रवार को डीटीपी विभाग द्वारा अवैध कॉलोनी में चलता पीला पंजा।

**सोहना।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने सोहना क्षेत्र में दो स्थानों पर अवैध कालोनियों में पीला पंजा चलाकर प्लाटों की चार दीवारों को धराशाही किया। अवैध कॉलोनी काटने वाले डीलर दूर से ही तमाशा देखते रहे। शुक्रवार को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने सोहना नगर परिषद के वार्ड 7 के गांव लाखूवास व खंड के गांव सिलानी में काफी जा रही अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलाया। दोनों ही स्थानों पर 6 से 7 एकड़ में कृषि योग जमीन पर छोटे-छोटे प्लाट काट कर बेचे जा रहे थे। जिसका डीटीपी विभाग की तरफ से करीब एक माह पहले औचक निरीक्षण के दौरान चिह्नित किया गया था। दोनों ही स्थानों पर प्लाट खरीददारों ने दो से तीन फुट की ईंट से चार दीवारी की हुई थी। डीटीपी विभाग टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग पर चलाई जा रही जेसीबी को दूर खड़े होकर मालिक व बेचने वाले देखते रहे। अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करने के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जिसके कारण अवैध निर्माण गिराने के दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। विभाग के जेई प्रवेश ने बताया कि जल्द ही सोहना क्षेत्र में काफी जा रही अन्य अवैध कॉलोनियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### रात में डेढ़ लाख रुपये नकद और जेवरात चोरी हुए

**सोहना।** भोंडसी में रात के समय में घर में घुसे चोर डेढ़ लाख रुपये नकदी और लाखों रुपये के जेवरात चोरी करके ले गए। घर में सौ रही महिला को सुबह होने पर कमरों में बिखरा पड़ा सामान को देख परिजनों को बुलाया। पुलिस ने पीड़िता महिला की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद चोरों की खोज शुरु कर दी है। भोंडसी निवासी सरला देवी ने स्थानीय पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह चार बजे के लगभग उसकी नींद खुली। उसने देखा घर के कमरों में सामान व कपड़े बिखरे पड़े हुए हैं। जिसकी सूचना उसने अपने देवर अशोक को फोन करके दी। करीब 30 मिनट में अशोक उसके घर पर आया। उसकी मदद से पुलिस को सूचना दी। स्थानीय थाना से पहुंची पुलिस ने फिंगर प्रींट एक्सपर्ट टीम को बुलाया। टीम जाने के बाद सरला ने घर से चोरी हुआ सामान की तलाश की। तलाशी के दौरान सरला को घर के अंदर रखें डेढ़ लाख रुपये गायब मिले। इसके अलावा सोना व चांदी के 15 से 20 आभूषण गायब मिले। जिनकी कीमत 2 से 3 लाख रुपये के लगभग है। पुलिस ने सरला देवी के मकान के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों समेत अन्य तरीकों को अपनाते हुए चोरी का खुलासा करने में जुट गई है।

### ट्यूशन गया किशोर संदिग्ध हालत में हुआ लापता

**सोहना।** भोंडसी चौकी पुलिस क्षेत्र में घर से ट्यूशन के लिए निकला 14 वर्षीय किशोर 18 घंटे बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटा। संदिग्ध हालत में लापता किशोर के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही तलाश शुरू कर दी है। भोंडसी चौकी क्षेत्र के गांव रिठौज में रहने वाले राजेश ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कनव कक्षा 8वीं में पढ़ता है। गुरुवार की शाम 4 बजे वह रोजना की तरह से ट्यूशन पढ़ने के लिए गया था, लेकिन ट्यूशन पढ़ने के बाद वापस नहीं आने पर उसकी तलाश की गई। ट्यूशन शिक्षक ने बताया कि कनव उनके पास गुरुवार को नहीं आया। पीड़ित पिता राजेश ने बताया कि उन्होने अपनी सभी रिश्तेदार और जानकारों के यहां पर पता कर लिया है, लेकिन 18 घंटा बीत जाने के बाद भी उसके बेटा का कोई सुराग नहीं लग सका है। वहीं पुलिस ने लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंच सुंदर लाल को किया सम्मानित


सरपंच सुंदर लाल को सम्मानित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**गुरुग्राम।** जिले के गांव सिकंदरपुर बढ़ा के सरपंच सुंदर लाल को जनहित में बेहतर कार्यों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सम्मानित करके उनकी पीठ थपथपाई है। साथ ही उन्हें आगे भी इसी तरह से जनसेवा में जुटे रहने को मुख्यमंत्री ने प्रेरित किया। बता दें कि सरपंच सुंदर लाल के क्षेत्र में अनेक सोसायटी भी बन चुकी हैं। इन सोसायटियों में रहने वाले लोग भी अपनी समस्याएं लेकर उनके समक्ष पहुंचते हैं। सुंदर लाल तुरंत उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने की कड़ी बनते हैं। वे प्रशासन, पुलिस तक लोगों की बात पहुंचाते हैं। अगर वहां से बात नहीं बनती है तो फिर वे जनप्रतिनिधियों तक उन समस्याओं को लेकर जाते हैं। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के माध्यम से उन्हें बिजली, पानी, सड़कों का समाधान कराया है। इसके अलावा बिल्डर की ओर से सोसायटियों में छोड़ी गई कमियों को लेकर परेशानी लोगों की सहायता में भी साथ खड़े रहते हैं। मानेसर क्षेत्र में वे लगातार लोगों की समस्याओं का समाधान कराने के साथ अन्य सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी होती है। स्कूलों में व्याप्त समस्याओं को भी उन्होंने दूर कराया है। सरपंच सुंदर लाल का कहना है कि वे जनसेवक बनकर काम करते हैं। उनका मानना है कि कोई व्यक्ति अगर उम्मीद लेकर आता है तो उसे नाउम्मीद नहीं किया जाना चाहिए। उसकी समस्या के समाधान के प्रयास जरूर होने चाहिए। यही काम वे करते हैं। गांव की छोटी पंचायत के मुखिया होने के नाते गांव के लिए उनकी प्रतिबद्धता तो है ही, साथ में अब आसपास के लोग भी परेशान होते हैं तो वे उन तक पहुंचना अपना फर्ज समझते हैं। उन्होंने विधायक सत्यप्रकाश जरावता का भी आभार जताया है कि वे जनता की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान करते हैं।

# सोहना नगर परिषद सीमा क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटों में 60 फीसदी खराब

## सोहन नप सीमा क्षेत्र में लगी 5200 स्ट्रीट लाइट में से तकरीबन 300 हैं खराब

## शहरी क्षेत्र की सड़कों पर पिछले करीब चाह माह से छाया हुआ अंधेरा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में लगी 5200 स्ट्रीट लाइट में से 60 से 65 फीसदी तकरीबन 300 खराब हैं। जिसके कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर पिछले करीब चाह माह अंधेरा छाया हुआ है। नगर परिषद सीमा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण रात की जिम्मेदारी चांद तारों पर छोड़ी हुई है। स्ट्रीट लाइट खराब होने का सिलसिला हर माह बढ़ता जा रहा है। जिससे वर्तमान समय में 2700 से 2800 के लगभग स्ट्रीट लाइट खराब लटकी है। स्ट्रीट लाइट के पोल बाजार, कॉलोनी और सड़कों के किनारे शौ पीस बनकर रह गई है।

> **निगम** कमिशनर के पास स्ट्रीट लाइट ठेका छोड़ने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पत्र लिखकर अनुमति मांगी गई है। मंजूरी मिलने के साथ ही ठेका छोड़ने की कवायद शुरू कर दी जाएगी।
>
> **दिगम्बर सिंह**
> **( जेई नप )**

घरों में कैद होने को मजबूर शहरवासी अब रात के अंधेरे में किसी गर्क के लिए भी अपने घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे है। ज्ञानचंद का कहना है कि वह बालूदा मार्ग पर रहता है। इस मार्ग पर 80 फीसदी स्ट्रीट लाइट खराब है रात के समय में सड़क पर भी जान हथेली पर लेकर चलना होता है।

बाइक सवार तेजी से रात में सड़क पर दौड़ते है। मोबाइल व चौन स्नेचिंग की वारदात घटित होने के कारण महिलाएं अपने घरों में कैद होकर रहती है। माथ राम का कहना है कि हर से वार्ड 3 के गांव लोहटकी सिरसका जाने वाले मार्ग पर पिछले एक साल से 30 से 40 फीसदी लाइटें खराब है। जिन्हें कभी कभार ही ठीक किया जाता है।

ठेकेदार की तलाश देरी से नगर परिषद सीमा क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करने के लिए नगर परिषद ने ठेकेदार की खोज शुरू कर दी है। लेकिन यह खोज परिषद अधिकारियों को जुलाई माह मे करनी चाहिए थे। क्योंकि राघव इलैक्ट्रॉनिक का ठेका एक अगस्त को समास हो गया था।

# शहर के तीन स्थानों पर बनेंगी पार्किंग, अवैध पार्किंग व जाम से मिलेगी मुक्ति : एसडीएम

## एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने अधिकारियों के साथ शहर के तीन ऐसे स्थानों को पार्किंग के लिए चुना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** की बाजारों से लेकर आम सड़क-रास्ते और चौक-चौराहों को अवैध पार्किंग से जल्द मुक्त किया जाएगा। शहर में तीन स्थानों पर पार्किंग सुविधा देकर योजना की शुरूआत की जाएगी। जिससे शहर में लगने वाले अवैध पार्किंग से जाम से भी निजात मिलेगी। शहर को अवैध पार्कि ग और जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन ने योजना तैयार करके अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी है। शुक्रवार को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया। दौरे में तीन ऐसे स्थानों को चुना है। जहां पर पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। वाहन चालक अपने वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करके बाजार में खरीददारी के लिए जा सकेंगे।

### कहां-कहां बनेंगी पार्किंग

**एसडीएम** ने शुक्रवार को पार्किंग सुविधा देने के उद्देश्य से शहर में दौरा करने पर तीन स्थानों का चयन किया है। जिसमें नागरिक अस्पताल, एसडीओ बिजली निगम कार्यालय के निकट और पुराना तहसील परिसर शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के निकट। जिनमें वाहनों को खड़ा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिससे सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर वाहन खड़े न हो सकें। इस स्थानों को जल्द ही ठीक कराया जाएगा।

> **पार्किंग** सुविधा के लिए फिलहाल शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है। यह सुविधा पांच दिनों के भीतर वाहन मालिकों को मिलने लगेगी। सार्वजनिक स्थानों व सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को जब्त किया जाएगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम सोहना )**


शहर के पुरानी तहसील परिसर में पार्किंग स्थल बनाने को निरीक्षण करते एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाए गए माइक्रो सर्विस कैम्प


गुरुग्राम के बंधवाड़ी गांव स्थित द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन में बुजुर्गों, असहायों के आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र बनाने का कार्य करते कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, कानूनी सहायता समिति स्कूल ऑफ लॉ जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के सहयोग से शुक्रवार को द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन गांव बंधवाड़ी और मंडावर में माइक्रो सर्विस शिविर आयोजित किए गए।

शिविरों में आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र बनाने का काम किया गया। इस वरिष्ठ नागरिकों जिन्हें उनके घरवालों ने आश्रम म छोड़ दिया या जिन्हें आश्रम के लोगों ने रेस्क्यू किया है, उनके पास कोई पहचान पत्र नहीं था। यहां उनके आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र बनाए गए, ताकि उनको ओल्ड एज पेंशन मिल सके। इसके अलावा शिविर में नागरिक अस्पताल की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर और बूस्टर डोज भी लगायी गयी। फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा उनकी जांच भी की गयी। कानूनी सहायता समिति, स्कूल ऑफ लॉ, जी.डी. गोयनका विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और 12 पैरा लीगल स्वयंसेवकों की एक टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ बातचीत की। उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने भी वरिष्ठ नागरिकों का उत्साह बढ़ाने के लिए नृत्य और गायन किया। इस अवसर पर अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष जस कालरा ने इस कार्य को सराहा।

# करदाताओं को एक मुश्त किश्त देने पर मिलेगी ब्याज की माफी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद शहर के संपत्ति कर दाताओं से एक बार में कुल राशि का जमा करने पर ब्याज नहीं लेगी। यह छूट 31 दिसम्बर तक संपत्ति कर दाताओं के लिए जारी रहेगी। संपत्ति कर आईडी में तत्काल में त्रुटियों को ठीक करने के लिए पांच हजार रुपये की फीस जमा करानी होगी।

नगर परिषद ने अपना संपत्ति कर को अधिक से अधिक वसूली और डिफाल्टर कर दाताओं को संपत्ति कर में विशेष छूट देने के लिए ब्याज माफ करने का ऐलान किया है। प्रदेश सरकार की इस ब्याज माफी योजना का लाभ वर्ष 2010 से 2022 तक प्रॉपर्टी टैक्स राशि जमा न करने वाले प्रॉपर्टी धारकों को मिलेगी। यह छूट केवल कर दाता को अपनी पूरी राशि एक बार में ही जमा कराने पर मिलेगी। जिसके लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने परिषद विभाग के आदेश दे दिए हैं।

> **बकाया** कर दाता ब्याज माफी योजना को लाभ उठाते हुए अपने कर को 31 दिसम्बर तक जमा करा दे। योजना का लाभ कर दाता के साथ-साथ नगर परिषद को भी होगा।
>
> **अतर सिंह**
> **( कार्यकारी अधिकारी नप )**

**करोड़ों रुपये का संपत्ति कर बकाया :** नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2010 से अब कुल 52 हजार 343 कर दाताओं में 50 से 60 फीसदी कर दाता ऐसे है। जिनके पास लाखों रुपये का संपत्ति कर बकाया है। जिसमें निजी प्रॉपर्टी मालिक, अस्पताल, सासयटी, स्कूल, होटल आदि शामिल हैं। जिसकी वसूली के लिए परिषद कई बार लिखित नोटिस भी जारी करती रही है।

**तत्काल समाधान पर देने होंगे 5 हजार :** हाल ही में नगर परिषद ने सर्वे कंपनी याशी द्वारा रिपोर्ट सौंप देने के बाद संपत्ति को ऑनलाइन कर दिया है, लेकिन सर्वे कंपनी की कार्यप्राणाली पर आज भी उंगलियां उठ रही हैं।

ऐसे में अपनी संपत्ति आईडी की गतियों को तुरन्त प्रभाव से ठीक कराने के लिए उपभोक्ता को 5 हजार रुपये की फीस जमा करानी होगी। जिसके आधार पर मात्र दो दिन में संपत्ति आईडी को ठीक कर दिया जाएगा। सामान्य रूप से यह कार्य करीब 30 दिन में ठीक हो पाएगा।

# मानव आवाज की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज

**गुरुग्राम।** मानव आवाज संस्था की ओर से शनिवार को एमजी रोड स्थित कोरस बैंक्वेट प्रबंधन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8:30 बजे से 02:30 बजे तक महरौली रोड पर एसबीआई के सामने स्थित कोरस बैंक्वेट में लगाया जाएगा।

पंजीकरण सुबह 8 से 10 बजे तक होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत वशिष्ठ व अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि इस शिविर में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस शिविर में डा. लीवर एवं किडनी विशेषज्ञ (जनरल फिजिशियन) केवीजीएस मूर्थी, कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. आर्यन मित्तल, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. मोहित चौधरी लोगों की जांच करेंगे।

# भाजपा की विचारधारा पसंद करने वाले हर व्यक्ति का भाजपा में स्वागत : ओमप्रकाश धनखड़

## ओपी धनखड़ की मौजूदगी में 15 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


जेजेपी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए महेश चौहान व कार्यकर्ताओं का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**शुक्रवार** को गुरुग्राम में जेजेपी के संस्थापक सदस्य एवं उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के विशेष सचिव रहे महेश चौहान की अगुवाई में जेजेपी के अनेक हलका प्रधानों, उपाध्यक्षों, जिला कार्यकारिणी सदस्यों, हलका सचिवों, महासचिवों व जेजेपी से जुड़े पार्षदों सहित 150 कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने इन सभी को भाजपा का पटका पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर पाटीज़ में ज्वाइन करवाया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जेजेपी से आए सभी पदाधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से भी अवगत कराया। धनखड़ ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा पहले देश, फिर पार्टी और फिर कार्यकर्ता के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है। उन्हें उम्मीद है कि भाजपा ज्वाइन करने वाले सभी कार्यकर्ता इस सिद्धांत पर चलते हुए देश और पार्टी की सेवा करेंगे। धनखड़ ने विश्वास भी दिलाया कि भाजपा में आने वाले सभी को सीनियरटी के हिसाब से मान-सम्मान दिया जाएगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में धनखड़ ने साफकिया कि हमारा गठबंधन मजबूत है और आगे भी मजबूत रहेगा। धनखड़ ने कहा कि भाजपा विचारों की पाटीज़ है और जिनको भाजपा की विचारधारा पसंद आ रही है वे पार्टी में शामिल हो रहे हैं। अच्छी बात है कि उन्हें भाजपा की विचारधारा पसंद आई। भाजपा ज्वाइन करने वाले महेश चौहान ने कहा कि बीजेपी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शासन एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा ज्वाइन की है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, महेश चौहान, कमल यादव, हरविंद्र कोहली, कार्यालय प्रमुख सुनील कोहली, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, जिला महामंत्री महेश चौहान, मनीष गाड़ौली, उषा प्रियदर्शी, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बस की टक्कर से पलटे ऑटो में सवार मां-बेटी और चालक घायल

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से ऑटो में सवार मां-बेटी समेत चालक भी घायल हो गया। हादसा होने के आठ दिन बाद पीड़ित महिला द्वारा दी गई शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना बादशाहपुर का गांव दरबारीपुर निवासी सुनीता पुलिस पुलिस को बताया कि 8 सितम्बर को वह अपनी बेटी संजना को लेकर सोहना आ रही थी। उसने सोहना आने के लिए ऑटो किराए पर किया था। जब वे सोहना की चुंगी नंबर एक के निकट सर्विस रोड पर ऑटो में चल रहे थे। उसी समय पोछे से सोसायटी की बस तेजी से आई। जिसके चालक ने ओटो को ऑवर टैक करने के दौरान बस का पिछला हिस्सा टकरा गया। जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया। ऑटो पलटने से उसे , उसकी बेटी और ऑटो चालक को चोट लगी। तीनों घायलों को अलग-अलग अस्पताल में दाखिल कराया गया।

# नेपाल की मात्र आठ दिन की बच्ची की गुरुग्राम में कैंसर की सफल सर्जरी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में अपने माता-पिता के साथ नेपाल की बच्ची, जिसकी यहां सफल सर्जरी की गई।

**नेपाल** की मात्र आठ दिन की एक बच्ची को गुरुग्राम में जीवनदान मिला है। जन्म से ही वह कैंसर लीवर ट्यूमर की दुर्लभ किस्म हिपाटोब्लास्टोमा से ग्रस्त थी। हिपेटोब्लास्टोमा एक दुर्लभ ट्यूमर (असामान्य किस्म का टिश्यू ग्रोथ) है, जो लीवर की कोशिकाओं में पैदा होता है। यह शुरुआती बाल अवस्था में कैंसरस (मैलिग्नेंट) लीवर ट्यूमर होता है। जिसकी संभावना प्रति मिलियन में 1.2 होती है, जबकि जन्मजात हिपेटोब्लास्टोमा और भी दुर्लभ होता है। नवजातों में लिवर ट्यूमर्स का डायग्नॉसिस एवं उपचार काफी चुनौतीपूर्ण होता है।

उपचार के लिए बच्ची को यहां फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पेट की अल्ट्रोसोनोग्राफी की गई, जिससे पता चला कि उसके लीवर के दो सैगमेंट्स में ट्यूमर (3.7×2.4×3.8 सेंटी मीटर) हैं। बच्ची की तुरंत कीमोथैरेपी शुरू की गई। इसके बाद सर्जरी तथा उसके बाद फिर से कीमोथैरेपी दी गई। प्रिंसीपल डायरेक्टर, पिडियाट्रिक हिमेटोलॉजी, ओंकोलॉजी एंड बीएमटी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रिंसीपल डायरेक्टर डा. विकास दुआ के मुताबिक नेपाल से यहां लायी गई बेबी क्षिरसा रिमल श्रेष्ठ मात्र आठ दिन की हुई तो उसके लीवर में बीमारी का पता चला। जिसका एंटीनेटल स्कैन में पता चला था।

**बच्ची की कम उम्र में सर्जरी थी चुनौतीपूर्ण :** नवजात की उम्र के चलते यह मामला काफी चुनौतीपूर्ण था। शिशु ने ना सिर्फ कीमोथैरेपी को झेला, बल्कि इस मामले में कोई बड़े साइड इफेक्ट्स भी सामने नहीं आए। जिन जोखिम ग्रस्त शिशुओं के मामले में कीमोथैरेपी और रीसेक्शन का रिस्पॉन्स अच्छा मिलता है, उनके आगे उपचार की संभावनाएं भी बेहतर होती हैं। कीमोथैरेपी की डोज काफी कम रखी गई थी। इसलिए सर्जरी में काफी सावधानी बरतनी थी। यह मैलिग्नेंट ट्यूमर का मामला था। ऐसे में लीवर फेल भी हो सकता था और शिशु के लिए यह जीवनघाती हो सकता था। सफल सर्जरी के बाद अब बच्ची 3 महीने की हो चुकी है। अस्पताल के पिडियाट्रिक ओंकोलॉजी में उसका लगातार उसका फोलो अप लिया जा रहा है। बच्ची के सफल उपचार में डॉ. विकास दुआ के अलावा डॉ. अरुण दानेवा, डॉ. मीनाक्षी बंसल, डॉ आनंद सिन्हा, डॉ. टीजे एंथली की टीम की भूमिका रही।

# पेंशन धारक परेशान, नहीं आ रही 10 महीने से पेंशन

कविता। फरीदाबाद

**पिछले** दस माह से दिव्यांगजनों और विधवा पेंशन नहीं आ रही है। पेंशन नहीं मिलने से दिव्यांगजन जिला समाज कल्याण विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उन्हें बताया कि चंडीगढ़ से पेंशन बंद है, वहां जाकर पता करों कहकर पल्ला झाड़ दिया है। पेंशन धारकों ने मंत्री और डीसी को शिकायत दी है। लेकिन अभी तक भी दिव्यांगजनों और विधवाओं की पेंशन नहीं आई है।

करीब पांच दिन पूर्व शिकायत लेकर पहुंचे दिव्यांगजन का आरोप है कि विभाग के अधिकारी उनकी बात सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। जिला समाज कल्याणा विभाग की नई नियुक्त अधिकारी ने फरियाद लेकर

### पूछने पर कहा गया, 'पेंशन चंडीगढ़ से रोकी गई है। आप चंडीगढ़ जाकर पता कीजिए।'

पहुंचे दिव्यांगजनों और विधवाओं को कहा कि 'पेंशन चंडीगढ़ से रोकी गई है, ऐसे में वह क्या करें। आप चंडीगढ़ जाकर पता कीजिए।' उनके द्वारा यह कहे गए वाक्यों को परेशान लोग सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। वहीं एक पक्ष से इसकी सूचना मंत्री मूलचंद शर्मा को दी तो उन्होंने आश्वासन दिया। अधिकारी की शिकायत डीसी दफ्तर में सोमवार को की है। बुजुर्ग राजाराम की अप्रैल माह में मृत दिखाकर बंद की पेंशन




अब तक चालू नहीं हुई। लोगों को समझ नहीं आ रहा कि आखिर पेंशन क्यों नही आ रही है। पेंशन का इंतजार कर रहे कुछ दिव्यांगजनों और विधवाओं ने बताया कि उन्होंने इस विषय में पूछताछ की थी, तो उन्हें फैमली आईडी जमा करने के लिए कहा गया था। जिसे उन्होंने कई महीने पहले जमा करवा दिया था, लेकिन उसके बाद भी पिछले दस माह से बंद पेंशन नहीं आई है।

दौलताबाद निवासी ज्योति के पैर में दिक्कत हैं। उनका आरोप है कि विभाग में पहुंचकर उन्होंने पेंशन न मिलने की शिकायत की थी। लेकिन अधिकारी ने उन्हें चंडीगढ़ जाने को कहकर अपना पल्ला झाड़ दिया। उन्होंने इसे सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। अब तो बंद पेंशन को चालू करवाने के निर्देश भी जारी हो चुके हैं, लेकिन शुक्रवार तक शुरू नहीं हुई।

चावला कालोनी की एक विधवा की पेंशन, जवाहर कालोनी, डबुआ, ओल्ड फरीदाबाद, भीम बस्ती निवासी लोग भी पेंशन न मिलने की शिकायत लेकर विभागीय अधिकारियों के पास पहुंचे। लेकिन किसी ने भी शिकायत नहीं सुनी और वह घंटों भटकते रहे। उनका कहना है कि उनके खाते में सितंबर 2021 के बाद से अभी तक पेंशन की राशि नहीं पहुंची है। शिकायत करने वाले ज्यादातर दिव्यांगों का कहना है कि उन्हें दस महीने से से पेंशन नहीं मिली।

## सीएम घोषणा के तहत नंबरदारों को मिलेंगे स्मार्ट फोन : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा प्रदेश में नंबरदारों को स्मार्टफोन देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत मोबाइल वितरण का कार्य तहसील स्तर पर किया जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार 17 सितंबर 2022 को फरीदाबाद, सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में स्मार्ट फोन वितरित किए जाएगे। उपायुक्त विक्रम ने बताया कि सीएम मनोहर लाल ने सरकार द्वारा नंबरदारों को उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए स्मार्ट फोन देने की घोषणा की थी। स्मार्ट से नंबरदारों का कार्य आसान होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल के विद्यार्थियों ने किया वृद्धाश्रम का दौरा



**फरीदाबाद।** नारायण विद्या निकेतन स्कूल हसनपुर भिड़ूकी (होडल) के बच्चों ने एनएच-2 स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम का दौरा कर वृद्धों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना तथा उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बच्चों ने वृद्धों के लिए गाने गाए और उन्हें चुटकुले भी सुनाए। वृद्धों ने भी बच्चों को अपने जीवन के खट्टे मीठे किस्से सुनाए। वृद्धों ने बच्चों को बताया कि किस तरह उन्हें स्कूल में पढ़ने के लिए मीलों पैदल जाना पड़ता था, क्योंकि उनमें पढ़ने का जूनून था। उन्होंने बताया कि बच्चों हमेशा अपने गुरूजनों का आदर करना चाहिए क्योंकि यही आपके भविष्य के निर्माता है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संचालक कृष्ण लाल बजाज ने कहा कि बच्चे तो भगवान का रूप होते है। उन्होंने कहा कि बच्चों के इस तरह वृद्धों से मिलने पर वृद्धों का भी मन लगता है और बच्चों में भी अपने माता पिता के प्रति आदर और सम्मान का भाव पैदा होता है। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसीपल और अध्यापक मौजूद थे।

### महिलाओं को पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने को किया प्रेरित



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में राजकीय कन्या महाविद्यालय में पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण माह में महिला एवं स्वास्थ्य', 'खेलो एवं पढ़ो' तथा 'पोषण' विषयों पर स्लोगन प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी विषयों के बच्चों ने भाग लिया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी, मीनाक्षी चौधरी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की तथा इनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार निकाला एवं उन्हें इनाम राशि भी दी गयी। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने महाविद्यालय में पढ़ रही कन्याओं को पौष्टिक भोजन के महत्व बताते हुए कहा कि महिलाएं समाज का एक मजबूत स्तंभ है और उन्हें अपना सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। उन्हें समय-समय पर अपने खून की जांच करानी चाहिए तथा खाने में आयरन युक्त सब्जी, हरी पत्तेदार सब्जियां और फाइबर युक्त खाने को शामिल करना चाहिए। सभी बच्चों को अपने एनीमिया की जाँच कराने के बारे में कहा तथा अपनी सेहत का ध्यान रखने के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल धर्मेंद्र, गीतिका सभरवाल, विकल लोहिया, रितिका गुप्ता, नेहा अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

### सराय विद्यालय में स्वच्छता के लिए जागरुकता अभियान



**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि जिला शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कचरा प्रबंधन और सफाई के लिए कर जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय के कक्षा कक्षों में स्वच्छता रखने, गीला और सूखा कूड़ा भिन्न भिन्न डस्टबिन में रखने एवम पलास्टिक वेस्ट व पॉलीथीन का भी भिन्न भिन्न डस्टबिन में संग्रहण करने के लिए अभियान चलाते हुए बच्चों को बताया गया। अध्यापक अजय गर्ग, राजेश भाटी, सुनील पाराशर सहित अन्य अध्यापकों ने सभी छात्र और छात्राओं को पलास्टिक वेस्ट और पॉलिथीन को भिन्न भिन्न डस्टबिन से संग्रह करने के लिए कहा। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने स्वच्छता अभियान में सम्मिलित सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

### विधायक ने किया ट्यूबवैल का शिलान्यास



**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा शुक्रवार को वार्ड-9 में सुरेश तेवितया वाली गली में ट्यूबवैल का शिलान्यास करने पहुचे तो जनता द्धारा नीरज शर्मा जिदाबाद के नारे लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेश तेवतियां ने बताया की वार्ड-9 में उनके एरिया में पानी की काफी समस्या थी जिसके बारे में उनके द्वारा समय-समय पर विधायक को अवगत करवाया गया था। आज उसी कड़ी में विधायक नीरज शर्मा द्वारा जो इस ट्यूब्ल का कार्य शुरू करवाया गया है इसके लिए वार्ड-9 की जनता विधायक जी की बहुत-2 अभारी है। इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा ने बताया की उनके द्धारा वार्ड-9 में 8 ट्यूब्लों को पास करवाया गया है। जिनके टेंडर हो गए है अब एक-2 करके इन ट्यूब्लों का कार्य शुरू करवाया जाएगा। इन सभी ट्यूब्लों के लगने से आने वाले समय में वार्ड-9 में पानी की अधिक समस्या नही होगी। विधायक नीरज शर्मा को काली मदिंर वाली गली वासियों ने अनुरोध किया की उनकी गली के ट्यूब्ल का कार्य जल्द शुरू करवाया जाए। इसपर विधायक नीरज शर्मा ने बोलते हुए कहां की कुछ नेताओं को जनता ने घर बैठा दिया है। सभी द्वारा नीरज शर्मा जिदांबाद के नारे लगाए गए। इस मौके पर इन्द्रपाल फौजी, गिर्राज मुदगिल,गुडड़ू भडाना, राहुल भडाना, राजेन्द्र ठाकुर, भानूप्रताप, इस्लाम खान, हरीराज, अमीलाल, हुकम सिंह, धनश्याम, कन्हैया लाल, धर्मपाल, डुलीचंद, विनय कुमार, रामकुमार, पचौरी, रवि पाल, सुंदर दहिया, जगबीर, बृजलाल यादव, अमीचंद, देवी, सतेन्द्र, नवीन कौशिक, बिट्ठू, करमबीर, फौजी जाट, सतबीर,रामबीर, नीरंजन, फुल सिंह, मदनलाल, पप्पू दहिया, मुररी एंव अन्य गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

### बड़खल विस क्षेत्र में समस्याओं के लिए विधायक जिम्मेदार

**फरीदाबाद।** शहर में सीवरेज एवं जलभराव की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी नेता एवं पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा के सुपुत्र भारत अरोड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम संयुक्त आयुक्त गौरव आंतिल से मिला और उनको शहर की मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया। इस बाबत एक ज्ञापन भी उन्होंने संयुक्त आयुक्त को सौंपा। जिसके माध्यम से लोगों की पीड़ा का व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के एरिया एनआईटी 1, 2, 3, 4, 5, एसजीएम नगर, बड़खल, भांखरी, अनखीर आदि में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अब तो हालात यह हो चुके हैं कि लोगों के घरों तक में सीवरेज का पानी घुस गया है। एनआईटी क्षेत्र में तो लोग अपने बच्चों को स्कूल तक नहीं भेज पा रहे हैं। कइयों ने तो अपने घरों को छोड़कर किराए पर मकान ले लिए हैं। अरोड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शहर में विकास के दावे कर रही है और चहुंमुंखी विकास की बात की जा रही है, मगर निगम के पास सीवर का पानी खाली कराने के लिए सुपर सॉकर मशीन तक भी नहीं है। उन्होंने बताया कि बडख़ल विधानसभा के एनआईटी एरिया में सीवर के टूटे ढक्कनों को लेकर उन्होंने पहले भी निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा था।

# कौशल के गुर्गे नीरज फरीदपुरिया के अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा

### ग्रामीणों में भय पैदा करके कब्जा रखी थी पूजास्थल की 350 गज जमीन

### पुलिस ने आसमा खातून द्वारा नशा तस्करी से अर्जित संपत्तियों को भी ध्वस्त किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** के आदेश अनुसार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को ध्वस्त कर आर्थिक रूप से कड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने इनामी बदमाश नीरज फरीदपुरिया और नशा तस्कर आसमा खातून की अवैध संबंधित को धराशाई किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस ने शहर के दो अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा अवैध रूप से



सेक्टर-31 बाईपास रोड से अवैध कब्जे हटाती प्रशासन की मशीन।

अर्जित की गई संपत्ति को ध्वस्त किया है। इसमें अपराधी नीरज फरीदपुरिया तथा आसमा खातून का नाम शामिल है। आरोपी नीरज कौशल गैंग का गुर्गा है। आरोपी कौशल तिहाड़ जेल में बंद है। आरोपी नीरज फरीदपुरिया पिछले 8 वर्षो से अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है जिसके खिलाफ 21 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें 4 हत्या व अन्य 17 मुकदमे हत्या का प्रयास, डैकैती, लूट, एक्सटॉर्शन ,अवैध हथियार, लड़ाई झगड़ा तथा प्रिजनर एक्ट के शामिल हैं। आरोपी नीरज अवैध कब्जा तथा अवैध वसूली का काम करता है। आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था। उसी दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पलवल में एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा पलवल थाने में दर्ज है और इस मामले में आरोपी 25000 का इनामी बदमाश है। आरोपी एरिया में अपना दबदबा बनाने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को डरा धमकाता था और अवैध कब्जे तथा अवैध वसूली का काम करता है। आरोपी ने गांव की सार्वजनिक पूजास्थल की जमीन पर अवैध कब्जा करके मकान बना रखा था। जिसे पुलिस ने मिलकर ध्वस्त करते हुए जमीन को वापस गांव को समर्पित कर दिया है। इसके साथ ही सेक्टर 31 एरिया में एतमादपुर सब्जी मंडी में आसमा खातून नामक महिला ने गांजा तस्करी करके एमसीएफ की जगह पर अवैध दुकानों का निर्माण किया हुआ था। महिला के खिलाफ अवैध नशा तस्करी के सात मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित महिला की दो बेटियों अफसाना और शबाना के खिलाफ भी नशा तस्करी के दो-दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित महिला सब्जी मंडी में दुकान लगाती थी और इसकी आड़ में नशा बेचने का काम करती थी। आरोपित महिला द्वारा बनाई गई इन दुकानों को भी पुलिस तथा एमसीएफ की टीमों ने मिलकर ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हर इंसान का उद्देश्य पैसे कमाना होता है। चाहे वह अवैध रूप से कमाए या अवैध काम करके। इसलिए यदि अवैध रूप से कमाई गई संपत्ति को ध्वस्त किया जाएगा तो उससे अपराधियों को आर्थिक रूप से भी किया जाएगा कमजोर। जिसकी वजह से उनके हौसले पस्त होंगे। फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है। जिनके खिलाफ पुलिस की कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी।

# 200 करोड़ के घोटाले में अधिकारियों को बुला रही विजिलेंस: विधायक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम में हुए बिना काम 200 करोड़ रुपये के पेमेंट घोटाले में स्टेट विजिलेंस ने आईएएस सोनल गोयल को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है, लेकिन शुक्रवार को सोनल नहीं पहुंची। उन्होंने विजिलेंस को सूचना दी है की वह वीआईपी मूवमेंट के कारण नहीं आ पाई। अब विजिलेंस ने अगले हफ्ते बुलाया है।

**क्या था मामला :** नगर निगम फरीदाबाद में 200 करोड़ रुपये के बिना काम भुगतान घोटाले का मामला विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा के बजट सत्र में उठाते हुए 22 मार्च को प्रण लिया था कि जब तक बिना काम भुगतान घोटाले में एक भी आरोपी को नहीं पकड़ा जाएगा। जब तक वे अपने अंग पर सिले हुए कपड़े धारण नहीं करेंगे। इसके अलावा पैरों में जूते भी नहीं पहनेंगे। इस प्रण के बाद राज्य सरकार ने पहले घोटाले के मुख्य आरोपी सतबीर ठेकेदार और फिर मुख्य अभियंता डीआर भास्कर को गिरफ्तार किया।

**17 ए की अनुमति की रखी मांग:** विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि सिर्फ मुख्य अभियंता दौलतराम भास्कर



विधायक नीरज शर्मा ।

के बाद अब दूसरे मुख्य अभियंता रमन शर्मा एवं जेई दीपक को विजिलेंस विभाग ने गिरफ्तार किया है लेकिन सिर्फ इनको पकड़कर ही भ्रष्टाचार का खात्मा नहीं होगा। भ्रष्टाचार की जड़ों तक पहुंचकर बड़े मगरमच्छ काबू करने होंगे। कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने कहा की स्टेट विजिलेंस ने सरकार से 17 ए की अनुमति मांगी हुई है सरकार जल्द से जल्द अनुमति दे ताकि बडे मगरमच्छों को काबू किया जा सके।

**विधायक का कथन:** विधायक नीरज शर्मा ने कहा की यह पैसा जनता का पैसा है जिसको यह खा गए, यही कारण है की आज फरीदाबाद विकास के लिए तरस रहा है।

# स्वस्थ्य मां-शिशु से स्वस्थ देश का निर्माण सम्भव



तिगांव में पोषण अभियान के तहत हुए मेला में शिरकत करते डा. गजेन्द्र अधाना।

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला फरीदाबाद में पोषण अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को तिगांव में पोषण जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेंद्र आधाना ने शिरकत की उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार लेने वाले मां व शिशु से ही स्वस्थ देश का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। मेले में महिलाओं को जागरूक कर सही पोषण की जानकारी दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित फरीदाबाद ग्रामीण ब्लॉक के गांव तिगावं के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में पोषण मेले का आयोजन किया गया।

## गोली मारकर हत्या करने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार व उनकी टीम ने एक महीने पहले हापुड़ कोर्ट में पेशी के दौरान गोली मारकर की गई लखन की हत्या के मामले में आरोपी भोला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिल्ली की लखपत कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि हापुड़ केस का आरोपी भोला बार्डर ऐरिया फरीदाबाद में आयेगा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने पल्ला एरिया से आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# दिसंबर में होगी कपड़ा उद्योग की सबसे विराट प्रदर्शनी

### डीकेटीई तकनीकी संगोष्ठी और पूर्व छात्रों की बैठक 10 दिसंबर को होगी

### 11 को तकनीकी संगोष्ठी और 12 दिसंबर को आईटीएमई पुरस्कार बटेंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कपड़ा** उद्योग कोविड और लॉक बंदी के बाद की तेजी से पटरी पर लौट रहा है। ऐसे में कपड़ा उद्योग में विश्व का नेतृत्व करने वाली इंडिया आईटीएमई सोसाइटी, इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, नोएडा, नई दिल्ली में 08 से 13 दिसंबर 2022 तक भारत आईटीएमई के 11वें संस्करण का भव्य आयोजन करने के लिए तैयार है।

इन-पर्सन इवेंट होने के साथ, भारत आईटीएमई ट्रेड शो की दुनिया में एक जाना माना मंच है। जो अभी के समय में व्यक्तिगत ब्रांड प्रतिनिधित्व का मौका देकर व्यवसायों को उपभोक्ताओं पर एक बड़ा प्रभाव डालने में मदद करता है। जबकि कई अन्य कारक भी भारत आईटीएमई 2022 की सफलता में योगदान करते हैं, ट्रेड शो की पहली प्राथमिकता अपने प्रतिभागियों और आगंतुकों को जोड़े रखने की रही है। व्यवसायी को सबसे आगे लाने के लिए, इंडिया आईटीएमई सोसाइटी इनोवेशन, उत्कृष्टता और सफलता के मूल्यों के आधार पर भारत आईटीएमई 2022 ट्रेड शो एक क्रांतिकारी मार्ग खोलने के साथ अपने 40 वें वर्षगांठ को भी चिन्हित करेगा।

अपने 22वें संस्करण में भारत आईटीएमई डिजाइन, लोगों और लाइव अनुभवों की प्रभावी रणनीति के साथ प्रतिभागियों और आगंतुकों के किये कई कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमे 9 दिसंबर को लॉट साइज 1 के टेक्सटाइल उत्पादन के लिए भारतीय संदर्भ माइक्रो फैक्ट्रीज में सर्कुलर इकोनॉमी पर विशेष सत्र के साथ 11 दिसंबर को भारत में ऊर्जा क्षेत्र के लिए कंपोजिट्स और 12 दिसंबर को तकनीकी वस्त्रों के लिए अनुकूलित जॉइनिंग टेक्नोलॉजीज का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही डीकेटीई तकनीकी संगोष्ठी और पूर्व छात्रों की बैठक 10 दिसंबर को आयोजित की जाएगी और 11 दिसंबर को वीजेटीआई द्वारा वस्त्र क्षेत्र में रिड्यूस-रीयूज-रीसायकल : स्टेट ऑफ द आर्ट विषय पर तकनीकी संगोष्ठी का भी विशेष आयोजन होगा। 12 दिसंबर को भारत आईटीएमई 2022 पुरस्कार के साथ इस भव्य ट्रेड शो का समापन किया जायेगा।

# मानव रचना परिवार ने दी डा. भल्ला को श्रद्धांजलि

### मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 1038 यूनिट रक्त एकत्रित किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूरे** मानव रचना परिवार ने मानव रचना परिसर में एक मेगा रक्तदान शिविर और एक मुट्ठी दान के माध्यम से संस्थापक दूरदर्शी डॉ. ओ. पी. भल्ला को उनकी नौवीं स्वर्गवास जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मानव रचना परिसर में डॉ ओपी भल्ला मेमोरियल स्थल पर सुबह शांति के पवित्र परिवेश को जोड़ते हुए पुष्पांजलि और भजन के साथ दिन की शुरुआत हुई।

डॉ. ओपी भल्ला की प्रेममयी स्मृति में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर के दौरान 1038 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया है। डॉ. ओपी भल्ला का दृष्टिकोण शहर और देश के स्वास्थ्य परिदृश्य को समग्र रूप से सुधारना था। डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन के तहत फरीदाबाद के लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ




एक मुट्ठी दान के तहत सूखा अनाज तिगांव स्थित प्रणव कन्या संघ आश्रम के संचालकों को सौंपते मानव रचना परिवार के सदस्य।

फरीदाबाद (पूर्व, मध्य, गोल्फ खिलाड़ी, संस्कृति, अरावली), और समन्वय परिवार ट्रस्ट के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन विक्रम यादव, डीसी, फरीदाबाद ने सत्य भल्ला, मुख्य संरक्षक, एमआरईआई; डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, एमआरईआई, डॉ अमित भल्ला, वीपी, एमआरईआई, डॉ एन सी वाधवा, डीजी, एमआरईआई, डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, एमआरईआई, प्रो. (डॉ.) आई के भट, कुलपति, एमआरयू; लेफ्टिनेंट जनरल आर के आनंद, महानिदेशक, एमआरआईआईआरएस; ब्रिगेडियर विजय आनंद, निदेशक मानव संसाधन, डॉ. प्रदीप कुमार, पीवीसी, एमआरआईआईआरएस, आरके अरोड़ा- रजिस्ट्रार, एमआरआईआईआरएस, डॉ कामेश्वर सिंह - रजिस्ट्रार, एमआरयू और मानव रचना परिवार के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। सत्य भल्ला के साथ विक्रम यादव ने एक मुट्ठी दान में भाग लिया, जिसमें 19500 किलोग्राम एकत्रित सूखा अनाज दिल्ली-एनसीआर के गैर सरकारी संगठनों और मानव रचना सपोर्ट स्टाफ के बीच वितरित किया गया। पूरे मानव रचना परिवार ने अनाज एकत्रित करने में अपना योगदान दिया।

इस नेक पहल की सराहना करते हुए, विक्रम यादव ने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि मानव रचना विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए समर्पित है, जो दयालु और ज़िम्मेदार नागरिक बनाने में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मानव रचना को शिक्षा, खेल और सामुदायिक सेवा में उत्कृष्टता की अपनी यात्रा के 25 साल पूरे करने पर बधाई दी। डॉ. प्रशांत भल्ला ने साझा किया, रक्तदान शिविर जैसी पहलों के माध्यम से, हम अपने छात्रों और समाज में सामुदायिक सेवा की भावना पैदा करने का प्रयास करते हैं। एक मुट्ठी दान, सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट्स, टीकाकरण कैंप, हेल्थ कैंप, वोकेशनल स्किल एजुकेशन, टीचर ऑन कॉल प्रोजेक्ट कुछ ऐसी पहलें हैं जो हमारे संस्थापक दूरदर्शी, डॉ ओपी भल्ला के विजन और मिशन को आगे बढ़ाने में हमारी मदद करती हैं।

# दीपावली तक होगी 38 गांवों में रैनीवैल के पानी की आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पृथला** से विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि हलके के 38 गांवों को पेयजल के लिए रैनीवैल से जोड़ने का कार्य दीपावली तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए रैनीवैल निर्माण सहित अधिकतर कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों की एक बड़ी मांग पूरी होगी और शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। विधायक नयनपाल रावत शुक्रवार को पृथला हलके के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की समीक्षा मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि हलके में सड़क व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाना उनका पहला लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले वर्ष पृथला हलके के 42 ( नगर निगम के 4 गांव) गांव सहित 84 गांवों के लिए 184 करोड़ रुपये की रैलीवैल परियोजना की घोषणा की थी। इनमें 38 गांवों के लिए परियोजना का काम अब लगभग पूरा हो चुका है और दीपावली तक पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस काम में देरी न हो ताकि आम जनता को यह सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पृथला हलके के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की घोषणा की थी। इसमें मार्केटिंग बोर्ड व पीडब्लूडी की सड़कें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड की 10 में से छह सड़कें बनकर पूरी हो चुकी हैं। वहीं पीडब्लूडी की सड़कों की निर्माण प्रक्रिया अभी जारी है। इस पर विधायक ने सभी सड़कों की मश: समीक्षा की और कहा कि इन सड़कों के निर्माण कार्य के लिए समयसीमा निर्धारित करें। इस पर अधिकारियों ने बताया कि मार्च 2023 तक इन सभी सड़क परियोजनाओं को पूरा कर लिया जाएगा।

## लखीमपुर कांड
### अनुचित राजनीति

**उत्तर प्रदेश** का लखीमपुर खीरी एक बार फिर खबरों में है। इस बार यह दो नाबालिग दलित बहनों के कथित बलात्कार व हत्या का मामला सुर्खियों में है। पुलिस ने इस संबंध में छः लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए छः लोगों में से एक पीड़िताओं का पड़ोसी है। आरोप है कि उसने कथित रूप से लड़कियों को तीन आरोपियों से मिलवाया था, जबकि वह स्वयं अपराध स्थल पर उपस्थित नहीं था। एक स्थानीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि तीन आरोपियों ने अपराध किया, जबकि दो घटनास्थल की निगरानी कर रहे थे। सभी छः आरोपियों पर हत्या व बलात्कार के आरोपों के साथ ही प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन अगेंस्ट सेक्सुअल आफेंसेज़-पोक्सो एक्ट भी लगाया गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लड़कियां अपराध स्थल तक पहुंचीं कैसे। पुलिस का कहना है कि उनका अपहरण नहीं किया गया था, पर लड़कियों की मां जोर देकर कहती है कि उनका अपहरण हुआ था। पुलिस प्रतिक्रिया के बारे में अच्छी बात यह है कि पुलिसजनों ने आरोपियों का मुठभेड़ में सफाया करने के बजाय उनको गिरफ्तार किया। हालांकि, उनको एक आरोपी के पैर पर गोली चलानी पड़ी। याद किया जा सकता है कि पहले पुलिस ने मुठभेड़ों में जघन्य अपराधों के अनेक आरोपियों को मार गिराया था। इनमें से अधिकांश ने अपने आसपास एक गिरोह विकसित कर लिया था। सभी संदिग्ध अपराधियों को हिरासत में लेने के बाद अब कोई कारण नहीं है कि इस मुद्दे को एक घृणित विवाद में बदला जाए तथा राजनीतिक पार्टियां इससे राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करने लगें।



ऐसी घटना से सबको झटका लगता है। लोगों की मांग है कि दोषियों के खिलाफ तेजी से मुकदमा चला कर उनको सजा दिलाई जाए ताकि अभागी लड़कियों को न्याय मिल सके। लेकिन दुर्भाग्य से राजनेताओं को ऐसे जघन्य कांडों में अवसर दिखाई देता है और वे फौरन उनका लाभ उठाने में जुट जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के अमित मालवीय ने एक ट्वीट कर 'विपक्षी नेताओं तथा कुछ खास एक्टिविस्टों की चुप्पी' पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कथित मुस्लिम अपराधियों के नाम भी बताए हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की सजा में रियायत पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि बलात्कारियों को छोड़ने वालों से थोड़ी बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। ऐसी टिप्पणियां भावनात्मक रूप से बुरी होने के साथ ही सामान्य रूप से कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा खासकर महिलाओं की सुरक्षा जैसे असली मुद्दों से ध्यान हटा देती हैं। सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित बनाया जाना चाहिए तथा राजनेताओं को इस मामले में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए। लेकिन वे लगातार चौबीसों घंटे एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर यह काम नहीं कर सकते हैं। उनको पुलिस व्यवस्था में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए। विशेषज्ञों की अनेकानेक रिपोर्टों ने हमारे देश में पुलिसिंग में सुधार की आवश्यकता बताई है। अब समय आ गया है कि इन रिपोर्टों पर कार्रवाई की जाए। कानून व्यवस्था ठीक न होने पर गरीब लोगों को सर्वाधिक कष्ट उठाने पड़ते हैं। अमीर और मध्यवर्गीय लोगों के पास सीसीटीवी, फाटकों से सुरक्षित आवास, सुरक्षा गार्ड, आदि होते हैं, पर गरीबों के पास ऐसे उपकरण नहीं होते हैं और उनको अपनी सुरक्षा करनी कठिन होती है। इसे देखते हुए हमें खैरातों के बजाय सुरक्षित परिवेश की अधिक आवश्यकता है।

# जल-जंगल संबंधों का सम्मान

दुनिया में जंगल लगभग 75 प्रतिशत ताजे पानी के प्राथमिक स्रोत हैं। ऐसे में उनको संरक्षित करने के वैश्विक प्रयास होने चाहिए।



**बी.के.पी सिन्हा**
(लेखक, पूर्व प्रमुख वन संरक्षक हैं।)



दुनिया में ताजे पानी की पहुंच वाले लगभग 75 प्रतिशत स्रोत वनों में मौजूद वाटरशेड हैं। दुनिया की आधी जनसंख्या इन पर अपनी आवश्यकता के लिए निर्भर है। वन और पेड़ जल-चक्र में आवश्यक भूमिकायें निभाते हैं और इसलिए हमारी जल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे न केवल वर्षा को प्रभावित करते हैं कि वह कहां और कैसे होगी, बल्कि प्राकृतिक जल शोधक का काम भी करते हैं। वे पानी की मात्रा, उसकी गुणवत्ता तथा उसके समय पर भी नियंत्रण करते हैं। जल और जंगलों के बीच महत्वपूर्ण अंतर्संबंधों के बावजूद अक्सर नीति-निर्माण व नियोजन में जल-जंगल संबंधों की अनदेखी की जाती है। केवल 25 प्रतिशत जंगलों का प्रबंधन यह सोच कर किया जाता है कि जल उनकी प्रमुख पैदावार है। जल संबंधी परिस्थितिकी सेवायें टिकाऊ व जिम्मेदार वन प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं जो टिकाऊ विकास लक्ष्य-एसडीजी 12 में योगदान करते हैं। इसका अर्थ टिकाऊ उपभोग व उत्पादन पैटर्न तथा जल संबंधी परिस्थितिकी सेवाओं का अधिकतम विस्तार है। यह अनेक अन्य एसडीजी प्राप्त करने का भी मूलाधार है जिनमें स्वच्छ जल व सफाई, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला, आदि शामिल हैं।

पिछली दो शताब्दियों में वनाच्छादित क्षेत्र व ढांचों ने वैश्विक तथा एंथ्रोपोजेनिक गतिविधियों पर प्रभाव डाला है। इनमें विखंडन, अति दोहन व भूमि-प्रयोग परिवर्तन शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप इन आयामों से वनों में वाटरशेड की हाइड्रोलोजिकल प्रक्रियाओं पर प्रभाव पड़ता है। इससे स्थानीय व क्षेत्रीय स्तर पर भूमिगत जल, मूल प्रवाह तथा वर्षा पैटर्न प्रभावित होता है। इसलिए जंगलों से पानी की मांग तथा गैर-जल प्राकृतिक संसाधनों के बीच संतुलन करना वन प्रबंधन के समक्ष बड़ी चुनौती है। वनों के वाटरशेड से टिकाऊ जल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पर्यावरणीय, क्रियात्मक व भौतिक संचालकों की समझदारी जरूरी है। इनमें हाइड्रोलोजिकल व जैव-रसायन प्रक्रियायें भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 2030 तक 40 प्रतिशत पानी की कमी महसूस होगी। 2050 तक दुनिया में पानी की मांग में 55 प्रतिशत वृद्धि होगी जिसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन तथा तेजी से जनसंख्या वृद्धि है। इसलिए जल प्रबंधन दृष्टिकोण में बायोमास उत्पादन पर ध्यान देना जरूरी है। इसे बदल कर जल-केन्द्रित दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी जरूरी है जिसमें जल-संबंधी परिस्थितिकी सेवाओं को केन्द्र में रखा जाए। पानी की गुणवत्ता तथा उपलब्धता की समस्या से निपटने के लिए फौरन समग्र व समन्वित जल एवं भूमि प्रबंधन योजनाओं की जरूरत है। स्वस्थ वाटरशेड सुनिश्चित करने के लिए हमें नए प्रबंधन दृष्टिकोण, माडलों व सर्वोत्तम प्रबंधन व्यवहारों की भी जरूरत है। उदाहरण के लिए, वाटरशेड पुनर्जीवन उपायों, जैसे ढाल का स्थिरीकरण, गली कंट्रोल व भूक्षरण रोकने से जल-संबंधी परिस्थितिकी सेवाओं में सुधार हो सकता है। वाटरशेड कार्यक्रमों के लिए पूरे भारत में विविध स्थानीय व क्षेत्रीय संदर्भों पर गौर करना जरूरी है क्योंकि सबके लिए एक समाधान या दृष्टिकोण सफल नहीं हो सकता है। भारत में औसत बरसात लगभग 118 सेमी. है।

एक हाइड्रोलोजिकल इकाई के तौर पर जंगलों का 92 मिलियन हेक्टर क्षेत्र बरसात से मृदा में पानी के रिसाव को सुनिश्चित करने के साथ तत्काल वाष्पीकरण व सतह जल संसाधन के रूप में 49.9, 16.10 व 26.45 मिलियन हेक्टर क्षेत्र-एमएचए का प्रयोग करता है।

भूमि का लगभग 13 प्रतिशत जंगल की वनस्पतियों से आच्छादित है जो 55 एमएचए का अवशोषण के लिए प्रयोग करता है, जबकि इसकी तुलना में सिंचित व असिंचित फसलों का क्षेत्र क्रमशः 55 एमएचए का योगदान करता है जो भूमि क्षेत्र का लगभग 46.5 प्रतिशत क्षेत्र है। वाष्पीकरण से होने वाले नुकसान को 60एमएचए क्षेत्र तक माना जाता है, पर वन भूमि में यह 13.8 एमएचए है। तत्काल वाष्पीकरण को 70 एमएचए माना जाता है, जबकि वन क्षेत्र का अनुमान 16.10 एमएचए है।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वनों की मृदा में लगभग 25 एमएचए जल भंडारित किया जा सकता है और यह एक टिकाऊ आधार होगा। वन संरक्षकों ने विरले ही वनों से प्राप्त जल की मात्रा तथा उसके द्वारा वितरित जल की मात्रा का आंकलन किया है। उदाहरण के लिए, इसमें विभिन्न वन क्षेत्रों या उनके हिस्सों से जल परिवहन, वन प्रकार, प्रबंधन व्यवस्था, वन मृदाओं की अवशोषण क्षमता, वन भूमियों के भीतर आंतरिक प्रवाह और जलधाराओं के प्रवाह पर उनका प्रभाव, वाष्पीकरण से वन क्षेत्रों में होने वाला नुकसान तथा अन्य भूमि प्रयोगों से उसकी तुलना, प्राप्त जल की गुणवत्ता तथा उसका प्रसंस्करण व डिस्चार्ज, आदि शामिल हैं।

यदि किसी जल भंडार में पानी रखना हो तो उसमें काफी पैसा खर्च होगा। इसलिए एक व्यापक व गहन तथा सक्षम वन मेट्रोलोजिकल स्टेशनों की श्रृंखला बनाई जानी चाहिए ताकि उनसे बर्फ गिरने, बरसात, ओले गिरने, ओस, हवा, तापमान, नमी, वाष्पीकरण, विकिरण, आदि के आंकड़े एकत्र किए जा सकें। वनों और जल व खासकर वाटरशेड के बीच अंतर्संबंधों की बेहतर समझदारी भी जरूरी है। यह वन-जल प्रबधंन की बेहतर रणनीतियां व कार्ययोजनायें बनाने के लिए जरूरी है।

जल प्रबंधन व्यवहारों, जैसे गैप फिलिंग, बहाली व संरक्षण से जल का उत्पादन बढ़ सकता है, जल का प्रवाह नियंत्रित हो सकता है, सतह जल का बह कर बरबाद होना थम सकता है तथा सूखे का प्रभाव कम हो सकता है। जंगल अवशोषण में एक प्रकार से बाधा डालते हैं क्योंकि वनस्पतियों की सतह से वाष्पीकृत होने वाली नमी मृदा की नमी बढ़ाती है, ओस के जल को एकत्र करती है तथा मृदा से छानने की प्रक्रिया बनाए रखती है। इस प्रकार भूमिगत जल की उपलब्ध मात्रा बढ़ती है तथा सतह के जल संसाधन व जल स्रोत समृद्ध होते हैं। मृदा से छानने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलने से मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है और इसका प्रभाव पानी की गुणवत्ता तथा उसे प्रदान करने वाले समय पर पड़ता है।

वन ढलान पर भूमि प्रयोग से आने वाले सेडीमेंट व प्रदूषकों को रोक कर जल भंडारों व जल प्रवाहों को सुरक्षित रखते हैं। लेकिन वनों द्वारा किए जाने वाले इन कार्यों की सीमा स्थानीय स्थितियों पर निर्भर करती है जिसमें मृदा के प्रकार, वनों के प्रकार, उनकी गहनता, ढांचा, वनस्पति, जलवायु, खनन, आदि भी शामिल हैं। वनीकरण के प्रभाव वैज्ञानिक समुदाय के लिए व्यापक शोध का विषय है। इस प्रकार वन प्रबंधन के निर्णय वैज्ञानिक तथा वन-जल संबंधों की समझदारी पर लिए जाने चाहिए। इनमें व्यापक व स्थानीय पैमानों के साथ ही बदलती जलवायु स्थितियों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। कुछ परिस्थितियों में भूमि-प्रयोग में परिवर्तन में जमीन पर गिरी सड़ी गली पत्तियों-लिटर व वनस्पतियों की सफाई हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप मृदा क्षरण व सेडीमेंटेशन बढ़ता है तथा जल की गुणवत्ता खराब होती है।

वन प्रबंधकों को जल की अधिकतम उत्पत्ति तथा मृदा क्षरण को न्यूनतम करने व उपयुक्त वनाच्छादन क्षेत्र बनाए रखने के बीच संतुलन रखना जरूरी है। ऐसा करने पर ही पानी की मात्रा तथा उसकी गुणवत्ता बढ़ सकती है। उनको स्थानीय, क्षेत्रीय व वैश्विक स्तर पर भूमि-प्रयोग परिवर्तन का हाइड्रोलाजिकल प्रक्रियाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आंकलन करना चाहिए। इसके साथ ही मौसमी, वार्षिक व बहु-दशकीय योजनायें बनाने की भी आवश्यकता है। वन-जल अंतर्संबंध की निगरानी के लिए बहु-प्रतीक्षित शोध एवं निगरानी की जरूरत है। इसके साथ ही जल संबंधी परिस्थितिकी सेवाओं के लिए वन एवं वृक्ष प्रबंधन भी जरूरी है। इसलिए वन-जल चक्र व वन हाइड्रोलोजी के लिए जागरूकता बढ़ाने, क्षमता निर्माण तथा यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम अपने ज्ञान का प्रयोग बेहतर वन व वृक्ष प्रबंधन के लिए करें।

इसे अपनाने के फलस्वरूप अनेक लाभ होंगे जिनमें पानी की मात्रा, उसकी गुणवत्ता, नियमन तथा इससे जुड़े सामाजिक-आर्थिक लाभ शामिल हैं। इस ज्ञान व शोध का नीतियों में परिलक्षित होना जरूरी है। इसके लिए समुचित संस्थागत व्यवस्थायें बनाना भी जरूरी है ताकि राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर कार्ययोजनायें बन सकें। लेकिन वन व जल प्रबंधन अक्सर अनेक अधिकार क्षेत्रों में आता है। विभिन्न क्षेत्रों द्वारा इस विषय पर कम ध्यान देने के कारण यह चुनौती है कि सहमति तैयार कर अंततः वन एवं जल क्षेत्रों के बीच सहयोग स्थापित किया जाए।

# 'पीएम गति शक्ति' से बुनियादी ढांचे का विकास



**नितिन गडकरी**
(लेखक, केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं)

वर्ष 2014 के बाद से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी यात्रा शुरू की, जहां समाज के सभी वर्गों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच हो, विकास की गति और पैमाना एक नए उभरते भारत की पहचान बन गया है। दक्षता, पारदर्शिता, सेवाओं की तेज और सुगम डिलीवरी की संस्कृति को स्थापित करने में काफी हद तक सफल होने के बाद, यह सरकार विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ और अधिक ऊंचाइयों को छूना चाहती थी। इसमें शामिल है, 'सबका साथ, सबका विकास' और 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कल्पना करना। 2021 में, माननीय प्रधानमंत्री ने 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' लॉन्च किया है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की गति को एक नए भारत के निर्माण के लिए और अधिक शक्ति दी जानी थी। 'आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ, अगले 25 वर्षों के लिए भारत की नींव रखी जा रही है। हमने न केवल परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की कार्य संस्कृति विकसित की है बल्कि परियोजनाओं को समय से पहले पूरा करने का प्रयास किया है,' यह प्रधानमंत्री ने कहा था।

इसने यह भी दिखाया कि कैसे भारत देश में सभी विकास गतिविधियों को बाधित करने वाली महामारी के भू-राजनीतिक संकट के परीक्षण समय का मुकाबला करने के बाद तेजी से कदम उठाने के लिए दृढ़ था। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित इस मास्टर प्लान का लक्ष्य अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह अनिवार्य रूप से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापक और समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए एक एकीकृत योजना और बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए मेरे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सहित 16 केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ लाता है। सभी आकांक्षी जिले, जनजातीय क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र इसके अंतर्गत आते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, सरकार ने समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से बुनियादी ढांचे पर अभूतपूर्व ध्यान देना सुनिश्चित किया है। इसने प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए हितधारकों के लिए समग्र योजना को संस्थागत बनाने के माध्यम से पिछले मुद्दों को हल करने में मदद की। इस राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत अलग-अलग साइलो में योजना बनाने और डिजाइन करने के बजाय, परियोजनाओं को एक ही मंच पर एक समान दृष्टि से डिजाइन और निष्पादित किया जाएगा।




'मोर्थ', ने देश भर में अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल बुनियादी ढांचे के निर्माण की गति को आगे बढ़ाते हुए, इसने इस राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत महत्वपूर्ण प्रगति की है। माननीय प्रधानमंत्री हमेशा मेरे मंत्रिमंडल के समक्ष मेरी विभिन्न प्रस्तुतियों में मूल्यवर्धन और नवीन विचार देंगे। वह लगातार निगरानी करते हैं और कुछ सबसे प्रतिष्ठित परियोजनाओं के मामले में, यहां तक कि व्यक्तिगत रूप से प्रगति की निगरानी करते हैं और सभी हितधारकों, विशेष रूप से, कर्मचारियों को उनके मूल्यवान योगदान के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

ऐसा ही एक कार्यक्रम जहां पीएम मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी, वह दो सड़क परियोजनाएं थीं जिनका उद्देश्य मेरे गृह राज्य महाराष्ट्र के मंदिर शहर पंढरपुर से कनेक्टिविटी में सुधार करना था। उन्होंने श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी मार्ग के पांच खंडों और श्री संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग के तीन खंडों को चार लेन का बनाने का शिलान्यास किया। देखें कि वह कैसे एक जुड़ाव बनाता है, उन्होंने ''मेरे वारकरी भाइयों'' से आशीर्वाद के रूप में तीन चीजें मांगीं - राजमार्गों के किनारे के पेड़, सड़कों के किनारे विशिष्ट दूरी पर पीने के पानी की व्यवस्था, और पंढरपुर को भारत का सबसे स्वच्छ तीर्थ स्थल बनाना। माननीय प्रधानमंत्री जी के विकास के विचार के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं - आधुनिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का कायाकल्प।

हमारी भारतमाला परियोजना कार्यक्रम प्रधानमंत्री की अन्य प्रमुख पहलों जैसे सागरमाला, समर्पित फ्रेट कॉरिडोर, राष्ट्रीय रसद नीति और औद्योगिक गलियारे, उड़ान-आरसीएस, भारतनेट, डिजिटल इंडिया, पर्वतमाला और मेक इन इंडिया के लिए सामर्थ्य प्रदान करने वाली और लाभार्थी दोनों है। भारतमाला परियोजना देश भर में नई राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण के लिए एक महत्वाकांक्षी केंद्र प्रायोजित प्रमुख कार्यक्रम है। आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों सहित दूर-दराज की सीमा और ग्रामीण क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया है। भारतमाला परियोजना के हिस्से के रूप में एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल विभिन्न ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और 35 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) को तेजी से पूरा कर रहे हैं। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे, बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे, अंबाला-कोटपुतली एक्सप्रेसवे, अमृतसर-भटिंडा-जामनगर एक्सप्रेसवे, रायपुर- वीजेडजी एक्सप्रेसवे, हैदराबाद-वीजेडजी एक्सप्रेसवे, अर्बन एक्सटेंशन रोड-2, चेन्नई-सलेम एक्सप्रेसवे और चित्तौड़-थैचूर एक्सप्रेसवे।

कुछ प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, जो निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं, उनमें प्रतिष्ठित जोजिला टनल और जेड-मोर्थ शामिल हैं जो श्रीनगर और लेह को जोड़ेगी। मेरे मंत्रालय के तहत सड़क और राजमार्ग के बुनियादी ढांचे की सभी अभूतपूर्व प्रगति और विकास हमारे माननीय प्रधानमंत्री के सक्षम और गतिशील नेतृत्व और दूरदर्शिता के बिना संभव नहीं होगा, जो लगातार चौबीसों घंटे काम करते हैं, और जिनके प्रयासों और निरंतर मार्गदर्शन से नए भारत के उनके दृष्टिकोण को साकार करने के लिए हमें लगातार निर्देशित किया है।

हमारे प्रिय और सबसे प्रिय प्रधानमंत्री इस शनिवार को 72वें वर्ष के हो गए हैं, इसलिए हम सभी अपने मंत्रालय के सभी विकास और प्रगति को उनके जन्मदिन पर उनके सम्मान में समर्पित करके इस दिन को एक अनोखे तरीके से मनाने के लिए तैयार हैं।

## आप की बात

### गोवा में दलबदल

**गोवा** में 11 में से आठ कांग्रेस के विधायकों ने कांग्रेस से नाता तोड़ भाजपा में शामिल होने के घटनाक्रम ने एक बार फिर दल बदल कानून को कटघरे में खड़ा किया है। विधायकों का एक पार्टी से चुनकर दूसरी पार्टी में चले जाना किसी भी तरह से भारतीय लोकतंत्र को मजबूत नहीं करता है। यह सही है कि जो आज सत्ता में है फायदे में है लेकिन यह एक स्वस्थ परंपरा नहीं है दलबदल करने वाले विधायकों के द्वारा यदि सरकार बनाई जा सकती है तो सरकार गिर भी सकती हैं। पिछले 5 वर्षों में गोवा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक व महाराष्ट्र में दल बदल कानून की कमजोरियां उजागर हुई हैं और दल बदल के कारण सरकार बनाई गई हैं। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर संसद में दल बदल कानून आवश्यक संशोधन में स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए कि यदि कोई विधायक एक राजनीतिक दल से चुनकर आता है तो दूसरे राजनीतिक दल में जाने से पहले उसे इस्तीफा देना होगा और कम से कम 3 वर्ष तक वह मंत्री पद प्राप्त नहीं कर पाएगा या किसी लाभ के पद पर नहीं रखा जाएगा। तभी दलबदलुओ पर रोक लगाई जा सकती है। इस विषय पर सर्वानुमति बनाने के प्रयास अवश्य किए जाने चाहिए।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### बेचैन इमरान

**इमरान खान** की सत्ता लोलुपता भारत के विपक्षी नेताओं के सामान ही है। उनके प्रधान मंत्री काल में जनता पाकिस्तान की कंगाली हालत देख चुकी है । इसके बावजूद इमरान खान सत्ता के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं। बस एक ही कमी है कि वे जनता को मुफ्त की रेवड़िया बांटने की घोषणा नहीं कर रहे हैं। यदि इमरान खान इस खूबी को भी अपना लेते हैं तो उन्हें फिर से सत्ता मिल सकती है। वे चाहे तो केजरीवाल जी से भी सलाह-मशविरा कर सकते हैं। इमरान खान स्वच्छंद और बिना किसी निर्देश के काम करने वालों में रहे हैं। किसी की सलाह या ऑर्डर को मानना उनके लिए कठिन रहा है। पीएम बनने के बाद कुछ दिनों तक तो वह आर्मी चीफ की गाइडलाइंस मानते रहे, लेकिन अपने स्वच्छंद स्वभाव के कारण उनसे भी दूर होते चले गए। रहा सवाल विदेशी कर्ज का, तो पाकिस्तान तो इतना कर्ज अगली शताब्दी तक भी नहीं चुका पाएगा। कर्ज चुकाने की बात तो बहुत दूर है,अभी तो कटोरा लेकर विश्व भर से सहायता मांग की नौबत आ गयी है। सवाल है कि क्या उनको फिर सत्ता मिलेगी?

-**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### महिला-विरोधी अपराध

**झारखण्ड** में हुई हैवानियत की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि लखीमपुर की घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया। फर्क ये रहा कि झारखण्ड से आए छायाचित्र में अपराधी बेशर्म मुस्कान लिए थे और लखीमपुर में खौफ और दर्द दिखाई दिया अपराधियों के चेहरे पर। सवाल यह है कि इतनी वीभत्स घटना को अंजाम देने के हौसले आखिर आ कहां से रहे हैं? ये विचार करने योग्य है और इस राह को बाधित करने पर जोर दिया जाना चाहिए। इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त अपराधियों की पैरवी करने वालों को भी समान दृष्टि से सर्वसमाज को देखना चाहिए कि ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार हो। क्योंकि अक्सर देखने में आया है ऐसे अपराधियों के पैरोकार जातिगत, धार्मिक और व्यक्तिगत एंगल जोड़कर विक्टिम कार्ड खेलने का प्रयास लगातार करते रहे हैं। जो कि कदापि उचित नहीं है, पैरोकारों का भी इलाज सुनिश्चित होना चाहिए। महिला-विरोधी अपराधों के मामले में संकुचित चुनावी राजनीति को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए।

-**मनोज,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमले** टीएमसी समर्थकों की चाल है जो हमारी रैली में घुस आए थे। हमारे कार्यकर्ताओं को फंसाया जा रहा है।

- **दिलीप घोष**
भाजपा उपाध्यक्ष



**पुलिस** हिंसक भाजपा कार्यकर्ताओं पर गोली चला सकती थी, पर सरकार ने अधिकतम संतुलन बरता है।

- **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**मेरा** विश्वास है कि जिन लोगों को सब्सिडी की जरूरत नहीं है, वे इसे छोड़ देंगे और यह जरूरतमंद लोगों को मिलेगी।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# अच्छी व उत्तम शिक्षा बच्चों के सुनहरे भविष्य का आधार

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह-2022 का शुभारंभ, 501 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण व 199 केन्द्रों का किया शिलान्यास

● बच्चों के लिए शुरू किया 'दुलार' कार्यक्रम, 2 बच्चों का अन्नप्राशन व 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में देश में राष्ट्रीय पोषण माह मजबूती के साथआगे बढ़ा है। उत्तर प्रदेश ने इसमें बड़ी सफ लता प्राप्त की है। अगर मां स्वस्थ होगी तो स्वभाविक रूप से हमारा वर्तमान स्वस्थ होगा। किशोरी, कन्या या बालक कुपोषण से मुक्त होकर सुपोषित होगा तो हमारा बचपन स्वस्थ होने के साथ ही समाज व राष्ट्र भी स्वस्थ एवं सशक्त बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोक भवन में राष्ट्रीय पोषण माह-2022 कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 501 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण तथा 199 आंगनवाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमतावर्द्धन तथा गृह भ्रमण में परामर्श की गुणवत्ता के लिए 'सक्षम' (पोषण मैनुअल) का तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विगत 5 वर्षों की उपलब्धियों विषयक पुस्तिका 'सशक्त आंगनवाड़ी' का विमोचन किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए 'सहयोग' मोबाइल ऐप तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई आधारित 'बाल पिटारा' मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। उन्होंने आकांक्षात्मक जनपदों में 6 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए दूरभाष पर गतिविधियों पर आधारित सीखने-सिखाने की प्रणाली 'दुलार' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 2 बच्चों का अन्नलप्राशन तथा 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड पर पोषण माह को सफ लता के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया है। यह कार्यक्रम अपने वर्तमान व भविष्य को पोषण से युक्त करने तथा सक्षम बनाने का एक अभियान है। राज्य सरकार तकनीक के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों माताओं, किशोरी कन्याओं तथा बच्चों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रदेश में एक लाख 89 हजार आंगनवाड़ी केन्द्र हैं। वर्ष 2017 से पूर्व कई आंगनवाड़ी केन्द्रों का अपना भवन नहीं था। उन सभी को चिन्हित करते हुए विगत 5 वर्षों में 21400 से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों के पक्के भवन बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी जनपद के भ्रमण में उनका प्रयास होता है कि वे किसी स्वास्थ्य केन्द्र तथा आंगनवाड़ी केन्द्र और बेसिक शिक्षा परिषद के किसी स्कूल का निरीक्षण अवश्य करें। शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज की दो बुनियादी आवश्यकताएं हैं। समाज की आधारशिला यहीं से खड़ी होती है। अच्छी व उत्तम शिक्षा एक बच्चे के सुनहरे भविष्य के साथ-साथ समाज व राष्ट्र की नींव को भी मजबूत करने का आधार बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 करोड़ 70 लाख बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से अपनी नींव मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जितने बच्चे हैं, उतना दुनिया के कई देशों व भारत के कई राज्यों की आबादी नहीं है। इन बच्चों को पोषण देने, देश का भविष्य बनानेए सक्षम बचपन से सक्षम युवक बनाने तथा ये प्रतिभावान नौजवान हों, इसके लिए इन बच्चों की नींव को मजबूत करने की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की है।

# अवनीश अवस्थी बने मुख्यमंत्री के सलाहकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के भरोसेमंद आईएएस अधिकारी रहे और अपर मुख्य सचिव गृह के पद से पिछले दिनों सेवानिवृत्त हुए अवनीश कुमार अवस्थी पर भरोसा जताते हुए राज्य सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया है। वह प्रशासनिक कार्यों में मुख्यमंत्री को अपनी सलाह देंगे। इस संबंध में नियुक्ति विभाग की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया।

जारी आदेश के अनुसार बीती 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवस्थी को 28 फरवरी 2023 तक के लिए सृजित सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के अस्थायी संवर्गीय पद पर तैनाती प्रदान की गई है। अवस्थी को उक्त अवधि में अस्थायी सरकारी सेवक माना जाएगा। पुनर्योजन की अवधि में अवस्थी को वह नियत वेतन अनुमन्य होगा जो उनके द्वारा अंतिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने के बाद आए अथवा पुनर्योजित पद के वेतनमान के अधिकतम, इसमें जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा। इस प्रकार निर्धारित वेतन तथा शुद्ध पेंशन के योग पर महंगाई भत्ता अनुमन्य होगा। पुनर्योजन की अवधि में पेंशन पर पृथक से महंगाई राहत अनुमन्य नहीं होगी। अवस्थी को उक्त अवधि में वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग 2-4 के सहायक नियम 157 ए तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों के अनुसार अस्थायी अधिकारियों की भांति अवकाश देय होगा परंतु उक्त अवधि में अर्जित अवकाश का नकदीकरण अनुमन्य नहीं होगा। उक्त अवधि की गणना पेंशन के लिए नहीं की जाएगी तथा पद पर कार्यभार ग्रहण करने अथवा उसकी समाप्ति पर कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। उक्त अवधि में अवस्थी को यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता उनके वेतन व शुद्ध पेंशन के योग के अनुसार अनुमन्य दरों पर देय होगी जैसा कि यात्रा भत्ता 16 ए में प्राविधान है, अंतिम आहरित वेतन के अनुसार अनुमन्य दरों पर देय होंगे। अवस्थी को उक्त अवधि में अस्थायी तदर्थ पेंशन की वृद्धि व राहत, यदि कोई हो, अनुमन्य नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि अवनीश कुमार अवस्थी के सेवानिवृत्त होने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि उन्हें किसी अहम पद की जिम्मेदारी मिल सकती है।

## होमगार्ड्स विभाग 17 से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी अमृत सरोवरों में कराएगा पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

होमगार्ड्स विभाग ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य पूरे प्रदेश में स्थित अमृत सरोवरों पर पौधरोपण कराये जाने का निर्णय लिया है। इस अवधि के दौरान समस्त जनपदों में जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए चिन्हित करते हुए अमृत सरोवरों पर पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न करेंगे। महानिदेशक होमगार्ड्स विजय कुमार मौर्य ने बताया कि होमगार्ड्स मंत्री धर्मवीर प्रजापति के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए थे कि होमगार्ड्स विभाग के अधिकारीगण एवं जवान विभागीय दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य शामिल हैं।

# देश के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता हैं मोदी: जयवीर

● पर्यटन मंत्री ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि 17 सितम्बर, 1950 को गुजरात में जन्में प्रधानमंत्री मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता है। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत छवि बनायी है। मोदी जी 2001 से 2014 तक गुजरात के लगातार मुख्यमंत्री रहे। उन्हें साहसिक एवं दूरगामी फैसले लेने के लिए जाना जाता है। जयवीर सिंह ने कहा कि मोदी जी देश को सही दिशा में ले के जा रहे हैं, जिसका परिणाम है कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। मौजूदा समय में ब्रिटेन का पीछे छोड़कर भारत पांचवें स्थान पर काबिज है। यह सब मोदी जी के आर्थिक सुधारों एवं साहसिक निर्णयों का ही प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन, जनधन योजना, मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्जवला तथा गरीब कल्याण अन्न योजना जैसे ऐतिहासिक निर्णय उनके व्यक्तित्व एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के उदाहरण हैं। कोरोना काल में जब पूरी दुनिया महामारी की चपेट में थी। उनकी सूझबूझ एवं बेहतर कोरोना प्रबंधन के कारण देशवासियों का जीवन और अजीविका दोनों बचाने में सफलता मिली।

## सीएम ने विश्वकर्मा जयंती पर शिल्पियों, अभियंताओं व प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकर्मा जयन्ती पर शिल्पियों एवं अभियन्ताओं सहित सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जारी शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों के माध्यम से जीविकोपार्जन करते हैं। यह हस्तशिल्पी और कारीगर पारम्परिक कार्यों में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं। पारम्परिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने के लिए इनके प्रशिक्षण तथा व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद, एक उत्पाद योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा जयन्ती सृजन व निर्माण के प्रति हम सभी को प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करती है।

# स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनेगा पीएम का जन्मदिन: एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्रीके जन्मदिन के अवसर पर नगर विकास विभाग सेवा पखवाड़ा को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाएगाए जो कि इस विभाग के लिए सौभाग्य की बात होगी। आने वाले 15 दिनों में सभी शहरों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा और 5 सूत्रीय कार्यक्रम बनाकर सभी नगरीय निकायों में वृहद स्तर पर विकास कार्य कराए जाएंगे। 15 दिनों के पश्चात 02 अक्टूबर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ही सभी नगरीय निकायों व निकायीय अधिकारियों के कार्यों की रैंकिंग की जाएगी और इसी के आधार पर उनके आगे के कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा आज सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों विभागीय प्रमुख सचिव, सचिवों, डायरेक्टर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी जलभराव की समस्या ना हो, जिससे कि आमजन को परेशानियां का सामना करना पड़े।

उन्होंने खासतौर से लखनऊ व कानपुर के नगर आयुक्तों को जलभराव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग भी लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के क्षेत्रों में ज्यादा बरसात हुई है। अत: वहां के अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए है कि जो भी आवश्यक हो समुचित करवाई की जाय।

# सात अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शासन** ने प्रांतीय पुलिस सेवा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के सात अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनके एक अपर पुलिस अधीक्षक की तैनात नवगठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) में भी की गई है। डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिन अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं उनमें एएसपी अमेठी विनोद कुमार पांडेय को एएसपी क्राइम एटा, एएसपी क्राइम एटा स्नेहलता को उपसेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर, एएसपी मथुरा हरेन्द्र कुमार को एएसपी एटा, एएसपी-सेक्टर आफि सर सीबीसीआईडी सेक्टर आगरा राकेश कुमार सिंह प्रथम को एएसपी श्री गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा गोरखपुर, एएसपी गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा गोरखपुर लाल भरत कुमार पाल को एएसपी एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ, एएसपी-स्टाफ आफिसर एडीजी जोन प्रयागराज जोन देवेश कुमार शर्मा को एएसपी यातायात मथुरा तथा उप सेनानायक चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज प्रवीन सिंह चौहान को एएसपी-स्टाफ आफि सर एडीजी जोन प्रयागराज जोन के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

## पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, राजस्व वसूली के निर्देश

**लखनऊ।** विद्युत समाधान सप्ताह के अन्तर्गत 5वें दिन आज उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने रायबरेली, फतेहपुर, कौशाम्बी से लेकर बुन्देलखण्ड में चित्रकूट तक समाधान शिविरों का निरीक्षण किया तथा विद्युत व्यवस्था की गहन समीक्षा की। लखनऊ से चलकर सुबह साढ़े 9 बजे उन्होंने रायबरेली के विशनपुर एवं बछरावां उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। उपभोक्ताओं से समस्याओं के निस्तारण का फीडबैक लिया तथा समाधान शिविरों की सफलता के लिये आवश्यक निर्देश दिये। यहॉ पर उन्होंने राजस्व वसूली, लाइन हानियॉ कम करने तथा विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। रायबरेली के ही गोरा बाजार उपकेन्द्र में आयोजित शिविर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। यहॉ भी उपभोक्ताओं की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सख्त निर्देश दिये। अध्यक्ष ने रायबरेली जनपद के ही लालगंज ग्रामीण एवं तहसील के दो 33/11 केवी, उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। यहॉ पर शिवशंकर नामक उपभोक्ता को दो बार सितम्बर में बिल देने की जानकारी पर अध्यक्ष ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रकरण का तत्काल निस्तारण कराया। अध्यक्ष ने 132 केवी पारेषण उपकेन्द्र का भी निरीक्षण किया। फतेहपुर जनपद के शांतिनगर उपकेन्द्र का निरीक्षण करते हुये उन्होंने अधिकारियों से उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निस्तारण हेतु निर्देश दिये। यहॉ पर उन्होंने अवर अभियन्ता अमर बहादुर द्वारा उपभोक्ता संख्या, बकाया राशि आदि न बता पाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सख्त चेतावनी दी। यहॉ ओरियन्ट कम्पनी द्वारा संविदा कर्मियों को मुआवजा न देने के बिन्दु पर कर्मचारियों ने आग्रह किया जिस पर अध्यक्ष ने फतेहपुर के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया की संविदाकर्मियों एवं कम्पनी के विवाद का पूरा प्रकरण भेजिये यदि कम्पनी ज्यादती कर रही हो तो ब्लैक लिस्ट करिये। कर्मचारियों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष ने फतेहपुर जनपद के ही आबू नगर उपकेन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहॉ रजिस्टर को देखकर अवर अभियन्ता से असन्तुष्टि व्यक्त करते हुये उपभोक्ता की समस्या हल करने के बाद उसे फोन करके सूचना देने की हिदायत दी।

# नेशनल गेम्स में खिलाड़ियों के जरिए होगी ओडीओपी की ब्रांडिंग: सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेलकूल डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश से नेशनल गेम्स में हिस्सा वाले खिलाड़ियों के माध्यम से एक जिला.एक उत्पाद (ओडीओपी) की ब्रांडिंग देश के कोने-कोने में होगी। खिलाड़ियों को खेल किट व ट्रैक सूट के साथ-साथ लखनऊ का ओडीओपी उत्पाद चिकनकारी का स्टोल भी उपलब्ध कराया जायेगा। स्टेडियम में यूपी का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रगान के दौरान अपने गले में ओडीओपी प्रोडक्ट स्टोल डाले नजर आयेंगे। यह बात अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने शुक्रवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नेशनल गेम्स की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछली बार के नेशनल गेम्स में उत्तर प्रदेश को 67 पदक मिले थे। इस बार प्रदेश के खिलाड़ियों को सबसे उम्दा प्रर्दशन करते हुए कम से कम 100 पदक जीतने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शहरों एवं सूदूर ग्रामीण अंचलों से खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कृत संकल्पित है। इसके लिए गांव.गावए शहर-शहर खेल से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दिये जाने के साथ.साथ अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। डा. सहगल ने कहा कि गुजरात राज्य में 29 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स में यूपी से 450 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है और ये विभिन्न प्रकार के 24 खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। आगामी 25 सितम्बर को फ्लैग ऑफ करके टीमों को रवाना करने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के प्रति बेहद संजीदा है। उन्होंने तीन जनपदों गोरखपुर प्रयागराज तथा बागपत में स्पोर्ट सिटी के नाम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तु करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इसके अतिरिक्त गोरखपुर के रामगढ़ ताल एवं लखनऊ के गोमतीनगर में वाटर स्पोर्ट प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं। इससे रोईंगए याचिंग एवं कैनोइंग खेल को बढ़ावा मिलेगा। खिलाड़ियों की प्रतिभायें निखर कर सामने आयेंगी ।

## मुंबई से ऑनलाइन लॉटरी संचालित करने वाले गिरोह का मददगार इंजीनियर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुंबई** से ऑनलाइन लाटरी संचालित करने के मामले में दर्ज मुकदमे में वांछित एक साफ्ट वेयर इंजीनियर को एसटीएफ ने कानपुर नगर से गिरफ्तार किया है।

मुंबई क्राइम ब्रांच के डीसीपी ने अपने वहां आईपीसी की विभिन्न धराओं के साथ ही महाराष्ट्र गैम्बलिंग एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मुकदमे के नामजद अभियुक्त लव गुप्ता निवासी गुलमोहर, ग्रींस अपार्टमेंट, थाना बिठूर, कानपुर कमिश्नरेट की गिरफ्तारी के संबंध में यूपी एसटीएफ से सहयोग मांगा था। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने अपनी टीम को अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था। छानबीन के दौरान मिली सटीक जानकारी के आधार पर एसटीएफ ने अभियुक्त लव गुप्ता को गुलमोहर ग्रीन्स अपार्टमेन्ट बिठूर के फ्लैट नम्बर-1002 के बाहर से गिरफ्तार किया। एसटीएफ के अनुसार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह साफ्टवेयर इंजीनियर है। उसके द्वारा गोपाल शेट्टी जो ईगल इन्टरप्राइजेज नाम से मुम्बई में कम्पनी चलाता है उसके लिए साफ्टवेयर डिजाइन किया था। साफ्टवेयर को गो-डैडी डॉटकॉम से डोमेन लेकर गोपाल शेट्टी को सोलह लाख रुपये में दिया था। गोपाल शेट्टी द्वारा उक्त साफ्टवेयर के माध्यम से लिंक देकर काफी संख्या में अवैध ऑनलाइन लॉटरी के वेन्डर तैयार किए गए थे। गोपाल शेट्टी एवं उसके वेन्डरों द्वारा अवैध ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधड़ी एवं करोड़ों रुपये की ठगी की गयी। अभियुक्त लव गुप्ता उक्त साफ्टवेयर को डिजाइन करने के साथ-साथ उसका मेन्टीनेन्स आदि भी करता था, जिसके बदले में उसे कमीशन मिलता था।

# गांव को स्मार्ट बनाना है तो सबको आना होगा साथ: पाटील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्रीय** राज्य मंत्री पंचायतीराज कपिल मोरेश्वर पाटील ने कहा कि प्रधान तो सच में स्मार्ट हैं। अगली कार्यशाला में प्रधानों को विशेषज्ञ के तौर पर सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री का सपना ज़रूर पूरा होगा, हमारे गांव जरूर स्मार्ट गांव बनेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि गांव को स्मार्ट बनाना है तो सबको साथ आना होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ ध्येय बनाने की आवश्यकता है रास्ता अपने आप बन जाता है। केन्द्रीय मंत्री श्री पाटिल ने यह बात शुक्रवार को स्मार्ट गांव विषय पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान मेंआयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन अवसर पर कही। इस अवसर पर निदेशक पंचायतीराज अनुज कुमार झा ने सभी को ओड़ीओपी के विभिन्न प्रोडक्ट भेंट किए। कार्याशाला में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह, संयुक्त सचिव भारत सरकार आलोक प्रेम नागर निदेशक पंचायतीराज अनुज कुमार झा, 20 अन्य प्रदेशों के पंचायत प्रतिनिधि, पंचायतीराज विभाग भारत सरकार एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ विभिन्न अधिकारी गण एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। भारत के ग्रामों को स्मार्ट विलेज बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रथम सत्र में वर्ल्ड एकनामिक फोरम के अभय कुमार, डेलोईट से देवाशीष विश्वास, बीएमजीएफ से अर्जुन वेंकट रमण, सीनीयर सायरंटिस्ट डॉक्टर केतकी बापत, ओएनडीसी से शीर्ष जोशी, यूएनईपी की प्रतिनिधि मनीषा चौधरी, हाथरस की ग्राम प्रधान प्रियंका तिवारी आदि ने अपनी ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया।

## पीएम नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस आज

# भाजपा मनायेगी सेवा पखवाड़ा, प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू किए जा रहे सेवा पखवाड़े को लेकर पार्टी ने वृहद कार्ययोजना तैयार की है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला व अनूप गुप्ता ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों व अभियानों की विस्तृत कार्ययोजना साझा की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश मंत्री मीना चौबे भी मौजूद रहे।

प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला व अनूप गुप्ता ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों अभियानों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि शनिवार 17 सितम्बर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत शनिवार को पार्टी रक्तदान शिविर तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन संघर्ष, उनके व्यक्तित्व, प्रशासनिक क्षमता तथा परम वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए कार्य तथा उनके विजन को लेकर मोदी व्यक्तित्व प्रदर्शिनियों का आयोजन सभी संगठनात्मक जिलों, नगर निगम, नगरपालिका व नगर पंचायत स्तर पर करेगी। 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जी गोरखपुर तथा आजमगढ़ में रक्तदान शिविर में सम्मिलित होंगे और माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उन्नाव में व बृजेश पाठक राजधानी लखनऊ में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। प्रदेश भर में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में पार्टी पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्रीए जनप्रतिनिधि व अन्य प्रमुख नेता गणों के साथ पार्टी के कार्यकर्ताए स्वयंसेवी संगठन तथा आम जन सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर व नमो प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के मंत्री वीके सिंह गाजियाबाद महानगर, साध्वी निरंजन ज्योति फतेहपुरए, भानु प्रताप वर्मा जालौन, पंकज चौधरी महराजगंज, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही लखनऊ जिला, स्वतंत्र देव सिंह अयोध्या महानगर, लक्ष्मीनारायण चौधरी मथुरा महानगर, धर्मपाल सिंह आंवला, अनिल राजभर वाराणसी जिला, नंदगोपाल गुप्ता नन्दी प्रयागराज महानगर, जितिन प्रसाद रायबरेली, राकेश सचान कानपुर देहात, नितिन अग्रवाल रायबरेली तथा प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा वाराणसी महानगर सहित पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मण्डल व बूथ के पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्षए आयोग निगम बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य व पार्टी कार्यकर्ता जन सरोकार के कार्यो से जुडेंगे। सेवा पखवाड़ा के तहत 18 सितम्बर को सभी सीएचसी केन्द्रों पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएगें। जबकि 20 सितम्बर को सभी मण्डलों में सार्वजनिक स्थलों, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत सभी वार्ड में स्वच्छता अभियान तथा 21 सितम्बर को निर्माणाधीन अमृतसरोवरों पर स्वच्छता अभियान के साथ ही श्रमदान किया जाएगा। वहीं 22 सितम्बर को जल ही जीवन अभियान के तहत जन सम्पर्क करके जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा जल संरक्षण पर संवाद के कार्यक्रमों के तहत ब्लाक केन्द्रों पर जल संरक्षण व वर्षा जल संचय विषय पर गोष्ठियां आयोजित करके कैच द रेन अभियान पर चर्चा होगी। 23 सितम्बर को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत वन डिस्ट्रिक-वन प्रोडक्ट तथा लोकल उत्पादो की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को स्थानीय उत्पादों के लिए प्ररित करेंगे। इसके साथ ही 24 सितम्बर को जिलें में जनपद स्तर पर दिव्यांगो को कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितम्बर को बूथ स्तर पर अंत्योदय के प्रणेता के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ उनके व्यक्तित्व पर चर्चा के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि जुडेंगे। वहीं 26 सितम्बर को एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ प्रत्येक जिलें में निवास कर रहे किसी एक अन्य प्रांत के लोगों के साथ मिलकर सांस्कृतिक विरासत के तहत विविधता में एकता का उत्सव मनाया जाएगा। पार्टी 29 सितम्बर को कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर स्टॉल लगाकर तथा समाज में लोगों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरित करने तथा लोगों को टीकाकरण केन्द्र तक पहुंचाने का अभियान चलाएगी। वहीं 30 सितम्बर को टीबी मुक्त राष्ट्र के संकल्प के साथ नि:क्षय मित्र कार्यक्रम के माध्यम से बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को एक वर्ष के लिए गोद लेकर उनके भोजन पोषण एवं अजीविका के संदर्भ में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पदाधिकारियों तथा अन्य जन भागीदारियों के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे। वृक्षारोपण अभियान के तहत 1 अक्टूबर को बूथ स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा तथा रोपित वृक्ष का पालक भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूकता का अभियान भी चलाया जाएगा।

# खीरी के चार नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

- डीएम ने किया सक्षम आंगनबाड़ी पुस्तिका का विमोचन, कलेक्ट्रेट में हुई सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग
- अफसरों संग शामिल हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 700 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण व शिलान्यास, सक्षम एवं सशक्त आंगनबाड़ी पुस्तिका का विमोचन, सहयोग एवं बाल पिटारा एप का शुभारम्भ, 06 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए दुलार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट में एलईडी के जरिए देखा व सुना गया।

### इन चार नए केंद्रों का हुआ लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ से जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड मितौली की ग्रापं संडिलवा के नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र समसेपुर, पसगवा की ग्रापं गुरुदेवखेड़ा आंगनबाड़ी केंद्र लालपुर, धौराहरा की ग्रापं मटेहनी के आंगनबाड़ी केंद्र लालापुरवा एवं निघासन की ग्रापं भेड़ोरा के आंगनबाड़ी केंद्र मसुरहा का वर्चुअल लोकार्पण किया। वही विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने धौराहरा की ग्रापं मटेहनी के आंगनबाड़ी केंद्र लालापुरवा शिलापट का अनावरण कर भौतिक रूप से लोकार्पित किया। सभी नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों ने सीएम के उद्बोधन सुना एवं देखा।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएम ने सक्षम आंगनबाड़ी पुस्तिका का विमोचन किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमतावर्धन एवं गृह भ्रमण में परामर्श की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सक्षम ;पोषण मैनुअलद्ध विकसित किया गया है। आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले नन्हे.मुन्ने अब बाल पिटारा एप्लिकेशन से सीखेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों के मोबाइल फोन में एप्लिकेशन अपलोड कराए। माता पिता इसके जरिए अपने बच्चों को पढ़ाएंगे। एप्लिकेशन में पढ़ाई को रूचिकर बनाने के लिए खेल का रूप दिया गया ताकि नन्हे.मुझे आसानी से पढ़ाई पूरी कर सकें। बाल पिटारा एप्लिकेशन में 32 कहानियों व 32 कविताएं अपलोड रहेगी। अभिभावक बच्चों को कहानी व कविता याद कराएंगे। नैतिक शिक्षा से जुड़ी कहानियों व कविताओं से नन्हे.मुन्नों की जानकारी बढ़ेगी। वहीं उनका मनोरंजन भी होगा।

डीएम ने कहा कि सहयोग ऐप खासकर सुपरवाइजरी कैडर सीडीपीओ व मुख्य सेविका की मदद के उद्देश्य से विकसित किया है। यह ऐप विभागीय अधिकारी बाल विकास संबंधी सभी योजनाओं की आंगनबाड़ी केंद्र के हिसाब से वास्तविक स्थिति देख सकेंगे। अधिकारी क्षेत्र के हिसाब से पात्र लाभार्थियों, दिव्यांगों को कुपोषित, अति कुपोषित बच्चों की संख्या सिर्फ एक क्लिक पर जान सकेंगे। साथ ही बहुत ही आसानी से पता चल सकेगा कि आंगनबाड़ी केंद्र पर कितने गोदभराई, अन्नप्राशन, सुपोषण वॉश, वजन एवं किशोरी दिवस आयोजित हुए है। डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव ने सक्षम एवं सशक्त आंगनबाड़ी पुस्तिका, सहयोग एवं श्बाल पिटारा एप, 06 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए दुलार कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। कार्यक्रम में सीडीपीओ अंजली गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, अनिल वर्मा, मुख्य सेविका दीपारानी, कीर्ति सचान सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

## बिजली उपभोक्ताओं को समस्या का निदान कराने का आश्वासन

**औरंगाबाद-खीरी।** औरंगाबाद पॉवर हाउस पर चल रहे विद्युत समाधान सप्ताह के मौके पर बिजली विभाग के जेई नंदराम ने जानकारी देते हुए कहा कि औरंगाबाद क्षेत्र में 12 से 19 सितम्बर तक विद्युत समाधान सप्ताह प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे लगाया जा रहा है। इस शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। जैसे विद्युत उपभोक्ताओं से उनके बकाया विद्युत बिलों का भुगतान प्राप्त करना एवं बिल सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण, कनेक्शन या लोड बढ़ाने या मीटर लगाने के निवेदन पर त्वरित कार्यवाही, सभी प्रकार के विद्युत संयोजनों ;कनैक्शनद्ध से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों त्वरित निस्तारण, लोड या वोल्टेज अथवा जर्जर तार जैसी शिकायतों का निदान, जिसमें त्वरित समाधान सम्भव हो, सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का निदान, विधुत उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्थापित जले, खराब व क्षतिग्रस्त मीटरों को बदलने के साथ.साथ पुराने मीटरों के स्थान पर नवीन मीटर स्थापित कराने का कार्य, अन्य विद्युत सम्बन्धी समस्याओं से सम्बन्धित निवेदनों एवं सुझावों पर विचारध्कार्यवाही शामिल है।उन्होंने अपील की है जिन उपभोक्ताओं को इस प्रकार की शिकायतें हैं तो वह 12 से 19 सितम्बर तक विधुत समाधान सप्ताह में प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

### घर मे घुसा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**बेलरायां खीरी।** रात तीन बजे घर में घुसे मगरमच्छ ने पालतू मवेशी पर किया हमला घर वालों जब देखा तो घबराए वन विभाग को सूचना दी वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू कर जौरहा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र में गुलरिहा पत्थर शाह के मजरा चीमा टांडा में रात तीन बजे प्रकाश के घर मगरमच्छ घुस गया मगरमच्छ ने घर मे घुसते ही पालतू मवेशी पर हमला कर दिया जानकारी होने पर प्रकाश ने उत्तर निघासन रेंज के बेलरायां वन विभाग में सूचना दी सूचना मिलते ही वन्य जीव रक्षक श्याम सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर मगरमच्छ को पकड़कर जौरहा नदी में छोड़ दिया। क्षेत्रीय वनाधिकारी बलवंत बहादुर सिंह ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में मगरमच्छ नदी से बाहर आ जाते हैं जिन्हें सुरक्षित पकड़कर छोड़ना वन विभाग की जिम्मेदारी है नदी से बाहर देखे जाने की सूचना वन विभाग को जरूर दें।

## क्विक न्यूज

### मोहाना नदी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ा

**बेलरायां खीरी।** तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से मोहाना नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है बाढ़ आने के हालात पैदा होने से जहां किसानों को अपनी धान की फसल की चिंता होने लगी है वहीं इंडो नेपाल सीमा के बॉर्डर पर बसे गांवों के लोग बाढ़ आने की आहट से घबराए हुए हैं भारत और नेपाल का आवागमन लगभग बन्द हो गया है। तीन दिन से हो रही भारी बारिश से इंडो नेपाल बॉर्डर को विभाजित करती पहाड़ी नदी मोहाना उफान पर है साथ ही नेपाली नदी कन्दरा में भी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है इधर बारिश रुकने का नाम नही ले रही है जिससे इलाके के किसान बाढ़ आने की सम्भावना के चलते बीते वर्ष धान की बर्बादी को सोंचकर ही भयभीत हो रहे हैं पिछले वर्ष सितम्बर में धान की फसल कट रही थी और अचानक बाढ़ ने सब बर्बाद कर दिया था कुदरत को क्या मंजूर है कि खेतों में धान की फसल तैयार है तेज हवा व बारिश के कारण धान व गन्ना गिर जाता है ऊपर से खेतों में जल भराव की स्थिति से लोग चिंता में है। इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल की कई चौकियों में भी बाढ़ का पानी भर जाता है।कड़िया बेलापरसुआ मार्ग के गददनिया गांव के पास बने रपटा पुल व सड़क नीची होने के कारण बेलापरसुआ,पिछला पुरवा, आलूपुरवा,शास्त्री पुरवा, दुमेडा, देवीदयाल पुरवा, झाऊराम पुरवा, उत्तर पट्टी, झगड़ पुरवा, हौशल पुरवा, धकहैनी, सरदारपुरवा, सगरा पुरवा सहित लगभग दर्जन भर गांवों के लोगों का संपर्क अपने मुख्यालय से कट जाता हैएवहीं तिकुनियां क्षेत्र में नया पिंड सहित कई गांव बाढ़ की जद में है।

### गन्ना विकास मंत्री ने दिवंगत विधायक की समाधि पर चढ़ाए फूल

**गोला गोकर्णनाथ।** शुक्रवार को गन्ना विकास मंत्री संजय गंगवार दिवंगत विधायक अरविंद गिरि के फार्म हाउस पर पहुंचे और उनकी समाधि पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। गन्ना विकास मंत्री संजय गंगवार ने लालहापुर स्थित फार्म हाउस पर दिवंगत विधायक अरविंद गिरी की समाधि और चित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गन्ना विकास मंत्री ने विधायक पुत्र अमन गिरीए भाई जनार्दन गिरिए मधुसूदन गिरिए अजय गिरिए धर्मेंद्र गिरि मोंटी को सांत्वना दी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख विमल वर्माए भाजपा नेता विनोद वर्माए सुरजन लाल वर्माए अवधेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से मिले भाजपाई

**निघासन खीरी।** बीते बुधवार को दो सगी बहनों से दुष्कर्म करके हत्या करने के बाद देश मे भूचाल सा आ गया।सरकार को विपक्ष ने घेर लिया।राजनीति इस।कदर बढ़ी की सपा एबसपाएआपएव अन्य दलों ने खुलेआम सरकार की फजीहत कर डाली।गौरतलब है कि गुरुवार देर शाम दोनो शव पुलिस प्रशासन और लोगों की मौजूदगी में दफना दिए गए है।जिसके बाद प्रशासन ने भी चैन की सांस ली।वहीं शुक्रवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा के कई जिले और स्थानीय नेताओं का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुँचा। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और शासन द्वारा मांगे जल्द ही पूरी होने का आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि यह घटना हर किसी को झकझोर कर देने वाली है।सरकार पीड़िता परिवार के साथ है।उन्होंने यह भी बताया कि पहली किस्त खाते में भेजी जा चुकी है।वहीं सरकार ने जो वादे किए है वह भी शीघ्र पूरे होंगे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा, जिलामंत्री राम जी दीक्षित, जिला महामंत्री विनोद लौधी, सीए अंशुल दीक्षित व अशोक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली के गोकन पिपरी में हुए सामूहिक दुष्कर्म मे पांचवा अभियुक्त भी भेजा गया जेल। अभी तक चार अभियुक्त ही भेजे गये थे। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि मुकदमे के विवेचक ने नाबालिक अभियुक्त पुष्पेनदर कुमार को किशोर न्यायालय हरदोई भेजा है। अभी तक चार अभियुक्त ही जेल जा चुके हैं। पीडित के भाई ने पांच नामजद की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गौरतलब है पीडित बालिका की हालत नाजुक होने पर लखनऊ अस्पताल भेजा गया था। हालत स्थिर होने पर बालिका के 164 के बयान कराऐ गये। जिसमे बालिका ने पांच में अभियुक्त पुष्पेंद्र का नाम भी लिया। पुलिस ने बालिका के बयान के अनुसार अभियुक्त को गिरफ्तार कर नाबालिक बाल सुधार गृह भेजा है।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर मनाया गया सेवा सप्ताह

**धौरहरा खीरी।** ब्लाक धौरहरा सभागार मे प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर सेवा सप्ताह मनाया गया। जिसमें धौरहरा विधानसभा के तीनोँ मंडलों की बैठक आहूत की गई। प्रभारी शंकर लाल लोधी धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी पूर्व विधायक बाला अवस्थी जिला मंत्री दुर्गेश नंदन पांडेय जी मुख्य अतिथि के रूप मै शामिल हुए। शंकर लाल लोधी ने आनेवाले निकाय चुनाव पर चर्चा की कि सभी संभावित उम्मीदवार अभी से जुट जाये। विनोद शंकर अवस्थी और बाला अवस्थी ने अपने विचार ब्यक्त किए।सभी भाजपा सदस्यों पधाधिकारियो और कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव मे जुटने के लिए कहा। भयंकर मूसलाधार बारिश मे ये बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अधिकांश कार्य कर्ता भीगते रहे लेकिन बैठक चलती रही। इस बैठक मे मंडल अध्यक्ष रमियाबेहड़ जयप्रकाश विश्वकर्मा मंडल महामंत्री आनंद शुक्ला, पियूष श्रीवास्तव, दुर्गेश गुप्ता, डाण् मुकेश गुप्ता, नितिन गुप्ता,नंदकिशोर, सिप्पू निगम, भगौती शुक्ला, सुरेंद्र दीक्षित और भाजपा के दिग्गज नेता रमाशंकर उर्फसफल महराज शामिल रहे।

### आरएलडी ने लखीमपुर में हुई दो बहनों की हत्या मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की



**बरेली।** लखीमपुर खीरी में सगी दोनो बहनों के साथ गैंग रेप के बाद हत्या कर दी। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय लोक दल जनपद के जिला प्रभारी सर्वेश पाठक के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया और सर्वेश पाठक ने मांग की लखीमपुर खीरी जनपद में सगी दो बहनों के साथ जघन्य अपराध की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए । लखीमपुर खीरी के थाना सिंघासन क्षेत्र में दो सगी बहनों की हत्या की गयी है। शीघ्र से शीघ्र घटना में लिप्त दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाने की मांग करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार के राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त एवं चौपट है अपराधियों को शासन प्रशासन का कोई भय नहीं है। महिला सम्मान हेतु आवश्यक कदम भी उठाये जायें । हम सब राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता पीडित परिवार के साथ हैं। मांग करते हैं कि उक्त बिन्दुओ की शीघ्र से शीघ्र जाँच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। ज्ञापन के दौरान ओमपाल, सुमित शर्मा, देवदास कश्यप, विकास पाठक, दीपक संखधार, रानू शर्मा, दिनेश कुमार, सत्यम, देवकी नंदन, मेहकू पाल आदि लोग मौजूद रहे ।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**मोहम्मदी खीरी।** रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई तो वही तेज हवाओं के चलते किसानों की फसलों को बहुत बड़ा नुकसान होने की संभावना है।धान की रोपाई के समय बारिश न होने के कारण धान की रोपाई बहुत कम किसानों ने की थी।जिससे क्षेत्र में धान का रकबा वैसे भी घट चुका है। वही जो किसान केले की खेती करते हैं। उन किसानों का कहना है कि बारिश से उन्हे काफी ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होने से केले के पेड़ खेतों में गिर जाते है। जिससे केले की फसल भी खराब हो जाती है।जिससे केले की खेती करने वाले किसानों को काफी नुकसान हुआ है।वही गन्ने की फसल को बरसाती पानी न मिलने से काफी बौना हो जाने के कारण किसानों की लागत भी वापस आना मुश्किल लग रहा है। वही वारिश के इंतज़ार में बैठे किसानों के चेहरे खिल उठे। तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश हो रही हैं।वारिश के साथ तेज हवाओं के करण धान की फसलों को भी नुकसान हुआ है।वही तेज हवाओं के चलते गन्ने व केले की फसलों के गिर जाने के कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी की लकीरें छाई हुई है।

## तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश से गिरे पेड़

**पलियाकलां खीरी।** गुरुवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को सुबह से ही तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। लगातार कई घंटों से तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के चलते पलिया संपूर्णानगर पलिया दुधवा व पलिया भीरा आदि रोडों पर पेड़ आ गिरे जिससे कुछ कुछ समय के लिए उक्त रोड पर यातायात बाधित हो गया। वही तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के चलते किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को भारी नुकसान हुआ है अधिकतर किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल खेतों में पलट गई। लगातार हो रही बारिश के चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा आधी से अधिक बाजार बंद दिखाई दी और लोग अपने घरों में कैद रहे। इतना ही नहीं तेज हवाओं के चलते विद्युत सप्लाई भी काट दी गई जो कई घंटों तक बाधित रही।

## दलित युवतियों के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

- दो लाख की सहायता और एक-एक माह का वेतन देने की घोषणा

**लखीमपुर खीरी।** निघासन विधानसभा क्षेत्र के तमोलिनपुरवा गांव में पिछले दिनों हुए दो दलित युवतियों के गैंगरेप और हत्याकांड के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। घर वालों को ढांढस बंधाया और काँग्रेस पार्टी की तरफ से दो लाख रुपये की आर्थिक मदद और काँग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना व वीरेंद्र चौधरी ने अपना एक माह का मासिक वेतन देने की घोषणा की। काँग्रेस पार्टी की नेता विधानमंडल विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार रेप जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं लेकिन राज्य सरकार अपराधों पर लगाम लगाने में पूरी तरह से विफल हैस हम मांग करते हैं कि सरकार पीड़ित परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपए का मुआवज़ा और एक सरकारी नौकरी तत्काल प्रदान करें और दोषियों को फाँसी की सज़ा दे। फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म और उनकी हत्या जैसी घटना होने के बावजूद पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवारजनों के साथ खींचातानी की। दुर्व्यवहार किया। वह इस सरकार और प्रशासन की दलितों और पिछड़ों के प्रति मनोदशा दिखाता है। प्रदेश में लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं और भाजपा सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह से विफल है। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा मोहम्मदी के ग्राम पीपरी गोकन में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता के घर पर परिवारजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सतीश अजमानी पूर्व विधायक व कोषाध्यक्ष प्रदेश काँग्रेस कमेटी, अभिषेक सिंह पटेल प्रदेश महासचिव, ममता चौधरी अध्यक्ष प्रदेश महिला कांग्रेस.मध्य जोन, तनुज पुनिया .कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग आदि काँग्रेस जन उपस्थित रहे।

## महमूदाबाद का विकास करना ही प्राथमिकताः आशा मौर्या

**संवाददाता।** महमूदाबाद सीतापुर

**महमूदाबाद** विकास के लिए डेढ़ दर्जन से अधिक सड़कें निर्माणाधीन हो चुकी हैं। यह बात विधायिक आशा मौर्य ने विकास खंड कार्यालय के पंचायत भवन में निर्मित किये गए पुस्तकालयों का लोकार्पण करते हुए कही। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी करुणेश, आरके जैन, भाजपा नेता मोहन प्रसाद बारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अम्ब्रीश गुप्ता, जिला मंत्री सुधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष रमाशंकर वर्मा, सीपी तिवारी, सीपी निगम, अतुल चित्रांश, ग्राम पंचायत अधिकारी अनुज उमराव, चंदन विष्ट, बृजेश यादव आदि उपस्थित रहे। बीडीओ ने कहा कि महमूदाबाद की 76 ग्राम पंचायत में से 68 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय बनाया जा चुके हैं।

## सीतापुर में भारी बरसात के बाद निकले डीएम-एसपी, किया निरीक्षण

- मोहल्लों में हुए जलभराव को निकालने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** सीतापुर



**विगत दो** दिनों से लगातार हो रही बारिश के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने संयुक्त रूप से मुंशीगंज सीतापुर जलभराव का निरीक्षण किया एवं जलभराव को शीघ्र दूर करने हेतु अतिरिक्त पम्प लगाकर जलभराव की समस्या को समाप्त किये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर को दिये। उन्होंने कहा कि मौसम अभी खराब है बारिश लगातार हो रही है सभी लोगों को सावधान एवं जागरूक किया जाये। बिजली के खम्भों, लटके तारों आदि से दूरी बनाये रखी जाये तथा वाहनों को सावधानियां पूर्वक चलायें। जलमग्न गढ्डों से सावधानी बरतें।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तंबौर क्षेत्र के गाजर इंटर कॉलेज में अस्थाई बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों यथा सहायता, खाद्यान्न वितरण, पानी की स्थिति, कटान, शिफ्टिंग आदि की जानकारी लेकर सभी को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं कटान की समय-समय पर जानकारी लेते रहे कहीं कोई भी समस्या आ रही है तो बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की सहायता हेतु मार्ग, विद्युत, स्वास्थ्य की टीमें हमेशा तैयार रहें ताकि किसी प्रकार की समस्या आने पर उनकी मदद हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा सके। उन्होंने कहा कि नाव एवं नाविकों को एलर्ट मोड पर रखें, उनसे लगातार सम्पर्क बनाये रखा जाये। अस्थाई बाढ़ चौकियों पर विद्युत, इन्वर्टर, शौचालय, पीने योग्य स्वच्छ जल, मोमबत्ती, टार्च आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। बाढ़ चौकियों में खाट, बिस्तर, बैठनें की व्यवस्था तैयार रखी जाये। उपजिलाधिकारी लहरपुर, क्षेत्राधिकारी लहरपुर एवं तहसीलदार लहरपुर को निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्रों की पल-पल की जानकारी लेते रहे तथा कर्मचारियों की तैनाती उनके क्षेत्र में रहे, बिना अनुमति इन क्षेत्रों के कर्मचारी बाहर न जायें। बाढ़ की जानकारी स्थानीय लोगों को देते रहें तथा लगातार उनके सम्पर्क में रहें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर अनुपम मिश्रा, क्षेत्राधिकारी लहरपुर, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### भरोसेमंद व...

हुए। मोदी ने कहा कि भारत एससीओ सदस्यों के बीच वृहद सहयोग और परस्पर विश्वास का समर्थन करता है। महामारी और यूक्रेन संकट के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला में कई व्यवधान आए जिससे दुनिया को अभूतपूर्व ऊर्जा एवं खाद्य संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एससीओ को हमारे क्षेत्र में विश्वस्त, लचीला और विविधतापूर्ण आपूर्ति शृंखला विकसित करने के लिए प्रयत्न करने चाहिए। इसके लिए बेहतर संपर्क की आवश्यकता तो होगी ही, साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हम सभी एक दूसरे को पारगमन का पूरा अधिकार दें। विश्व भर में खाद्य असुरक्षा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समस्या का एक संभावित समाधान मोटे अनाज (मिलेट) की खेती और उपभोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मिलेट एक ऐसा सुपरफूड है, जो न सिर्फ एससीओ देशों में, बल्कि विश्व के कई भागों में हजारों सालों से उगाया जा रहा है, और खाद्य संकट से निपटने के लिए एक पारंपरिक, पोषक और कम लागत वाला विकल्प है। उन्होंने कहा कि हमें एससीओ के तहत एक मिलेट फेस्टिवल के आयोजन पर विचार करना चाहिए। आर्थिक सहयोग के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा, जब पूरा विश्व महामारी के बाद आर्थिक संकट से उबरने की चुनौतियों का सामना कर रहा है, एससीओ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। एससीओ के सदस्य देश वैश्विक जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देते हैं, और विश्व की 40 प्रतिशत जनसंख्या इन देशों में निवास करती है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था...

नेताओं की मौजूदगी में यह बात कही। उन्होंने कहा, हम हर क्षेत्र में नवोन्मेष को समर्थन कर रहे हैं। आज भारत में 70,000 से अधिक स्टार्टअप हैं। इसमें से 100 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले) हैं। हमारा अनुभव एससीओ के अन्य सदस्य देशों के लिए उपयोगी हो सकता है। मोदी ने कहा, इसके लिए हम स्टार्टअप और नवोन्मेष पर विशेष कार्यकारी समूह गठित कर एससीओ सदस्य देशों के साथ अपने अनुभव साझा करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत जन-केंद्रित विकास मॉडल में प्रौद्योगिकी के समुचित उपयोग पर काफी ध्यान दे रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत अब भी तीव्र वृद्धि वाली अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

### प्रधानमंत्री ने...

हैं कि यह जल्द से जल्द खत्म हो। वहां पर क्या हो रहा उससे हम आपको अवगत कराते रहेंगे। ऐसा समझा जाता है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। भारत ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए अब तक रूस की आलोचना नहीं की है। भारत बातचीत के जरिए संकट के समाधान पर जोर दे रहा है। प्रधानमंत्री ने तुर्की के राष्ट्रपति तैयप एरदोदान से भी मुलाकात की।

### भारत को...

राष्ट्रपति चिनफिंग ने बीजिंग स्थित आठ सदस्ईय क्षेत्रीय समूह की अध्यक्षता मिलने पर भारत को बधाई दी।

### ईडी ने...

अधिकारियों को निलंबित भी किया था। इस मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मुख्य आरोपी हैं। इसमें आप सरकार के कुछ नौकरशाहों को भी आरोपी बनाया गया है। सीबीआई ने बीते 19 अगस्त को सिसोदिया (50) के आवास समेत आईएएस अधिकारी और दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्णा के ठिकानों और सात राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 19 जगह छापेमारी की थी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में सिसोदिया के पास आबकारी और शिक्षा सहित कई विभाग हैं। वह दिल्ली के उपमुख्यमंत्री भी हैं। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई को कथित हवाला सौदे से जुड़े पीएमएलए के तहत दर्ज एक अन्य आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में बंद हैं। आबकारी छापों की कड़ी में शुक्रवार को ईडी ने पीएमएलए के तहत उनके बयान भी दर्ज किए।

### गुजरात कांग्रेस...

संहिता की धारा 143 (गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना) और 147 (दंगा) के साथ-साथ गुजरात पुलिस कानून की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई। प्रमुख दलित नेता मेवाणी 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर विजई हुए थे। बाद में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपनी गुजरात इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।

### अमरिंदर अगले...

उस समय कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री लंदन से लौटने के बाद विलय की घोषणा करेंगे। दो बार मुख्यमंत्री रह चुके सिंह पूर्ववर्ती पटियाला शाही परिवार के वंशज हैं। उन्होंने पिछले साल चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। पीएलसी ने भाजपा और सुखदेव सिंह ढींढसा की अगुवाई वाले शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर विधानसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि, उसका एक भी उम्मीदवार जीत हासिल नहीं कर पाया था और खुद सिंह को भी अपने गढ़ पटियाला शहरी सीट पर शिकस्त मिली थी।

### मूसेवाला हत्या...

दी गई थी। मानसा की एक अदालत में पिछले महीने दायर।,850 पन्नों के आरोप पत्र में पुलिस ने कहा कि गैंगस्टर गोल्डी बरार, हत्याकांड का मास्टरमाइंड है और उसने हत्या को अंजाम देने के लिए जग्गू भगवानपुरिया, लॉरेंस बिश्नोई और अन्य के साथ मिलकर काम किया।

### लखनऊ में...

भी नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने अधिकारियों को इसका सर्वेक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार लखनऊ में भारी बारिश से नौ, उन्नाव में पांच, फतेहपुर में तीन, झांसी में एक, रायबरेली में एक, प्रयागराज में दो तथा सीतापुर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं कन्नौज में आकाशीय बिजली से एक और सोनभद्र में सर्पदंश से दो लोगों की मौत की सूचना प्राप्त हुई है। वहीं फ तेहपुर में पांच, अमेठी में दो तथा जनपद मऊ में एक पशुहानि हुई है। वहीं लखनऊ की घटना के संबंध में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था पीयूष मोर्डिया ने बताया कि यह घटना कैंट थाना क्षेत्र के दिलकुशा इलाके में हुई। दिलकुशा के पास एक 10 साल पुरानी भारी-भरकम दीवार गिरने से दीवार के किनारे झोपड़ी डालकर रह रहे 9 लोगों की दीवार के मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। आधी रात के बाद हुए इस भीषण हादसे की सूचना के बाद जिला अधिकारी सूर्यपाल गंगवार और पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे सभी लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकलवाया। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलकुशा के पास छावनी क्षेत्र में एक बड़ी दीवार के किनारे झोपड़पट्टी डाल कर रहे झांसी के रहने वाले लोगों पर दीवार गिर गई दीवार के मलबे में दबकर झोपड़ी में सो रहे हैं तीन पुरुष तीन महिलाएं और तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### यूक्रेन से...

जब केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि कानून के प्रावधानों के अभाव में उन विद्यार्थियों को भारतीय चिकित्सा महाविद्यालयों में समायोजित नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने एक हलफनामे में कहा कि अब तक, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की ओर से किसी भी भारतीय चिकित्सा संस्थानाविश्वविद्यालय में एक भी विदेशी मेडिकल छात्र को स्थानांतरित करने या समायोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। केंद्र ने हालांकि कहा कि यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी न कर पाने वाले विद्यार्थियों को सहायता और सहयोग के लिए एनएमसी ने विदेश मंत्रालय के परामर्श से छह सितम्बर को एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें संकेत दिया गया है कि आयोग यूक्रेन की मूल संस्था की अनुमति से अन्य देशों में अपने शेष पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र को स्वीकार करेगा।

### चीतों की...

के संरक्षण के लिए काम करने वाला नामीबिया स्थित अंतरराष्ट्रीय गैर लाभकारी संगठन चीता संरक्षण कोष (सीसीएफ) के अनुसार भारत लाए जाने वाले आठ चीतों में पांच मादा हैं जिनकी उम्र दो से पांच साल के बीच है। दो नर चीते जो आपस में सगे भाई हैं, उनकी उम्र साढ़े चार और साढ़े पांच साल है। मालूम हो कि चीता जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है।

# फॉक्सकॉन के गुजरात जाने पर महाराष्ट्र सरकार पर बरसे आदित्य

**भाषा।** रत्नागिरी (महाराष्ट्र)

**शिवसेना नेता** आदित्य ठाकरे ने वेदांता-फॉक्सकॉन द्वारा सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र के बजाय गुजरात को चुनने पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि डबल इंजन वाली सरकार का एक इंजन नाकाम हो गया है। शिवसेना के बागी विधायक और राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत के गृह जिले रत्नागिरी में ठाकरे ने शिव संवाद यात्रा के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री परियोजना के विवरण के बारे में बिल्कुल अनजान थे। यह परियोजना महाराष्ट्र से बाहर कैसे चली गई, जब हमने वेदांता के साथ इतनी बैठकें की थीं? मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री इस बारे में अनजान थे। ऐसी

## डबल इंजन सरकार का एक इंजन नाकाम



स्थिति में किसी अन्य राज्य में मुख्यमंत्री उद्योग मंत्री का इस्तीफा मांग लेते। महाराष्ट्र सरकार इस बात से भी अनजान है कि एक बड़ा ड्रग पार्क भी राज्य के हाथ से निकल गया है आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश तथा गुजरात में बनने वाला है। कटाक्ष करते हुए कहा, डबल इंजन वाली सरकार का एक इंजन कैसे नाकाम हो गया? भाजपा डबल इंजन सरकार का इस्तेमाल केंद्र और राज्य में अपनी सरकार के लिए करती है, जिसका दावा है कि इससे निर्बाध विकास में मदद मिलती है। राज्य सरकार एयरबस की एक अन्य परियोजना से भी अनजान थी, जो नागपुर में शुरू हो सकती है। उनके द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद राज्य सरकार जगी और कहा कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि यह परियोजना राज्य में आए। ठाकरे ने शिंदे खेमे के बागी विधायकों पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बीमार होने पर पीठ में छुरा घोंपा। वेदांता-फॉक्सकॉन द्वारा सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए मंगलवार को गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया।

# प्रधानमंत्री हवाईअड्डा व पनबिजली परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**भाषा।** ईटानगर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** देश के पूर्वी राज्य अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे और ईटानगर हवाई अड्डा तथा 600 मेगावाट की कामेंग पनबिजली परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी और मोदी ने खांडू से कहा था कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) यात्रा के लिए सुविधाजनक तारीख की जानकारी देगा।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान खांडू ने उन्हें दो परियोजनाओं के बारे में बताया जो पूरी हो चुकी हैं और संचालन के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के आठ वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर राज्य में शुरू की गई विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी मोदी को दी। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि ईटानगर हवाई अड्डा पूर्वोत्तर का पहला हवाई अड्डा होगा जहां बड़े विमानों के उतरने की सुविधा होगी।

खांडू ने प्रधानमंत्री से कहा, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से सात सितंबर को आवश्यक लाइसेंस मिल जाने के बाद ईटानगर हवाई अड्डे का परिचालन शुरु करने का रास्ता साफ हो गया है तथा यह राष्ट्र को समर्पित किए जाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही खांडू ने प्रधानमंत्री को उनके समर्थन व मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने मोदी को बताया कि कामेंग परियोजना चालू कर दी गई है और यह देश के बिजली क्षेत्र, खास कर पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक बड़ा वरदान होगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूर्वोत्तर में अपनी तरह की सबसे बड़ी परियोजना है और इस पर करीब 8,000 करोड़ रुपए की लागत आई है।



भुवनेश्वर में आईएएफ सूर्य किरन की हवाई टीम एअर शो करते हुए।

# नगालैंड में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा गए गिरजाघर, ऑटो-रिक्शा रैली में लिया हिस्सा

**भाषा।** कोहिमा/दीमापुर

**भाजपा** के अध्यक्ष जे पी नड्डा शुक्रवार को नगालैंड की राजधानी कोहिमा में एक गिरजाघर गए और पादरियों को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। बृहस्पतिवार को दो दिन की नगालैंड यात्रा पर पहुंचे नड्डा यहां मैरी हेल्प ऑफ क्रिश्चियन कैथेड्रल गए। उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तेमजेन इमना एलोंग और सांसद फांगनोन कोनयाक भी थे। इस गिरजाघर का 16 फुट ऊंचा क्रॉस एशिया में सबसे ऊंचे क्रॉस में से एक है। नगालैंड ईसाई बहुल राज्य है।

नड्डा ने कैथेड्रल की आंगतुक पंजिका में लिखा, होली पैलेस द कैथेड्रल में आना बहुत बड़ा मौका रहा। ईश्वर की आराधना के लिए किए गए प्रबंध से वाकई प्रभावित हुआ। गिरजाघर के पादरी फादर वेमेडो जोसेफ और चांसलर ऑफ कोहिमा डियोसेस फादर जैकब चारालेल ने भाजपा नेताओं को बताया कि 1989 में यह गिरजाघर स्थापित किया गया। नड्डा ने गिरजाघर प्रशासकों को न केवल प्राकृतिक सुंदरता बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए और पेड़ लगाने को प्रोत्साहित किया।

उसके बाद भाजपा प्रमुख हेलीकॉप्टर से दीमापुर गए जहां उन्होंने उपमुख्यमंत्री वाई पट्टोन के साथ सुसज्जित ऑटोरिक्शा की सवारी की। ऑटोरिक्शा रैली के दौरान हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए दोनों वरिष्ठ भाजपा नेता चुमौकेडिमा में एक रिसॉर्ट में गए जहां उन्हें बुद्धिजीवियों एवं पेशेवरों के साथ बैठक की। दोपहर में दिल्ली रवाना होने से पहले भाजपा प्रमुख ने उपमुख्यमंत्री के निवास पर प्रदेश भाजपा की कोर समिति के साथ एक बैठक की। इस बैठक में क्या-क्या चर्चा हुई, उसका तत्काल पता नहीं चल पाया है।

# खाद्यान्न का गबनः पंजाब में पांच ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़।** पंजाब के सतर्कता ब्यूरो ने पांच ठेकेदारों के खिलाफ खाद्यान्न का गबन करने के आरोप में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि ठेकेदारों ने वाहनों के जाली दस्तावेज जमा कर अनाज मंडियों से खाद्यान्न की ढुलाई करने के लिए निविदा हासिल की। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग एवं संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की निविदा आवंटित करने में मिलीभगत थी। निविदा फरीदकोट जिले के जैतो और कोटकपूरा अनाज मंडियों से खाद्यान्न की ढुलाई के लिए थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि ठेकेदारों ने 2019-20 में ढुलाई की निविदा से जुड़ी सूचियों में वाहनों के जाली पंजीकरण नंबर कथित रूप से उपलब्ध कराए थे जो साफ तौर पर नियमों का उल्लंघन है। निविदा के तथ्यों के सत्यापन के दौरान, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की जिला निविदा समिति को ठेकेदारों की तकनीकी बोली को खारिज कर देना चाहिए था।

# भारत 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी का सामना कर रहा हैः राहुल

**कोल्लम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत बीते 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी का सामना कर रहा है और देश के युवाओं के भविष्य को मजबूती प्रदान करना व उनके मन में सकारात्मकता लाना उनकी पार्टी का कर्तव्य है। गांधी सात सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के सिलसिले में आज कोल्लम जिले के नीन्दकारा पहुंचे हैं। फेसबुक पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा कि वह इस यात्रा के दौरान अनेक युवाओं से मिल रहे हैं और सरकार से उनकी क्या उम्मीदें हैं, इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं।

यदि देश युवा शक्ति का उपयोग करे, तो बहुत तेजी से विकास कर सकता है। गांधी ने कहा, लेकिन देश में पिछले 45 वर्षों में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और निराश हैं। यह हमारा कर्तव्य है और आज समय की मांग भी है कि हमारे युवाओं के भविष्य को मजबूती प्रदान करें, उनमें सकारात्मकता लाएं। भारत जोड़ो यात्रा के सुबह के चरण के



समापन के बाद, गांधी काजू उत्पादकों, उद्यमियों, ट्रेड यूनियनों और कांग्रेस पार्टी के दो सहयोगी दलों आरएसपी और फॉरवर्ड ब्लॉक के नेताओं के साथ चर्चाएं कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं अनेक युवाओं से मिल रहा हूं, सरकार से उनकी उम्मीदों को समझ रहा हूं कि वे अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए हमसे किस तरह की मदद चाहते हैं तथा हम उनके लिए और कितनी संभावनाएं पैदा कर सकते हैं। गांधी ने यह भी कहा कि यात्रा का उद्देश्य बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों और आदिवासियों की बात सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

हम आगे बढ़ रहे हैं, युवा हमसे खुलकर बात कर रहे हैं, साथ चल रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम सभी अपने भारत को एकजुट करेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे। यात्रा का शाम का चरण चावरा बस स्टैंड से शुरू होगा और करुणागपल्ली में समाप्त होगा जहां भारत जोड़ो यात्रा के सदस्य रात भर रुकेंगे। कांग्रेस का 3,570 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुआ और जम्मू-कश्मीर में समाप्त होगा। दस सितंबर की शाम को केरल में प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो यात्रा एक अक्टूबर को कर्नाटक पहुंचेगी। इससे पहले 19 दिन तक केरल के सात जिलों में 450 किलोमीटर की यात्री की जाएगी।

## भारत जोड़ो यात्रा कोल्लम के नीदाकारा पहुंची, काजू उद्योग के श्रमिकों से संवाद करेंगेः राहुल गांधी

**कोल्लम (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को सुबह आगे बढ़ते हुए कोल्लम जिले के तटीय शहर नीदाकारा में पहुंची। राहुल गांधी यहां विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद करेंगे। पोलायाथोदु से शुरू हुई इस पदयात्रा में करीब 13 किलोमीटर की दूरी तय की गई। रास्ते में गांधी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और नीदाकारा में एक विद्यालय में गए, जहां उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। इस दौरान कई वरिष्ठ नागरिकों को गांधी से हाथ मिलाने और उनके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए देखा गया। एक कथकली कलाकार ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता के सामने प्रस्तुति दी और गांधी को बड़ी दिलचस्पी के साथ प्रस्तुति देखते हुए देखा गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी डी सतीशन तथा के सी वेणुगोपाल को गांधी को केरल की इस पारंपरिक कला को समझाते हुए देखा गया। गांधी ने फेसबुक पर लिखा, केरल की खूबसूरती पूरी दुनिया में मशहूर है और यहां के लोग राज्य को और अधिक खूबसूरत बनाते हैं। आज सुबह यात्रा के दौरान कई लोगों से मुलाकात की, उनसे मिले प्यार के लिए शुक्रिया।

# पवार के खिलाफ व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाएः बावनकुले

**नागपुर।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार पर कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया है, लेकिन पवार ने बारामती पर दिए गए बयान को अपने बारे में मान लिया। बावनकुले ने हाल में कहा था कि भाजपा आगामी चुनाव में पवार के गढ़ बारामती में जीत हासिल करेगी। बावनकुले के इस बयान पर राकांपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा, हमने पवार के खिलाफ व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाए। यह हमारी संस्कृति नहीं है। हम काम के दम पर अपनी पार्टी को मजबूत बना रहे हैं। पवार ने बारामती से राकांपा का सफाया करने संबंधी मेरे बयान को अपने बारे में मान लिया। अलग विदर्भ राज्य की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बावनकुले ने कहा कि भाजपा इस प्रकार की मांग का समर्थन करती है, लेकिन इसपर फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार और राज्य के नेताओं को लेना है।

# मुकेश अंबानी ने भगवान वेंक्टेश्वर मंदिर में डेढ़ करोड़ रुपए का दान दिया



**तिरुपति ( आंध्र प्रदेश )।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को तिरुमाला स्थित भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में डेढ़ करोड़ रुपए का दान दिया। अधिकारी ने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले अंबानी शुक्रवार तड़के मंदिर पहुंचे। उनके साथ एनकोर हेल्थकेयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट और आरआईएल के अन्य अधिकारी थे। अंबानी ने पूजा-अर्चना के बाद तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी ए. वेंकट धर्म रेड्डी को 1.5 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। तिरुमला में पहाड़ी स्थित एक गेस्ट हाउस में कुछ समय बिताने के बाद अंबानी, राधिका मर्चेंट और अन्य ने सूर्योदय के समय गर्भगृह में पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किए गए अभिषेकम में भाग लिया, जो करीब एक घंटे तक चला। अंबानी ने मंदिर में हाथियों को खाना भी खिलाया।

# बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से ओडिशा में भारी बारिश के आसार

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है जिससे ओडिशा में अगले सप्ताह भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि दो सप्ताह में दूसरी बार और दो महीनों में पांचवीं बार कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के ऊपर रविवार को ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण बनेगा। इसके प्रभाव से इसी क्षेत्र में 48 घंटों में यह कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पुरी, कालाहांडी, कंधमाल, बोलंगीर, गजपति, गंजम और जगतसिंहपुर जिलों के कुछ स्थानों पर रविवार को भारी बारिश होने के आसार हैं। उसने कहा कि खुर्दा, कटक और पुरी समेत कई अन्य जिलों में सोमवार को बारिश हो सकती है। बौद्ध, अंगुल, सुबर्णपुर, कंधमाल और कालाहांडी जिलों में मंगलवार को भारी वर्षा हो सकती है।

# भर्ती घोटालाः पार्था चटर्जी को सीबीआई की हिरासत में भेजा गया

**कोलकाता।** कोलकाता की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्था चटर्जी को स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए 21 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली को भी 21 सितंबर तक के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। उन्हें बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले सीबीआई ने सरकारी स्कूलों में समूह-सी के कथित भर्ती घोटाले के संबंध में दोनों को विशेष अदालत में पेश किया। गांगुली को बृहस्पतिवार को एजेंसी के कोलकाता कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और उनके असहयोगपूर्ण रवैए के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। दिन में अदालत परिसर में प्रवेश करते समय उन्होंने पत्रकारों से कोई बात नहीं की।

एजेंसी ने इस सिलसिले में 20 मई को गांगुली समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि इन सभी ने एक आपराधिक साजिश के तहत पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्कूलों में समूह-सी कर्मियों के पदों पर अयोग्य और गैर-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को अनुचित लाभ दिया। पूर्व शिक्षा मंत्री पार्था चटर्जी को घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लगभग दो महीने बाद पूर्व डब्ल्यूबीबीएसई अध्यक्ष को गिरफ्तार किया गया। अगस्त में सीबीआई ने एसएससी के पूर्व सलाहकार डॉ शांति प्रसाद सिन्हा और इसके पूर्व सचिव अशोक कुमार साहा को एसएससी घोटाले में उनकी संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# सीबीआई अधिकारी गिरफ्तार टीएमसी नेता के घर पहुंचे, बेटी से की पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई की एक टीम गिरफ्तार टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल के बोलपुर स्थित आवास पर गई और कथित पशु तस्करी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में उनकी बेटी से पूछताछ की। सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम ने सुकन्या मंडल से पूछताछ की। एक महिला अधिकारी भी शामिल थीं। तृणमूल की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष के निचुपट्टी स्थित आवास पर दोपहर के वक्त एक घंटे से अधिक समय तक रहने के बाद सीबीआई टीम जांच के सिलसिले में पास के एक डाकघर भी गई। डाकघर में सीबीआई के अधिकारी करीब 45 मिनट रहे और एक कर्मचारी से बात की। सुकन्या मंडल कथित तौर पर अपने पिता से जुड़ी एक चावल मिल की शेयरधारक हैं। चावल मिल के पूर्व मालिक के बेटे से भी बात की, जो पूछताछ के सिलसिले में बोलपुर में एजेंसी के कार्यालय पहुंचे थे। सीबीआई ने चावल मिल का दौरा किया और कुछ वाहनों को जब्त कर लिया, जिनके मालिक कथित तौर पर अन्य लोग हैं।

## क्विक न्यूज

### एसएससी परीक्षाः प. बंगाल के पूर्व मंत्री अदालत में पेश, सीबीआई ने मांगी हिरासत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्था चटर्जी को हिरासत में लेने की अनुमति देने का अलीपुर जिला अदालत से शुक्रवार को अनुरोध किया। इस कथित घोटाले में पैसे के लेन-देन की जांच कर रहे ईडी ने चटर्जी और उनकी कथित निकटतम सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को गत 23 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इस दौरान ईडी ने अर्पिता के कोलकाता स्थित फ्लैट से करीब 50 करोड़ रुपए नकद, सोना-चांदी, आभूषण और सम्पत्ति दस्तावेज बरामद किए थे। फिलहाल न्यायिक हिरासत में रखे गए पूर्व मंत्री को अलीपुर जिला अदालत की विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष शुक्रवार को पेश किया गया था। उन्हें जांच के सिलसिले में सीबीआई की हिरासत की मांग के मद्देनजर अदालत के निर्देश पर पेश किया गया था। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया।सीबीआई ने शिक्षक एवं शिक्षेतर कर्मचारियों की भर्ती में हुए कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में पूर्व मंत्री को पूछताछ के लिए 14-दिन की हिरासत में दिए जाने का अनुरोध किया है। चटर्जी के वकील ने विशेष न्यायाधीश से अपने मुवक्किल की उम्र और खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उन्हें जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया। पूर्व मंत्री ने कहा है कि वह प्रतिदिन 28 दवाएं लेते हैं।

### लोकपाल के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए संपत्ति घोषित करने के नए नियम अब तक अधिसूचित नही हुए

**नई दिल्ली ।** लोकपाल अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संपत्ति और देनदारियों का विवरण दायर करने से जुड़े नए नियमों को अब तक अधिसूचित नही किया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने यह जानकारी दी है। विभिन्न सेवा नियमों के तहत कर्मचारी अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करते है और लोकपाल कानून के तहत भी उन्हें इन जानकारियों की घोषणा करनी होगी। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 के तहत अधिसूचित नियमों के मुताबिक, प्रत्एक लोकसेवक के लिए हर साल 31 मार्च तक या 31 जुलाई से पहले धारा-चार के तहत अपनी संपत्ति का विवरण दायर करना अनिवार्य है।वर्ष 2014 में यह जानकारी दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 सितंबर थी। कई बार अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने के बाद कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने एक दिसंबर 2016 को समय सीमा को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया और कहा कि सरकार इस बाबत नए प्रारूप और नए नियमों को अंतिम रूप दे रही है। करीब छह साल बाद भी सरकार ने नए नियमों को अधिसूचित नही किया है। पत्रकार की ओर से सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के जवाब में डीओपीटी ने कहा, (लोकपाल) अधिनियम की धारा-44 के संशोधित प्रावधानों के अनुसार, घोषणापत्र दाखिल करने के लिए प्रपत्र और तरीके को निर्धारित करने के लिए नए नियम अभी अधिसूचित किए जाने है। डीओपीटी के 2016 के आदेश में कहा गया है कि लोक सेवकों को अभी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा दाखिल करने की कोई जरूरत नही है। आदेश के मुताबिक, सभी लोक सेवकों को अब से नए नियमों के तहत घोषणाएं दाखिल करनी होगी। भ्रष्टाचार रोधी कार्यकर्ता अजय दुबे ने कहा, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भ्रष्टाचार के किसी भी अंदेशे को रोकने के लिए लोकपाल अधिनियम के सभी प्रावधान जल्द से जल्द लागू किए जाएं।

### खाद्यान्न का गबनः पंजाब में पांच ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़।** पंजाब के सतर्कता ब्यूरो ने पांच ठेकेदारों के खिलाफ खाद्यान्न का गबन करने के आरोप में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। एक बयान में ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि ठेकेदारों ने वाहनों के जाली दस्तावेज जमा कर अनाज मंडियों से खाद्यान्न की ढुलाई करने के लिए निविदा हासिल की। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग एवं संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की निविदा आवंटित करने में मिलीभगत थी। निविदा फरीदकोट जिले के जैतो और कोटकपूरा अनाज मंडियों से खाद्यान्न की ढुलाई के लिए थी। प्रवक्ता ने कहा कि जांच के दौरान यह पाया गया कि ठेकेदारों ने 2019-20 में ढुलाई की निविदा से जुड़ी सूचियों में वाहनों के जाली पंजीकरण नंबर कथित रूप से उपलब्ध कराए थे जो साफ तौर पर नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, निविदा के तथ्यों के सत्यापन के दौरान, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की जिला निविदा समिति को ठेकेदारों की तकनीकी बोली को खारिज कर देना चाहिए था, जो नही किया गया। जांच में साफ तौर पर अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत का पता चला है। प्रवक्ता ने बताया कि खाद्यान्न की ढलाई के दौरान खरीद एजेंसियों द्वारा जारी गेट पास में दर्ज कई वाहनों के पंजीकरण नंबर मोटरसाइकिल और मिनी बसों के थे।

# सोनाली फोगाट की मौत के मामले में जांच के लिए सीबीआई का दल गोवा पहुंचा

**पणजी।** सीबीआई का एक दल पिछले महीने गोवा में हरियाणा की भाजपा नेता सोनाली फोगाट की रहस्यमय परिस्थिति में मौत के मामले में जांच के लिए शुक्रवार को दिल्ली से गोवा पहुंचा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीबीआई का दल अंजुना थाने और उत्तर गोवा में मामले से जुड़े अन्य स्थानों पर जाएगा। गोवा पुलिस ने फोगाट की मौत के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दो लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया, वहीं तीन अन्य को स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सीबीआई को मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सौंपे जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार हरियाणा के हिसार की रहने वाली फोगाट को 22-23 अगस्त की दरम्यानी रात को गोवा के एक अस्पताल में मृत लाया गया था। इससे पहले उन्होंने अंजुना बीच पर स्थित कर्लीज रेस्तरां में देर तक पार्टी की थी।

# देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 46,748 हुई

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 6,298 नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,22,777 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या 46,389 से बढ़कर 46,748 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 23 लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,28,273 हो गई। इनमें कोविड-19 से मौत की पुष्टि के बाद दर्ज किए गए केरल के चार मामले शामिल हैं।

उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 2.04 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से ठीक होने वालों की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.71 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 359 की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 1.89 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 1.70 प्रतिशत दर्ज की गई है। बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,39,47,756 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड रोधी टीके की 216.17 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं।

देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

# तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी चार महिलाओं को रौंदा, दो की मौत

**जींद।** हरियाणा में जींद के दिल्ली-पटियाला राजमार्ग पर शुक्रवार को गांव डूमरखा कलां के निकट कैंची मोड़ पर तेजरफ्तार अर्टिगा गाड़ी ने सड़2392ी किनारे खड़ी चार महिलाओं को रौंद दिया, जिसमें से दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनियंत्रित आर्टिगा गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई फिर स्विफ्ट गाड़ी को टक्कर मरते हुए सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं और उनकी दो बेटियों को रौंद दिया। इस टक्कर से स्विफ्ट में सवार दो लोग भी घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बाबा कुंडी, नरवाना निवासी 45 वर्षीय सावित्री, उसकी 22 वर्षीय बेटी चांदनी, 42 वर्षीय निर्मला और उसकी 20 वर्षीय बेटी कोमल शुक्रवार दोपहर बाद कैंची मोड़ पर घर जाने के लिए साधन का इंतजार कर रही थीं।

# राजू श्रीवास्तव अभी भी वेंटिलेटर पर, धीरे-धीरे हालत में सुधारः भाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**एक महीने** से अधिक समय पहले दिल का दौरा पड़ने के कारण अस्पताल में भर्ती कराए गए लोकप्रिय हास्य-अभिनेता-अभिनेता राजू श्रीवास्तव अभी भी जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर हैं। उनके भाई दीपू श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जानकारी दी। श्रीवास्तव को 10 अगस्त को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती करवाया गया था और उसी दिन उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी।

हास्य-कलाकार और राजू के छोटे भाई दीपू श्रीवास्तव ने कहा कि उनके भाई धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं, लेकिन वह अभी भी बेहोश है। दीपू ने कहा, हालांकि, सुधार की गति धीमी है, लेकिन वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। उनकी हालत स्थिर है और वह फिलहाल वेंटिलेटर पर ही हैं। 35 दिन हो गए हैं, मगर चिकित्सकों का कहना



है कि राजू ठीक होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमें आप सभी की प्रार्थनाओं की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि क्या परिवार अभिनेता को मुंबई के किसी अन्य अस्पताल में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है, जहां श्रीवास्तव रहते हैं, दीपू ने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा, उनका इलाज एम्स में किया जाएगा और उनके ठीक होने के बाद हम उन्हें घर ले जाएंगे। हमें चिकित्सकों पर पूरा भरोसा है। श्रीवास्तव, 1980 के दशक के अंत से मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे हैं।

# महारानी को श्रद्धांजलि देने के लिए पांच मील लंबी कतार





भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद शोकाकुल जनता की मीलों लंबी कतार देखकर ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार को लोगों को और लोगों को कतार में शामिल होने से रोक दिया। सरकार ने यह कदम महाराजा चार्ल्स तृतीय और उनके भाई बहन के ऐतिहासिक वेस्टमिंस्टर हॉल में पहुंचने से कुछ घंटे पहले उठाया। कतार के बारे में जानकारी देने वाले लाइव ट्रैकर ने कहा कि कतार लंबी हो चली है और अपनी क्षमता तक पहुंच चुकी है तथा लोगों को कतार का हिस्सा होने से छह घंटे के लिए रोक दिया गया है, क्योंकि इंतजार की घड़ी 14 घंटे तक बढ़ गई है और महारानी के दर्शन करने वाली शोकाकुल जनता की कतार पांच मील अर्थात आठ किलोमीटर तक लंबी हो चुकी है। यह कतार संसद से लेकर दक्षिण लंदन स्थित साउथवार्क पार्क तक और उसके बाद पार्क के चारों ओर घुमावदार स्थिति में पहुंच चुकी है।लंदन की निवासी कैरोलीन क्विल्टी ने कहा कि वह शुक्रवार को चार बजे सुबह कतार में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह ऐतिहासिक क्षण है और यदि मैं इसमें शामिल नहीं होती हूं या इसका हिस्सा नहीं बनती हूं तो निश्चित तौर पर मुझे इसका पछतावा होगा। इस बीच, चीनी अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को कथित तौर पर संसद के उस ऐतिहासिक हॉल में जाने से रोक दिया गया था, जहां दिवंगत महारानी का ताबूत रखा है। चीन के सुदूर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र में अपने उइगर अल्पसंख्यक के साथ व्यवहार के खिलाफ बोलने के लिए बीजिंग द्वारा पिछले साल सात ब्रिटिश सांसदों को प्रतिबंधित करने बाद ब्रिटेन में चीनी राजदूत को संसद से एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे हॉयल के कार्यालय ने अमेरिकी समाचार आउटलेट पोलिटिको की एक रिपोर्ट पर शुक्रवार को टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि चीनी प्रतिनिधिमंडल को वेस्टमिंस्टर हॉल में अनुमति नहीं दी जाएगी। बीजिंग में, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि उन्होंने पोलिटिको की खबर नहीं देखी है, लेकिन महारानी के अंतिम संस्कार के मेजबान के तौर पर ब्रिटिश सरकार को मेहमानों की आगवानी के लिए राजनयिक प्रोटोकॉल और उचित शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। महारानी के सोमवार के अंतिम संस्कार में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की संभावना है। यह अंतरिम संस्कार संसद में नहीं, बल्कि वेस्टमिंस्टर एबे चर्च में प्रस्तावित है। अंतिम संस्कार के आयोजकों ने अतिथि सूची प्रकाशित नहीं की है, और यह स्पष्ट नहीं है कि चीन से कौन शामिल हो सकता है। कंजर्वेटिव सांसद टिम लॉटन ने बीबीसी को बताया कि चीन में उइगरों के मानवाधिकारों के हनन और उनके साथ व्यवहार का हवाला देते हुए चीन को निमंत्रण रद्द कर दिया जाना चाहिए। पिछले सप्ताह अपनी मां की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सिंहासन पर आसीन हुए महाराजा चार्ल्स तृतीय पूरे देश की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में बृहस्पतिवार को लंदन से बाहर थे। महाराजा शुक्रवार को लंदन लौट गए। वह कुछ समय के लिए अपने भाई-बहनों- राजकुमार एंड्र्यू और राजकुमार एडवर्ड तथा राजकुमारी एने के साथ दिवंगत महारानी के ताबूत के पास रुकेंगे। एक दिन बाद यानी शनिवार को महारानी एलिजाबेथ-द्वितीय के सभी आठ पोते-पोतियां 15 मिनट के लिए ताबूत के पास खड़े होंगे। महाराजा चार्ल्स तृतीय के दोनों पुत्र - राजकुमार विलियम एवं राजकुमार हैरी कल महारानी के ताबूत के पास खड़े होंगे। अग्रज राजकुमार विलियम ताबूत के सिरहाने, जबकि राजकुमार हैरी पैर की ओर खड़े होंगे।

## चीन को नहीं मिली ब्रिटिश महारानी के लाइंग-इन-स्टेट कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति

**लंदन।** ब्रिटेन ने चीन की सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को वेस्टमिंस्टर हॉल में दिवंगत महारानी के लाइंग-इन-स्टेट कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। ब्रिटिश मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। खबरों के अनुसार, ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे हॉयल ने चीनी प्रतिनिधिमंडल को महारानी के लाइंग-इन-स्टेट कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। महारानी का राजकीय अंतिम संस्कार सोमवार, 19 सितंबर को वेस्टमिंस्टर एबे में किया जाएगा। बीबीसी और पोलिटिको की खबरों के अनुसार सर लिंडसे हॉयल ने उइगुर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का आरोप लगाने के लिए पांच ब्रिटिश सांसदों के खिलाफ चीनी प्रतिबंधों के कारण चीन के प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। हाउस ऑफ कॉमन्स ने कहा कि उसने सुरक्षा मामलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन को अंतिम संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित होने की अनुमति होगी, लेकिन उसे संसद भवन के अंदर के कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। वेस्टमिंस्टर हॉल संसदीय संपदा का हिस्सा है तथा यह हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के अध्यक्षों के नियंत्रण में है। इस घटनाक्रम से ब्रिटेन-चीन संबंधों के और तनावपूर्ण होने की आशंका है।

## सिंगापुर के डिप्टी पीएम आज पांच दिन की यात्रा पर आएंगे भारत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग शनिवार को पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचेंगे। शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ बनाना और नए व उभरते क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के अवसरों की पहचान करना है। सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री के रूप में वोंग की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वह शनिवार को नई दिल्ली में भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि आईएसएमआर दोनों देशों के बीच एक नया मंत्रिस्तरीय मंच है, जिसका उद्देश्य मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ बनाने और नए व उभरते क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के अवसरों की पहचान करना है। पीएमओ ने कहा कि वह भारत के वरिष्ठ नेताओं और हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे। रविवार को वोंग गुजरात पहुंचेंगे।

MISSING



Name- Gulshan Kumar, Age- 57+, Height - 5"3, Add.-A-192/1,DDA,Flats, Ashok Vihar, Phase -1, New Delhi -52
मानसिक रूप से कमजोर है और Feb 2003 से लापता हैं। अगर किसी को पता चले तो इस नंबर पर सूचित करें।
Contact - 9210315003

# दुनिया के 34.50 करोड़ लोगों पर भुखमरी का खतरा मंडरा रहा: संरा

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डेविड बेस्ली ने बृहस्पतिवार को सचेत किया कि दुनिया वैश्विक स्तर पर अप्रत्याशित आपात स्थिति से जूझ रही है और 34.50 करोड़ लोग भुखमरी की ओर बढ़ रहे हैं तथा यूक्रेन युद्ध समाप्त होने तक सात करोड़ और लोगों पर भुखमरी का खतरा मंडराने लगेगा।

बेस्ली ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि एजेंसी जिन देशों में सक्रिय है, उनमें से 82 देशों में 34.50 करोड़ लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं और यह संख्या 2020 में कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के आने से पहले की तुलना में ढाई गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि इनमें से 45 देशों में पांच करोड़ लोग अत्यंत गंभीर कुपोषण के शिकार हैं और अकाल की कगार पर खड़े हैं। बेस्ली ने बढ़ते संघर्ष, महामारी के आर्थिक प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, ईंधन की बढ़ती कीमतों और यूक्रेन में युद्ध की ओर इशारा करते हुए कहा, भुखमरी की लहर अब भुखमरी की सुनामी बन गई है। उन्होंने कहा कि रूस के 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला करने के बाद से खाद्य वस्तुओं, ईंधन एवं उर्वरकों की कीमत बढ़ने से सात करोड़ लोग भुखमरी की ओर बढ़ रहे हैं। बेस्ली ने कहा कि रूस द्वारा अवरुद्ध किए गए तीन काला सागर बंदरगाहों से यूक्रेनी अनाज को भेजने की अनुमति देने के संबंध में जुलाई में हुए समझौते और रूसी उर्वरकों को वैश्विक बाजारों में वापस लाने के निरंतर प्रयासों के बावजूद इस साल कई जगहों पर अकाल पड़ने का वास्तविक जोखिम है। उन्होंने कहा, यदि हमने ठोस कदम नहीं उठाए तो 2023 में वर्तमान खाद्य मूल्य संकट जल्द खाद्य उपलब्धता संकट में बदल सकता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादी कार्यों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने सोमालिया और अफगानिस्तान में खाद्य संकट को लेकर सचेत किया।

# इजिअम शहर के पास सामूहिक कब्र मिली : जेलेंस्की

एपी। इजिअम (यूक्रेन)



**यूक्रेन** के प्राधिकारियों को पहले रूसी सेना के कब्जे में रहे उत्तर-पूर्वी शहर इजिअम के पास एक सामूहिक कब्र मिली है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार रात टेलीविजन पर दिए संबोधन में कहा, खारकीव क्षेत्र के इजिअम में एक सामूहिक कब्र मिली है। आवश्यक प्रक्रियाएं पहले ही शुरू हो गई हैं... स्पष्ट, पुष्ट सूचना कल मिल जानी चाहिए। पत्रकारों ने बृहस्पतिवार को इजिअम के बाहर जंगल में यह सामूहिक कब्र देखी। सामूहिक कब्र पर लिखा हुआ है कि इसमें यूक्रेन के 17 सैनिकों के शव दफन हैं। सामूहिक कब्र के आसपास सैकड़ों लोगों की कब्र हैं और उनकी पहचान के बारे में कुछ नहीं लिखा गया है।

जेलेंस्की ने यूक्रेन के कुछ अन्य शहरों के नामों का भी जिक्र किया, जिनके बारे में प्राधिकारियों का कहना है कि वहां से पीछे हटी रूसी सेना सामूहिक कब्रें छोड़कर जा रही है और वहां कथित युद्ध अपराधों के सबूत मिले हैं। राष्ट्रपति ने कहा, बुचा, मारियुपोल और अब दुर्भाग्यपूर्ण रूप से इजिअम... रूसी सेना हर जगह मौत के निशान छोड़कर जा रही है और उसे इसके लिए जवाबदेह ठहराना होगा। दुनिया को इस युद्ध की असल जिम्मेदारी रूस पर डालनी होगी। रूसी सेना यूक्रेन की आक्रामक प्रतिक्रिया के बीच पिछले सप्ताह इजिअम सहित खारकीव क्षेत्र के कई हिस्सों से पीछे हट गई थी। जेलेंस्की ने बुधवार को इजिअम शहर का दौरा किया था। पूर्वी खारकीव क्षेत्र में यूक्रेनी पुलिस के एक वरिष्ठ जांचकर्ता सर्गेइ बोल्विनोव ने ब्रिटिश प्रसारणकर्ता स्काई न्यूज को बताया कि इजिअम के पास एक गड्ढे में 440 से अधिक शव मिले हैं। उन्होंने इसे मुक्त कराए गए किसी भी शहर में मिली सबसे बड़ी सामूहिक कब्र में से एक बताया है।

PUBLIC NOTICE
NOTICE is hereby given that **Amit Singh Chauhan** claim to be owner and in possession of **Property Bearing No. 419, Sector 5, Vaishali , Ghaziabad U.P. (hereinafter called the said property)** by virtue of Reg Will Dated 22.03.2021 r/w Mutation Letter Dated 03.03.2022 issued by GDA , Initially Mr. S.R. Singh (Mr. Shyoraj Singh ) was the Owner of said property by Virtue of Sale Deed Exected by GDA ,reg. vide doc no. 3249 and after the death of Mr. S.R. Singh (Mr. Shyoraj Singh), the entire property is transferred to Amit Singh Chauhan as aforesaid and now Said **Amit Singh Chauhan** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD , Pusa Road , Rajendra Place Branch , New Delhi**
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **07 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.
**Vishal Diwan (Advocate)**
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

# सेंसेक्स ने 1,093 अंक का गोता लगाया, निफ्टी 347 अंक नीचे आया

भाषा। मुंबई



**कमजोर** वैश्विक रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को गोता लगा गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसक्स ।,093 अंक टूट गया, वहीं निफ्टी भी 347 अंक गिर गया।

दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया।

कारोबारियों के अनुसार, रुपए की विनियम दर में गिरावट से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट का सिलसिला कायम रहा और यह ।,093.22 अंक या 1.82 प्रतिशत लुढ़ककर 58,840.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ।,246.84 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 346.55 अंक यानी 1.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,530.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे अधिक 4.51 प्रतिशत की गिरावट हुई। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एमएंडएम, विप्रो, टीसीएस और नेस्ले इंडिया के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ केवल इंडसइंड बैंक का शेयर लाभ के साथ बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, डॉलर सूचकांक में मजबूती के बीच स्थानीय स्तर पर मजबूत आर्थिक आंकड़ों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने वैश्विक बाजारों में गिरावट की प्रवृत्ति के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा, अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने के बाद से केंद्रीय बैंक की अधिक आक्रामक नीति की आशंका वैश्विक बाजार का रुख तय कर रही है।

साप्ताहिक आधार में सेंसेक्स में 952.35 अंक या 1.59 प्रतिशत और निर्2398्टी में 302.50 अंक या 1.69 प्रतिशत की गिरावट आई है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, सप्ताह के अंतिम दिन शेयर बाजारों में भारी बिकवाली दर्ज की गई और बाजार दो प्रतिशत के करीब टूट गया। बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली देखी गई और सबसे ज्यादा असर सूचना प्रौद्योगिकी, रियल्टी और वाहन कंपनियों के शेयरों में देखने को मिला। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप में 2.85 प्रतिशत और स्मॉलकैप में 2.38 प्रतिशत की गिरावट आई है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में बंद हुए। वहीं, यूरोप के ज्यादातर बाजार गिरावट में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी बृहस्पतिवार को नुकसान के साथ बंद हुआ था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91.13 डॉलर प्रति बैरल पर पंहुचा गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को ।,270.68 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## स्वाति पीरामल को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**लंदन।** देश की प्रमुख वैज्ञानिक एवं उद्योगपति डॉ स्वाति पीरामल को कारोबार एवं उद्योग, विज्ञान और चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फ्रांस की विदेश एवं यूरोपीय मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने भारत की अपनी यात्रा के दौरान डॉ पीरामल को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया है। दोनो देशों के संबंधों में मजबूती लाने के लिए उन्हें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तरफ से सम्मानित किया गया। इस दौरान फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने कहा, डॉ पीरामल न केवल एक अग्रणी एवं असाधारण महिला कारोबारी है बल्कि वह एक ऐसी उद्यमी हैं जो समाज को भी वापस लौटाता है।

## सरकार ने राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन के तहत 23 रणनीतिक परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अपने प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन के तहत विशेष फाइबर, टिकाऊ वस्त्र, जियोटेक्सटाइल, मोबिलटेक और खेल के कपड़ा क्षेत्रों में लगभग 60 करोड़ रुपए की 23 रणनीतिक शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एक सरकारी बयान में शुक्रवार को कहा गया कि 14 सितंबर को कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। कपड़ा मंत्रालय ने कहा, इन 23 अनुसंधान परियोजनाओं में से कृषि, स्मार्ट टेक्सटाइल, स्वास्थ्य सेवा, रणनीतिक एप्लिकेशन और सुरक्षा संबंधी कपड़ा क्षेत्र में स्पेशियल्टी फाइबर की 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मंत्रालय ने कहा, कृषि और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में टिकाऊ वस्त्रों की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा जियोटेक्सटाइल की पांच, मोबिलटेक की एक और स्पोर्टेक की एक परियोजना को मंजूरी मिली है।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the general public on behalf of HDFC Bank Ltd. that Mr. Rakeh Narain Khanna is owner of Commercial unit No. G-24, Ground Floor, by virtue of conveyance deed dated 13.05.2022, Registration No. 7726, Mr. Kishore Narain Khanna is owner of Commercial Unit no. G-25, Ground Floor, by virtue of conveyance deed dated 18.02.2022, Registration No. 6491, Mr. Lalit Narain Khanna is owner of Commercial Unit no. G-26, Ground Floor, by virtue of conveyance deed dated 18.02.2022, Registration No. 6490, all units /Shops in Block B, Situated in Project known as Shop in Park (North), Plot No. 2, Community Centre Shalimar Bagh Delhi, "the said property". the above owners have lost/misplaced the previous Buyers Agreements all dated 14.03.2007 (with respect of their shops/Unit referred above), executed by M/s. Pragya Products Pvt. Ltd., All persons are hereby informed not to deal or scarry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
General Public Is Hereby Informed That We, Sh. Jai Singh & Mrs. Saroj R/o H. 16/92E, 3rd Padam Singh Road, Near Water Tank, Bapa Nagar, Karol Bagh, New Delhi-110005 Have Disinherited And Disowned Our Son, Daughter-in-law & Their Daughter Mr. Rupesh, His Wife Smt. Ashifa & Their Daughter Ms. Dolesh from All Our Moveable & Immoveable Properties And We Have Also Severed All Our Relationship With Them Due To Their Adament And Impromptu Behavior As They Are Disobeying Us And Further They Are Out Of Our Control & They Also Misbehave With Us & Our Other Family Members. Any Person Dealing With Them In Any Manner Shall Be Doing So At His/her Own Risk And Responsibility.
**REENA SHARMA ADVOCATE**
**CH. NO. C-77, C.L. JOSEPH BLOCK, TIS HAZARI COURTS, DELHI-110054**

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the general public that I, SURENDRA KUMAR s/o Late Sh. Gauri Shanker Agarwal, R/o A-2A/124, Janakpuri, N. Delhi-110058 is the legal owner & allottee of above mentioned DDA flat allotted vide File No.F-16(87)1971/HB. Original DDA Possession Letter, Site Possession Slip, Water & Electricity NOC of above flat has been lost. An FIR/LR to this effect has been lodged vide LR No.790457/2022 dt.13-09-2022 with Delhi Police Crime Branch. Anyone claiming any right or in possession of original documents may please contact at above address or at 9560200886 within 10 days from the date of this notice.

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that my client Gajender Singh is in process to avail the loan against his Plot No. 2 and 3 Area Measuring 500 Sq. Yds and Plot of land area Measuring 33 Sq. Yds., Khewat No. I, Khatoni No. I Min, Khasra No. 189(17-5), Khewat No. 71, Khatoni No. 81, Khasra No. 190(0-6), Situated at Ladakpur, Lal Dora, Tehsil & Distt. Faridabad with the ICICI HFC, having acquired the same vide sale deed duly registered in the office of SR Faridabad, as Doc No. 16049, book No. I, dated 07.12.2009 executed by Kuldip Singh Ghalley through Gurkirpal
And whereas he has lost the following documents pertaining to the said property a FIR has already been lodged in lieu of that dated 16/9/2022 :-
1.Copy of Khatoni/ lal dora certificate in favour of Ram Chand
2.Copy of GPA, ATS and Will dated 23.03.1990 executed by Ram Chand in favour of Bansi Raj
3.Copy of Sale Deed dated 23.10.1990 executed by Ram Chand through Bansi Raj in favour of Devraj Goyal with Intkal
4.Copy of Sale Deed dated 26.11.1995 executed by Devraj Goyal in favour K.L Ghalley with Intkal
5.Copy of Sale Deed dated 05.12.1990 executed by Ram Chand through Bansi Raj in favour of Sunita Garg with Intkal
6.Copy of Sale Deed dated 11.06.1996 executed by Sunita Garg in favour of K.L Ghalley with Intkal
7.Copy of Intkal No. 1016 in favour of Vinod Kumar
8.Copy of Sale Deed dated 11.06.1996 executed by Vinod Kumar in favour of K.L Ghalley
9.Copy of Intkal in favour of K.L Ghalley
10.Copy of GPA dated 30.08.2006 executed by Kuldip Singh Ghalley in favour of Gurkirpal Singh
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

## धान बुवाई के रकबे में कमी घटकर 4.52 प्रतिशत पर, झारखंड सबसे अधिक प्रभावित

**नई दिल्ली।** कुछ राज्यों में बारिश फिर से शुरू होने से धान की बुवाई के रकबे की कमी अब घटकर 4.52 प्रतिशत या 399.03 लाख हेक्टेयर रह गई है। हालांकि, झारखंड में धान की बुवाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। शुक्रवार को जारी कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों से पता चलता है कि झारखंड में धान की बुवाई इस खरीफ सत्र में अबतक आधा घटकर 8.25 लाख हेक्टेयर रह गई है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 17.62 लाख हेक्टेयर थी। धान मुख्य खरीफ फसल है, जिसकी बुवाई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ शुरू होती है। धान की बुवाई अब लगभग समाप्त हो चुकी है। फसल की कटाई अक्टूबर से की जाएगी। भारत के कुल उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत इसी मौसम से आता है। सरकार को पिछले सप्ताह तक फसल की स्थिति के आधार पर खरीफ चावल के उत्पादन में 60-70 लाख टन की गिरावट का अनुमान है।

# बैंकों की प्रणालियां एक-दूसरे के अनुकूल रहें: सीतारमण

भाषा। मुंबई

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनकी प्रणाली एक-दूसरे के अनुकूल रहे ताकि वे ग्राहकों की सेवा बेहतर ढंग से कर सकें।

सीतारमण ने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की 75वीं सालाना बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कई बार ग्राहकों को अलग-अलग बैंकों के साथ लेनदेन के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने इस तरह की स्थिति को ऐसी कृत्रिम दीवार बताया जिसका निर्माण बैंकों ने अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि बैंकों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि उनकी प्रणालियां एक-दूसरे के अनुकूल और तालमेल में हों ताकि आम आदमी अलग-अलग बैंकों के साथ लेनदेन के लिए मजबूर न हो। इसके अलावा ग्राहक को बेहतर और अधिक कारगर ढंग से सेवा देने के लिए उसकी जबान में बात करना भी अहम है। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकों को धांधली पर लगाम लगाने के लिए नवीनतम इंटरनेट प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ प्रौद्योगिकी-आधारित नियामकीय निगरानी व्यवस्था लागू करने से बैंकों को काफी हद तक धोखाधड़ी पर लगाम लगाने में मदद मिली है। इसके साथ ही उन्होंने बैंक अधिकारियों से अनुरोध किया कि साइबर सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाएं जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी का जल्द पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि बैंकों को आने वाले समय में कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना होगा क्योंकि देश 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था होने के लिए प्रयास शुरू कर चुका है।



### उद्यमों, कंपनियों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं महिलाएं

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया। सीतारमण ने यहां बीएसई मुख्यालय में महिला निदेशकों के सम्मेलन मे कहा कि कॉरपोरेट जगत मे बड़े पदो पर कार्यरत महिलाओ की संख्या पर्याप्त नही है। उन्होने कहा महिलाओ मे यह भावना बैठ गई है कि उन्हे नेतृत्व की भूमिका मे होने के लिए खुद को बार-बार साबित करने की जरूरत है। इसका समाधान उन्हें इस मामले में मार्गदर्शन तथा समर्थन देकर निदेशक मंडल मे शामिल करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि आंकड़ो के अनुसार, घरेलू कंपनियो के निदेशक मंडल मे महिलाओ की औसत संख्या 1.03 प्रतिशत थी और उनमे से 58 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशक है, जबकि 42 प्रतिशत गैर-स्वतंत्र निदेशक है।

## सीतारमण ने कंपनियों से एमएसएमई का बकाया 45 दिन में चुकाने को कहा

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजी क्षेत्र की कंपनियों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का बकाया 45 दिन के भीतर चुकाने को कहा है। उन्होंने इस बात को माना कि केंद्र सरकार के विभाग और उपक्रम भी एमएसएमई का बकाया समय पर नहीं दे रहे हैं। सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र, राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का भी एमएसएमई क्षेत्र पर बकाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि दो दिन पहले उनकी बड़े कारोबारियों से मुलाकात हुई थी जिनसे उन्होंने यह सुनिश्चित करने की अपील की कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले छोटे व्यवसायों का बकाया समय पर चुकाया जाए। लघु उद्योग भारती के एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, निजी क्षेत्र और उद्योग को 45 दिन के भीतर भुगतान का संकल्प लेना चाहिए और कंपनी पंजीयक में खाता पुस्तिका दाखिल करनी चाहिए जिससे कि वह बकाया का उल्लेख कर सके। निजी क्षेत्र को भी आगे आना चाहिए।

परिशिष्ट IV
देखें नियम 8(1)
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **अनिल कुमार और सिमरन** को **16.06.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHEROH00400284** की राशि रू. **16,50,636.40 (रूपये सोलह लाख पचास हजार छह सौ छत्तीस और चालीस पैसे मात्र)** और **13.06.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **13.09.2022** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि रू. **16,50,636.40 (रूपये सोलह लाख पचास हजार छह सौ छत्तीस और चालीस पैसे मात्र) 13.06.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण
संपत्ति यूआईडी नं 608, मकान नं. 79, भूमि क्षेत्र मापित 170 चौ. यार्डस, निर्मित क्षेत्र मापित 630 चौ. फीट, वार्ड नं. 9 में स्थित, मोहल्ला हरिपुरा, राम मंदिर के सामने, झज्जर-124101, हरियाणा, जो निम्नानुसार परिबध्द है:
पूर्व : अशोक कुमार का घर — पश्चिम : लक्ष्मण दास का घर
उत्तर : लक्ष्मण दास का घर — दक्षिण : गली

सही/-
दिनांक : 13.09.2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : झज्जर — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

# कुख्यात गो तस्कर मो. मुजफ्फर की 11.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

भाषा। प्रयागराज

**प्रयागराज** पुलिस ने जिले के कुख्यात गो तस्कर और हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद मुजफ्फर की 11.5 करोड़ रुपए की दो अचल संपत्तियों को शुक्रवार को कुर्क किया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि थाना पूरामुफ्ती में मोहम्मद मुजफ्फर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था और इसकी विवेचना थाना धूमनगंज द्वारा की जा रही थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मोहम्मद मुजफ्फर के जिस मकान की कुर्की की कार्वाई की गई उसका कुल क्षेत्र 1133 वर्ग मीटर है और इसकी अनुमानित कीमत 11.5 करोड़ रुपए है। आगे भी मोहम्मद मुजफ्फर की संपत्तियों की पहचान कर कुर्की की कार्वाई की जाएगी। पुलिस की विज्ञप्ति के मुताबिक, एक नवंबर, 2018 को थाना धूमनगंज क्षेत्र में डीसीएम वाहन में 1800 किलोग्राम प्रतिबंधित गो मांस पकड़ा गया था जिसके संबंध में मोहम्मद मुजफ्फर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मोहम्मद मुजफ्फर के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। मोहम्मद मुजफ्फर द्वारा अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर गोमांस की तस्करी और पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के संबंध में थाना पूरामुफ्ती में गैंगस्टर कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इससे पूर्व, प्रयागराज पुलिस ने पांच अगस्त, 2022 को मोहम्मद मुजफ्फर के भाइयों और सगे संबंधियों की 4.85 करोड़ रुपए मूल्य की छह संपत्तियों की कुर्की की कार्वाई की थी। मोहम्मद मुजफ्फर के खिलाफ प्रयागराज के थाना धूमनगंज, थाना नवाबगंज, थाना थरवई, थाना पूरामुफ्ती, कौशांबी के थाना कोखराज और थाना सैनी (कौशांबी) सहित फतेहपुर, भदोही, चंदौली और वाराणसी में 30 मुकदमें दर्ज हैं।

## विधायक निधि दुरुपयोग मामले में शुरू हुई गवाही

**मऊ।** सिविल जज सीनियर डिविजन एमपीए एमएलए मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी की अदालत में मुख्तार अंसारी के विधायक निधि दुरूपयोग मामले में गवाही शुक्रवार को गवाही की प्रक्रिया शुरु हो गया। मामले में आरोप निर्धारित होने के बाद साक्ष्य हेतु शुक्रवार को पहली तारीख थी। इस मामले में एसएचओ राम सिंह का बयान दर्ज किया गया। साथ ही साथ जिरह के लिए 28 सितंबर की तारीख नियत किया गया। वहीं दूसरी तरफ मामले में मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित कराया गया। गौरतलब हो कि मुख्तार अंसारी ने अपने विधायक निधि से सदर विधायक रहते हुए लाखों रुपया सरवां के बैजनाथ महाविद्यालय को फर्जी खतौनी के आधार पर प्रबंधक आनंद यादव को प्राप्त कराए थे। जिस पर धोखाधड़ी एवं षड़यंत्र का मामला सरायलखंसी थाना में प्रभारी निरीक्षक राम सिंह ने दर्ज कराया थाए वहीं जिरह के लिए 28 सितंबर की तारीख नियत किया गया।

## मुख्तार और उनके सांसद भाई समेत तीन लोगों की दो करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

भाषा। गाजीपुर (उप्र)



**गाजीपुर** जिले के पुलिस-प्रशासन ने शुक्रवार को मोहम्मदाबाद क्षेत्र के दर्जी मोहल्ले में स्थित सांसद अफजाल अंसारी और उनके कथित बाहुबली भाई तथा पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी समेत तीन लोगों की करीब दो करोड़ 10 लाख रुपए कीमत की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अफजाल बहुजन समाज पार्टी (बसपा)के सांसद हैं। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहन पी बोत्रे ने बताया कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा गिरोहबंद अधिनियम के तहत जारी आदेशानुसार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी समेत तीन लोगों की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। बत्रा ने कहा कि इस संपत्ति की कीमत दो करोड़ 10 लाख रुपए आंकी गई है।

एसपी ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध तरीके से चल-अचल संपत्ति हासिल करने वाले गैंगस्टर की गिरोहबंद अधिनियम 14(1) के तहत संपत्ति आदि कुर्क की जा रही है। इसी कड़ी में मोहम्मदाबाद कस्बे के दर्जी मोहल्ले में स्थित अंसारी की संपत्ति को कुर्क किया गया है।

## बिहार ले जाई जा रही 55 लाख रुपए की अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**भदोही।** भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र में तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही करीब 55 लाख रुपए कीमत की एक ट्रक अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सुरयावा थाना क्षेत्र में 75 हजार रुपए से अधिक कीमत की देशी शराब के साथ एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया गया। भदोही पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर गोपीगंज थाना के कठौता ओवरब्रिज पर एक ट्रक की तलाशी में 607 पेटी इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की (5430 लीटर अंग्रेजी शराब) बरामद की गई। यह मुरादाबाद से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि शराब के साथ तस्कर मलखान सिंह, अमरीश मौर्य और गजेंद्र मौर्या (सभी मुरादाबाद निवासी) को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि सरगना मलखान सिंह पर शराब तस्करी समेत हत्या के मामले पहले से दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब की कीमत 55 लाख रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि सुरयावा थाना क्षेत्र में एक दुकान में छापा मारकर 267 लीटर अवैध देशी शराब बरामद कर लाल साहब नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मृत मिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर

संवाददाता। बांदा



**नगर कोतवाली** क्षेत्र के अंतर्गत बंद दरवाजा क्षेत्र में 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ऋतिक जैन की संदिग्ध मौत हो गयी। फॉरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंची और पड़ताल की। फिलहाल पुलिस हत्या या आत्महत्या को लेकर जांच में जुटी है। नगर पुलिस अधीक्षक बांदा अम्बुजा ने बताया कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर पुणे की कंपनी में काम करता था। घर के में फर्श में उसका शव पड़ा मिला। पुलिस ने बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

सूत्रों के अनुसार संदिग्ध परिस्थितियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। प्रात: मां ने देखा कि दरवाजे के बीचों बीच बेटा पड़ा था। मौत की पुष्टि होते ही चीख पुकार मच गई। पुलिस उपाधीक्षक अंबुजा बता रही हैं मृतक के शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए लेकिन इसका शरीर नीला जरूर पड़ा था। पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टरों ने का कारण स्पष्ट ना हो पाने के कारण विसरा प्रिजर्व कर लिया है जो भी जांच में आएगा उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि परिजनों से पूछताछ करने के बाद यह पता चला ऋतिक जैन पुणे में एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। एक वर्ष से वह वर्क फ्रॉम होम मोड में काम कर रहा था, थोड़ा डिप्रेशन में रहा करता था। मृतक के चाचा मनीष जैन ने बताया कि रितिक सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और इन दिनों घर से ही काम कर रहा था वह मकान के तीसरी मंजिल में बने कमरे में रहता था और अपना काम करता था मंगलवार की रात खाना खाने के बाद वह सोने चला गया और सुबह मृत पाया गया। फिलहाल पुलिस प्रापर्टी व प्रेम प्रसंग के एंगल सहित अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# किशोरी को घर से किया अगवा, गैंगरेप का आरोप

- **बेहोशी की हालत में रामघाट के पास मिली किशोरी, जांच में जुटी पुलिस**

संवाददाता। चित्रकूट

**दलित किशोरी** के साथ गैंगरेप की वारदात से चित्रकूट शर्मसार हो गई है। घर में सो रही किशोरी को अगवा कर तीन लोगों ने रात भर बंधक बना उसके साथ गैंगरेप किया है और अगले दिन उसे बेहोशी हालत में रामघाट पर फेंक दिया है। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इंसानियत को शर्मसार कर देना वाला यह मामला उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। जहां परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उनकी 13 वर्षीय बेटी गुरूवार की रात घर पर सो रही थी। तभी रात करीब दो बजे कुछ लोग उसे अगवा कर ले गए और शुक्रवार को रामघाट में बेहोशी हालत में फेंक दिया। किशोरी को उसी हालत में जब राहगीरों ने देखा तो पुलिस को मौके पर बुलाकर एंबुलेंस के माध्यम से गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां किशोरी की हालत देखकर परिजनों ने तीन लोगों पर अगवा कर उसके साथ बेरहमी से गैंग रेप करने का गंभीर आरोप लगाया है। वही किशोरी की हालत गंभीर है और एक आरोपी का नाम कबूला है और अपने साथ हुई आपबीती हालत खराब होने पर नहीं बता पाई है । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला कांस्टेबल के माध्यम से किशोरी का बयान लेना शुरू कर दिया है और परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे सदर विधायक अनिल प्रधान ने घटना की निंदा जताते हुए पुलिस. प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।सपा विधायक ने प्रशासन को जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने का अल्टीमेट दिया है। वहीं इस मामले में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा का कहना है कि किशोरी के गायब होने की सूचना मिली थीए जिसे आज दिन में सीतापुर चौकी क्षेत्र के रामघाट के पास से बरामद कर लिया गया है। पूछताछ पर किशोरी ने एक युवक पर आरोप लगाया है जो उसे राजापुर ले गया था और आज दिन में उसे रामघाट पर छोड़ गया है। मामले में जांच की जा रही है। अभियोग पंजिकृत किया जा रहा है जो भी साक्ष्य सामने आएंगे उस पर कार्यवाही की जाएगी। अभी पूछताछ में किशोरी ने गैंगरेप की बात नही बताई हैए सिर्फ एक लड़के को ले जाने का आरोप लगाया है। चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्य सामने आ सकेगें। अभी पहलूओं को दृष्टिगत रख जांच की जांच की जा रही है ।

# करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की हुई दर्दनाक मौत

संवाददाता। गोंडा

**कोतवाली करनैलगंज** क्षेत्र के ग्राम कोचा कासिमपुर में रोड के किनारे पड़े बिजली के तार मैं दौड़ रही बिजली की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत हो गई जिसमें दो सगे भाई और एक उसी परिवार में रहने वाला युवक है तीनों को आनन.फानन में करनैलगंज सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर मुदस्सिर ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में दो सगे भाई सुमित कुमार कनौजिया 20 वर्षए विनय कुमार 22 वर्ष पुत्र हरिराम कनौजिया तथा उसी परिवार के साथ रहने वाला युवक सुभम सैनी 18 वर्ष पुत्र सहजराम सैनी निवासी ग्राम कोंचा कासिमपुर के है। चौरी चौराहे से दुकान बंद करके बाइक से घर जा रहे तीनों युवाक घर जा रहे थे। रास्ते में बिजली के टूटे पड़े तार की चपेट मे आने से दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुटी है। वहींए परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। घटना कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के कोंचा क़ासिमपुर से जुड़ी है। मृतकों में सुमित कुमार चौरी चौराहे पर मेडिकल स्टोर तो उसका भाई विनय कुमार वहीं पर स्टेशनरी की दुकान करता था। गांव का सुभम उन दोनों के साथ रहता था। उसके माता पिता जम्मू में रहते हैं।

दुकान बंद करके बाइक से तीनों घर जा रहे थे तभी गांव के समीप सड़क किनारे पड़े तार की चपेट में आकर गिर गए। राहगीरों ने युवकों को तड़पता देख पावर हाउस फोन करके लाइन कटवाया। उसके बाद आनन.फानन में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी पहुँचाया। जहां चिकित्सक डॉ मोहम्मद मुदस्सिर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही तत्काल उपजिलाधिकारी हीरालालए क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय ने घटना का जायजा लिया। इंस्पेक्टर वेद प्रकाश शुक्लाए चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्रा ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की कार्यवाही में जुटे थे। वहींए मृतक के पिता हरिराम व भाइयों का रो.रोकर बुरा हाल है।

## सफाई कर्मचारियों ने वेतन दिलाने की उठाई मांग

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद लखीमपुर कार्यालय में मीटिंग की और अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। स्थाई संविदा ठेका सफाई कर्मचारियों के रुके हुए वेतन व ईपीएफ का भुगतान माह अगस्त का वेतन 15 सितंबर 2022 तक का दिया जाए। अधिशासी अधिकारी ने मांग को मानते हुए कहा कि सर्वप्रथम ठेका उसके बाद संविदा और फिर स्थाई कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाएगा और इपीएफ का पैसा भी जल्द कर्मचारियों को भिजवा दिया जाएगा। 17/9/2022 तक ठेका कर्मचारियों का वेतन आ जाएगा। इस मौके पर पप्पू सरनदास, हरपाल मामा, रजनीश मामा, चमनलाल, राकेश, विमलेश, शैलेन्दर, मनोज सफाईनायक, आजाद मामा, सुधीर सफाईनायक, नरेश निराला, मंगल सिंह, सुनील सफाईनायक, परमिंदर एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मकान की खपरैल गिरी, चार घायल

**बरेली।** एक जर्जर मकान की खपरैल आज सुबह तड़के अचानक धराशाई हो गई जिससे मकान में सो रहे कई लोगों घायल हो गए दो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मदनापुर निवासी महेंद्र पाल की 78 वर्षीय मां कमला देवी बेटी पायल को इलाज के लिए आज सुबह तड़के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि कमलादेवी अपने परिजनों के साथ रोजाना की तरह खस्ताहाल मकान में सो रही थी जिसकी खपरैल काफी खराब हालत में थी सुबह तड़के अचानक खपरैल धराशाई हो गई और मकान में सो रहे सभी 11 लोग मलबे में दब गए धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने राहत और बचाव का काम शुरू करते हुए मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला लेकिन तब तक कमलादेवी उसकी पोती रोशनी, पायल और सापना घायल हो चुके थे घर वालों ने सभी घायलों को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से गंभीर रूप से घायल कमलादेवी और रोशनी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## दिव्यांगजनों को आज कालपी में बांटे जायेंगे उपकरण

**कुठौंद ( जालौन )।** कालपी में केंद्रीय मंत्री के द्वारा दिव्यांगों को वितरण किए जाएंगे उपकरण 17 सितंबर को कृषि मंडी उत्पादन मंडी में केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार सूक्ष्मा लघु मध्यम उद्यम राज मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा के द्वारा विकासखंड कुठौंद के खंड विकास अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों से दिव्यांगों को उपकरण दिलाने व एडीओ समाज कल्याण अतुल तिवारी ने सभी ग्राम पंचायतों को अवगत करा दिया है कि केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के द्वारा दिव्यांगों को उपकरण कृषि मंडी उत्पादन कालपी में वितरण किया जाएगा जिसमें खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या ने विकासखंड कुठौंद की सभी ग्राम पंचायतों से ग्राम विकास अधिकारियों ग्राम पंचायत अधिकारियों के द्वारा दिव्यांगों को चिन्हित किया गया है।

## लोकपाल ने कुठौंद में कराये कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**कुठौंद ( जालौन )।** शुक्रवार को लोकपाल गंगा सिंह सेंगर, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई, तकनीकी सहायक ऋषि कुमार, ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत की मौजूदगी में ग्राम कुठौंद कराये गये विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान लोकपाल गंगा सिंह द्वारा ग्राम सभा द्वारा कराए गए विकास कार्यों को मौके पर जाकर देखा जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई ने बड़ी इतनी नाम से अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों को लोकपाल को दिखाया सीसी निर्माण 150 मीटर इंटरलॉकिंग को गहराई से देखा इसके बाद बंधा निर्माण को देखा।

# पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह की बेटी प्रियंका यूपीएचजेएस में चयनित



**बांदा।** प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह व बांदा निवासी की बेटी प्रियंका का चयन उच्चतर न्यायिक सेवा (यूपीएचजेएस) में हुआ है उन्होंने प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया है उनके चयन की जानकारी होते ही बेंदा घाट के पचासा डेरा में हर्ष की लहर फैल गई है। बांदा जनपद के पचासा डेरा के मूल निवासी उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी की बेटी प्रियंका का सपना जज बनने का था इस बात का जिक्र उन्होंने कौन बनेगा करोड़पति के शो में 2500000 का इनाम जीत कर अमिताभ बच्चन के पूछने पर किया था। जब अमिताभ बच्चन ने पूछा आखिर जज क्यों बनना चाहती हैं, प्रियंका ने कहा कि जब मैं कोर्ट रूम में जाती हूं तो मुझे जो कुर्सी सबसे ऊंचाई पर होती है, उस मंजिल को पाना चाहती हूं।

पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बताया कि मेरी बेटी प्रियंका ने हाईस्कूल 2000 में गर्ल्ज़ हाई स्कूल एंड कॉलेज इलाहाबाद, इंटरमीडिएट 2002 में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल गोमतीनगर लखनऊ, बीए 2005 में अवध गर्ल्स डिग्री कालेज, लखनऊ, एलएलबी दिल्ली विश्वविद्यालय से 2008 में किया। वर्तमान में वह सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही है। यूपीएचजेएस की परीक्षा मार्च में हुई थी अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में साक्षात्कार हुआ था, प्रियंका इस समय गाजियाबाद में परिवार के साथ रहती है। सुलखान सिंह की बेटी प्रियंका सिंह के जज बनने पर बांदा जिला कलेक्टर अनुराग पटेल ने शुभ कामनाएं दी है। बांदा के सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, सांसद आरके पटेल बांदा के सीनियर फिज़ीशियन डॉ अशोक भारद्वाज, डॉक्टर एमसी पाल, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ केशव गुप्ता सीनियर एडवोकेट विजय रतन श्रीवास्तव राकेश सिन्हा सीनियर एडवोकेट शंकर सिंह सीनियर एडवोकेट क्रिमिनल अशोक दीक्षित सीनियर एडवोकेट ने भी बधाई दी।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति चुनाव के लिए हुआ नामांकन

संवाददाता। मऊ



अध्यक्ष पद के लिए जिला सूचना अधिकारी को नामांकन पत्र देते पत्रकार प्रदीप सिंह

**मान्यता** प्राप्त पत्रकार समिति मऊ ;सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश सरकारद्ध जिलास्तरीय संगठन चुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन अधिकारीध्जिला सूचना अधिकारी के समक्ष नामांकन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक तीन लोगों ने नामांकन किया। नामांकन पत्र की जाँच निर्वाचन अधिकारी धनपाल सिंह व संरक्षण मण्डल सदस्य वेद नारायण मिश्राए विजय गुप्ता व सुधाकर पांडेय ने किया। जिसमें सभी नामांकन वैध पाए गए।

गौरतलब हो कि मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के संगठनात्मक चुनाव के लिए नामित निर्वाचन अधिकारीध्जिला सूचना अधिकारी धनपाल सिंह के यहाँ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप सिंहए अमित त्रिपाठी व प्रवीण राय ने अपने अपने नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही महामंत्री पद के लिए श्रीराम जायसवालए उपाध्यक्ष पद के लिए श्री हरिओम राय व जाहिद इमामए मंत्री पद के लिए चंद्रप्रकाश तिवारी व कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर आजाद नोमानी ने अपना नामांकन किया। इस अवसर पर संरक्षक मंडल सदस्य के रूप में वेद नारायण मिश्राए विजय गुप्ता व सुधाकर पांडेय सहित वरिष्ठ पत्रकार ब्रह्मानन्द पाण्डेयए बालचन्द त्यागीए आनंद गुप्ताए संजय रायए दुर्गा किंकर सिंहए संजय दुबे व जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। आज हुए नामांकन में जहां अध्यक्ष पद के लिए 3 लोगों ने नामांकन किया। वहीं महामंत्रीए उपाध्यक्षए मंत्री व कोषाध्यक्ष के लिए पर अनुसार पद के सापेक्ष में उतने लोगों ने ही नामांकन किया। जिनका लगभग निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। फिलहाल इसकी घोषणा मतदान तिथि 18 सितंबर को होगी।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद हरिनरायन को मिली जमानत

**मऊ।** घोसी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद हरिनारायन राजभर को आचार संहिता व धारा 144 का उलंघन करने के मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मामले में न्यायालय ने शुक्रवार को सशर्त जमानत का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद के विरुद्ध भारतीय दंड सहिता की धारा 188 व 171 जी के तहत 2014 में मुहम्मदाबाद कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में वे कभी अदालत में हाजिर नहीं हुए थेए जिसके कारण अदालत ने उनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। इस मामले में एमपीए एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी ने पूर्व सांसद को 20 हजार रुपए की जमानत व मुचलके पर जमानत देने का आदेश पारित किया। साथ ही साथ वे इस मुकदमे में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रत्येक तारीख पर अदालत में उपस्थित रहेंगे।

## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कैद की सजा

**बिजनौर (भाषा)।** बिजनौर जिले की एक स्थानीय अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी पाए जाने पर उसे 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाने के साथ एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया। बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नाबालिग लड़की को भगाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को स्थानीय न्यायालय ने दस वर्ष कठोर कारावास की सुनाई और एक लाख रूपए का अर्थदंड भी लगाया। उन्होंने बताया कि थाना नजीबाबाद क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लडकी को 26 जून 2017 को भगाकर ले जाने और दुष्कर्म करने की प्राथमिकी अमरोहा जिला के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ी निवासी पंकज के विरुद्ध दर्ज हुई थी। आरोपी पंकज के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म, अपहरण और पाक्सो कानून की धाराओं के तहत दर्ज मामले की विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। दोनो पक्षों की सुनवाई पूरी करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार को पंकज को दोषी ठहराया।

## सांप काटने से ग्रामीण की हालत बिगड़ी

**बरेली।** बंद पड़े मकान में गए ग्रामीण को सांप ने काट लिया हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव मडोली निवासी 50 वर्षीय अजीत सिंह पुत्र रंजीत सिंह को आज दोपहर बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि अजीत सिंह बोलने में असमर्थ हैं और आज सुबह अपने बंद पड़े मकान में किसी काम से गए थे जहां पर झाड़ियों में छुप कर बैठे एक साप ने उन्हें काट लिया वह तुरंत घर वापस लौटे और घरवालों को जानकारी दी जो उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आए उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

## क्विक न्यूज

### डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, दो घायल

**बरेली।** तेजी से आ रहे एक डीसीएम ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर सड़क किनारे खाई में पलट गया उसका चालक और मजदूर घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कस्बा व थाना फरीदपुर निवासी ट्रैक्टर चालक राजेश और एक मजदूर को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां राजेश ने बताया कि वह आज सुबह अपने खाली ट्रैक्टर को लेकर बरेली जा रहा था जहां से उसे ट्रैक्टर में गोबर लाना था लेकिन जब वह गौसगंज पुलिया के पास पहुंचा तभी अचानक डीसीएम ट्रक बेकाबू हो गई और उसने उसके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी ट्रैक्टर बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया और वह उसके साथ मौजूद एक मजदूर घायल हो गया घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसमें घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा दुर्घटना के बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी।

### जमीन पर गिरी गर्भवती महिला की मौत

**बरेली।** घर में ही जमीन पर गिरने से घायल हुई एक गर्भवती महिला की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर मामले की जांच शुरू कर दी ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव करेली निवासी मजदूरी करने वाले दिलशाद की 33 वर्षीय पत्नी तहसील की आज सुबह जिला अस्पतालमें इलाज के दौरान मौत हो गई उसे सुबह तड़के घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था अस्पताल में मौजूद मृतका के पति दिलशाद ने बताया कि वह मजदूरी करके गुजारा चलाता है और तू बेटियों का पिता है उसकी पत्नी तहसीन तीसरी बार गर्भवती थी और 7 महीने का गर्भ था उसके मकान का निचला हिस्साकाफी नीचे है जिसके चलते आज सुबह जब तहसील मकान में घुस रही थी तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर गिर पड़ी पेट के बल जमीन पर गिरने से उसकी हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए तुरंत बरेली की जिला महिला अस्पताल लाया गया जहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां कुछ देर में ही उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

### गोकशी के चार आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** गोकशी के आरोप में गैंगस्टर एक्ट के तहत चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव गुंजन कला निवासी अखलाक, इरफान, रियाज और खालिद रजा को पुलिस ने आज गोकशी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया वह लंबे समय से फरार चल रहे थे उन पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की वह पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं और थाने में उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को जेल भेजा।

### घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**बरेली।** पति के साथ दवा लेने के लिए मोटरसाइकिल पर जा रही है महिला कुछ दूर चलने के बाद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर तिराहा निवासी 36 वर्षीय कीर्ति राजपूत पत्नी धर्मपाल राजपूत कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 8 सितंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि घटना वाले दिन वह अपनी पत्नी को दवा दिलाने के लिए बंडा जाने को मोटरसाइकिल पर घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद जब उनकी मोटरसाइकिल पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी बाइक पर पीछे कीर्ति अचानक जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई उसने कीर्ति को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हालत नाजुक देखकर वह उसे शाम को इलाज के लिए बरेली लाया यहीं पर बीती रात उसने दम तोड़ दिया वह दो बेटों की मां थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पोस्टर बनाकर विद्यार्थियों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया

**बरेली।** राजकीय इंटर कॉलेज बरेली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ नमिता त्रिपाठी के निर्देशन में ष्राष्ट्रीय पोषण महा अभियानष् पर स्वयंसेवकों के द्वारा पोषण पर आधारित तथा शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर ष्नशा मुक्त अभियानष् के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विभिन्न पोस्टर बनाकर विद्यार्थियों के बीच जन जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। स्वयंसेवकों ने जूनियर विंग की कक्षाओं में जाकर बच्चों को संपूर्ण संतुलित आहार के बारे में तथा आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन एवं खनिज तत्वों के महत्व को समझाया। किस आहार को खाने पर कौन सा पोषक तत्व शरीर को प्राप्त होता है इसके प्रति बच्चों के बीच समझ विकसित की तथा फास्ट फूड को बिल्कुल भी स्वीकार ना करने के लिए शपथ भी स्वयंसेवकों ने ली।नशीले पदार्थ के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी संदेश प्रेषित किया गया। तथा ष् जन जन तक यह संदेश पहुंचाना है, नशे को हाथ भी नहीं लगाना हैष्, ष्स्वस्थ संतुलित हो आहार, एनर्जी दे शरीर को आपारष् स्लोगन नारे के माध्यम से बच्चों में जागरूकता विकसित की गई।

### ताजमहल में फोटो शूट करने पर कंपनी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से माफी मांगी

**आगरा।** कान की मशीन का प्रचार करने वाली अमेरिकी कम्पनी स्टारकी ने ताजमहल में उत्पाद के फोटोशूट के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से माफी मांग ली है। कंपनी ने ताजमहल में व्यावसायिक गतिविधियों पर पाबंदी होने की जानकारी नही होने की बात कही है। कम्पनी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल को दो पन्ने का लिखित माफीनामा भेजा है। कंपनी के प्रतिनिधि बृहस्पतिवार को कान की मशीन ताजमहल में ले गए थे और उन्होंने वीडियो प्लेटफार्म पर खड़े होकर हाथ में कान की मशीन लेकर फोटो खिंचवाए थे। स्मारक के अंदर उत्पाद के साथ कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा फोटो खिंचाने से बड़े सवाल खड़े हो गए थे। उत्पाद के अंदर पहुंचने से स्मारक की सुरक्षा व्यस्था पर सवाल उठने लगे। इस संबंध में अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ.राजकुमार पटेल ने बताया कि उक्त लोग कान मे मशीन लगाकर प्रवेश कर गए थे। बाद मे वीडियो शूट कर उन्होने इसे अपने ग्रुप में शेयर कर दिया था, जिसे बाद में इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया गया। पटेल ने कहा कि उन्होने अपना माफी नामा भेज दिया है। उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देश के मुताबिक ताजमहल में हर तरह की वाणिज्यिक गतिविधि वर्जित है।

# सौरभ और चाहर की फिरकी के आगे कीवी ढेर

## ●न्यूजीलैंड ए की पारी 237 रन पर सिमटी

भाष। बेंगलुरु


सौरभ कुमार के चार विकेट

**बाएं हाथ** के स्पिनर सौरभ कुमार के चार और लेग स्पिनर राहुल चाहर के तीन विकेट से भारत ए ने तीन मैचों की अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला के आखिरी मुकाबले के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ए की पारी 71.3 ओवर में 237 रन पर समेट दी।
सौरभ ने 17.2 ओवर में 48 रन देकर चार विकेट लिए जबकि चाहर ने 14 ओवर में 53 रन देकर दो विकेट झटके। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ए ने एक विकेट पर 40 रन बना लिए। जिससे उसकी कुल बढ़त 96 रन की हो गई। स्टंप्स के समय कप्तान प्रियांक पांचाल 17 और पहली पारी में शतक लगाने वाले रुतुराज गायकवाड़ 18 रन बनाकर खेल रहे थे। मैच के शुरुआती दिन भारत ए की पारी को 293 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी शुरु की। टीम ने शुरुआती 13 ओवरों में 28 रन तक तीन विकेट गंवा दिए जिसमें बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (16 ओवर में 48 रन) ने दो और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके शारदुल ठाकुर (14 ओवर में 33 रन) ने एक विकेट लिया। चाहर ने इसके बाद कप्तान टॉम ब्रूस (13) और डेन क्लीवर (34) के विकेट चटकाए जिससे 100 रन से पहले न्यूजीलैंड ए की आधी टीम पवेलियन पहुंच गई। इसके बाद मार्क चैपमैन (92) और सीन सोलिया (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेलने के साथ छठे विकेट के लिए 214 रन की साझेदारी कर टीम की पारी को संवारा। दोनों ने सहजता के साथ बल्लेबाजी करते हुए हर गेंदबाज के खिलाफ रन बटोरे। चैपमैन इस दौरान ज्यादा आक्रामक रहे जिन्होंने 115 गेंद की साझेदारी में आठ चौके और दो छक्का लगाया। सोलिया ने 111 गेंद की संयमित पारी में सात चौके लगाए। सौरभ ने चैपमैन को रजत पाटीदार के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी, जिसके बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई। टीम ने 24 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज उमरान मलिक को कोई सफलता नहीं मिली। उन्होंने 10 ओवर में 54 रन दिए। भारत की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अभिमन्यु ईश्वरन चार रन बनाकर सोलिया की गेंद पर पगबाधा हो गए। इसके बाद पांचाल और गायकवाड़ ने टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। श्रृंखला के शुरुआती दो मैच ड्रॉ रहे।

## हार्दिक के विकल्प के लिए चयनकर्ताओं ने बावा को भारत ए टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** युवा हरफनमौला खिलाड़ी राज अंगद बावा को 22 सितंबर से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए संजू सैमसन की अगुवाई वाली भारत ए टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला के अगले दो मैच 25 और 27 सितंबर को खेले जाएंगे। तीनों मैचों की मेजबानी चेन्नई करेगा। दलीप ट्रॉफी में बल्ले से दमदार प्रदर्शन करने वाले पृथ्वी साव को टीम में शामिल किया है जिसमें भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे पर गए ज्यादातर खिलाड़ी शामिल है। भारत को अंडर-19 विश्व कप चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बावा मध्यम गति के तेज गेंदबाज और बाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के लिए सिर्फ दो रणजी मैच खेले है लेकिन समझा जाता है कि चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति हार्दिक पंड्या के लिए विकल्प तैयार करना चाहती है। पंड्या को चोटिल होने से बचाने के लिए उनके कार्यभार प्रबंधन पर ध्यान देना पड़ रहा है। शिवम दुबे और विजय शंकर जैसे हरफनमौला को इस बीच आजमाया गया लेकिन वे अंतरराष्ट्रीय स्तर खुद पर को साबित करने में विफल रहे। ऐसे में चयनकर्ता तेज गेंदबाजी हरफनमौला खिलाड़ियों का एक पूल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के पास स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के कई विकल्प हैं, लेकिन निचले मध्य क्रम वाले अच्छी बल्लेबाजी के साथ तेज गेंदबाजी करने वालों की संख्या काफी कम है। न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में चयनकर्ताओं को बावा की क्षमता का आकलन करने का मौका मिलेगा।



# भारत ने टी-20 विश्व कप के लिए चार तेज गेंदबाजों को रखकर जोखिम लिया : जॉनसन



भाषा। नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन का मानना है कि टी20 विश्व कप के लिए भारत का संयोजन थोड़ा जोखिम भरा है क्योंकि टीम ने उछाल भरी पिचों के लिए कम तेज गेंदबाजों का चयन किया है। अनुभवी मोहम्मद शमी को स्टैंडबाय में रखने के कदम से कुछ विशेषज्ञों आश्चर्यचकित है। भारतीय चयनकर्ताओं ने भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह के साथ जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली चौकड़ी पर भरोसा जताया है। जॉनसन ने लीजेंड्-लीग क्रिकेट (एलएलसी) के इतर कहा, अगर आपने टीम में एक ऑलराउंडर (तेज गेंदबाजी), दो स्पिनर और चार तेज गेंदबाज को रखा है तो यह थोड़ा जोखिम भरा है। लेकिन भारत अंतिम एकदश में दो तेज गेंदबाजों और एक ऑलराउंडर (हार्दिक पांड्या) और दो स्पिनरों को खेलने पर विचार कर रहा है। बाएं हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में आपको तीन तेज गेंदबाजों को टीम में रखना ही होगा। पर्थ की परिस्थितियों में चार तेज गेंदबाज रखने पड़ेंगे। मुझे लगता है उन्होंने योजना बनाकर टीम चुनी है लेकिन सिर्फ चार तेज गेंदबाजों के साथ जोखिम भरा हो सकता है। जॉनसन ने इस मौके पर किसी युवा को एकदिवसीय प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाने की मांग की। आरोन फिंच के एकदिवसीय से इस्तीफे के बाद टीम की कप्तानी को लेकर बहस छिड़ी है। गेंद से छेड़छाड़ के कारण प्रतिबंध झेल चुके स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर ने टीम का नेतृत्व करने की इच्छा जताई है लेकिन जॉनसन ने कहा कि दोनों खिलाड़ी अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर है ऐसे में किसी युवा खिलाड़ी को टीम की कमान दी जानी चाहिए। पैट कमिंस (टेस्ट कप्तान) को सभी प्रारूपों की जिम्मेदारी देने से उनके काम का बोझ काफी बढ़ जाएगा। चयनकर्ताओं के मन में ग्लेन मैक्सवेल का नाम हो सकता है। अगर आप भविष्य को देखे तो कैमरून ग्रीन भी एक अच्छा विकल्प होगा। एक ऑलराउंडर के रूप में हालांकि उनके लिए पहले से काम का ज्यादा बोझ है। एक और विकल्प ट्रेविस हेड के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। वॉर्नर और स्मिथ दोनों को कप्तान नहीं होना चाहिए। वह पहले की तरह अब भी टीम का मार्गदर्शन करना जारी रख सकते हैं। उनके कप्तान बनने से फिर से पुरानी चीजें (गेंद से छेड़छाड़ मुद्दा) पर चर्चा शुरू हो जाएगी।

## पंड्या को और परिपक्व होने की जरूरतः ब्रेसनन

**कोलकाता।** इंग्लैड के पूर्व क्रिकेटर टिम ब्रेसनन ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या को और अधिक परिपक्व होने की जरूरत है। ब्रेसनन को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया मे होने वाले आगामी टी20 विश्व कप मे पंड्या टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग के बीते सत्र में गेंद और बल्ले के अलावा अपनी नेतृत्व कौशल को साबित करते हुए पहली बार लीग मे भाग ले रही गुजरात टाइटंस की टीम को चैम्पियन बनाने मे अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने एशिया कप के शुरुआती चरण मे पाकिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी से शानदार प्रदर्शन कर टीम का पांच विकेट से जीत दिलाई थी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सत्र मे भीलवाड़ा किंग्स का प्रतिनिधित्व करने को तैयार ब्रेसनन ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार मे कहा, टीम के संतुलन के लिए तेज गेंदबाजी हरफनमौला का होना जरूरी है। इससे टीम एक क्रिकेटर से दो खिलाड़ियो की कमी पूरी करती है।

### रिटमक ने मैत्री मैचों से पहले संभावितों की सूची जारी की

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को वियतनाम और सिंगापुर के खिलाफ आगामी अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले 24 संभावित खिलाडियों की सूची जारी की। टीम रविवार से कोलकाता में दो दिवसीय शिविर में हिस्सा लेगी। भारत की 23 सदस्ईय टीम 24 और 27 सितंबर को क्रमशः सिंगापुर और वियतनाम के खिलाफ दो फीफा मैत्री मैच खेलने के लिए 20 सितंबर को वियतनाम की यात्रा करेगी। तीन टीमों के इस टूर्नामेंट को हंग थिंह फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट बुलाया जाएगा जिसमें वियतनाम और सिंगापुर 21 सितंबर को शुरूआती मैच मे एक दूसरे से भिड़ेंगे।

### इंदौर में तेज बारिश, रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के मैचों पर संकट के बादल

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार सुबह तेज बारिश के बाद रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टूर्नामेंट के तहत होलकर स्टेडियम पर 17 से 19 सितम्बर के बीच आयोजित टी-20 मुकाबलों पर संकट के बादल छा गए है। ए मुकाबले अलग-अलग देशों के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की टीमों के बीच होने है। आयोजकों के मुताबिक होलकर स्टेडियम में इस भिड़ंत की शुरुआत शनिवार (17 सितम्बर) को बांग्लादेश लीजेंड्स बनाम न्यूजीलैंड लीजेंड्स और इंग्लैंड लीजेंड्स बनाम वेस्टइंडीज लीजेंड्स के मुकाबलों से होनी है।

### नहीं चले भारतीय बल्लेबाज, इंग्लैंड ने टी-20श्रृंखला जीती

**ब्रिस्टल।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजो की नाकामी के कारण भारतीय महिला टीम को गुरुवार को यहां इंग्लैड से तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे सात विकेट से करारी हार का सामना पड़ा। इंग्लैड ने इस तरह से तीन मैचो की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। उसने पहले टी20 मैच मे नौ विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने दूसरे मैच मे आठ विकेट से जीत हासिल करके अच्छी वापसी की थी। लेकिन भारतीय बल्लेबाज तीसरे और निर्णायक मैच मे लय बरकरार रखने मे नाकाम रहे और भारत पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने आठ विकेट पर 122 रन ही बना पाया। इंग्लैड ने 18.2 ओवर मे तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

### भारत के 76वें ग्रैंडमास्टर बने प्रणव आनंद

**चेन्नई।** बेंगलुरु के किशोर शतरंज खिलाड़ी प्रणव आनंद भारत के 76वे ग्रैंड मास्टर बन गए है। उन्होंने रोमानिया के मामाइया मे चल रही विश्व युवा शतरंज चैपियनशिप मे 2500 ईएलओ रेटिंग की संख्या पार करके यह उपलब्धि हासिल की। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैड मास्टर उपाधि हासिल करने के लिए बाकी मानदंडो को पहले ही पूरा कर दिया था।

### दिल्ली के उपराज्यपाल मोदी के जन्मदिन पर खेल एरीना की आधारशिला रखेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर द्वारका मे इंटीग्रेटिड स्पोर्ट्स एरीना की आधारशिला रखेंगे जिसमे एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कम फुटबॉल स्टेडियम भी शामिल है। उपराज्यपाल के कार्यालय ने एक बयान मे कहा कि यह एरीना द्वारका सेक्टर 19 बी मे 51 एकड़ मे फैला होगा जिसे जनवरी 2026 तक तैयार किया जाएगा और इसका खर्चा 350 करोड़ रुपए आएगा।

# साव का शतक, पश्चिम क्षेत्र की बढ़त 259 रन की



## ● दलीप ट्रॉफी

भाषा। कोयंबटूर

**सलामी** बल्लेबाज पृथ्वी साव ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 96 गेंद में 104 रन (11 चौके, तीन छक्के) बनाए जिससे पश्चिम क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ अपनी बढ़त 259 रन की कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी में 257 रन बनाकर मध्य क्षेत्र को 128 रन पर समेट दिया था जिससे उसे पहली पारी के आधार पर 129 रन की बढ़त मिली। फिर साव ने शानदार पारी से सुनिश्चित किया कि पश्चिम क्षेत्र अपना शिकंजा कस ले। टीम ने स्टंप तक दूसरी पारी में तीन विकेट गंवाकर 130 रन बना लिए थे। पूर्वोत्तर की कमजोर टीम के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने के बाद साव ने मध्य क्षेत्र के आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। इसके बाद साव ने इच्छानुसार शॉट लगाते हुए रन गति बढ़ाई। पर इसके बावजूद पश्चिम क्षेत्र ने तीन विकेट गंवा दिए जिसमें यशस्वी जायसवाल और कप्तान अजिंक्य रहाणे का विकेट शामिल रहा। इससे पहले अनुभवी उनादकट (24 रन देकर तीन विकेट) ने शुरूआती विकेट झटके जबकि स्पिनर तनुष कोटियान ने भी इसके बाद तीन खिलाड़ियों को आउट किया जिसमें कर्ण शर्मा का विकेट भी शामिल था। दिन की शुरुआत में पश्चिम क्षेत्र ने दूसरे दिन नौ विकेट पर 252 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन टीम इसमें पांच रन ही जोड़ सके। राहुल त्रिपाठी (67 रन) को तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी (48 रन देकर दो विकेट) ने आउट कर पश्चिम क्षेत्र की पारी समाप्त की। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 66 रन देकर पांच विकेट झटके। त्रिपाठी के अर्धशतक के अलावा सलामी बल्लेबाज साव ने 60 और शम्स मुलानी ने 41 रन की पारी खेली।

## रिकी भुई का शतक, दक्षिण क्षेत्र ने 630 रन पर घोषित की पारी

**सलेम (तमिलनाडु)।** रिकी भुई के नाबाद 103 रन और बाबा इंद्रजीत के अर्धशतक से दक्षिण क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी आठ विकेट पर 630 रन के विशाल स्कोर पर घोषित की। इसके जवाब में उत्तर क्षेत्र ने स्टंप तक बिना किसी नुकसान के 24 रन बना लिए थे। प्रतिभाशाली युवा यश धुल आठ और मनन वोहरा 11 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दक्षिण क्षेत्र ने रात के दो विकेट पर 324 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उसके बल्लेबाजों ने जमकर रन बटोरे। कप्तान हनुमा विहारी ने रात के 107 रन को बढ़ाकर 134 रन किया और इंद्रजीत (65 रन) के साथ अपनी भागीदारी 105 रन की कर ली लेकिन इसके बाद वह बाएं हाथ के स्पिनर मयंक डागर (184 रन देकर तीन विकेट) की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। इंद्रजीत और मनीष पांडे (35 रन) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। पर डागर ने इंद्रजीत के रूप में दूसरा विकेट झटका। पांडे भी डागर का शिकार हुए तब स्कोर 440 रन था। लेकिन उत्तर के गेंदबाजो की धुनाई यही खत्म नही हुई और भुई ने आक्रामक खेल दिखाते हुए के गौतम (48 रन) और टी रवि तेजा (42 रन) के साथ मिलकर टीम को विशाल स्कोर बनाने में मदद की। पांच विकेट पर 440 रन के बाद भुई और अन्य ने मिलकर 190 रन जोड़े जिसके बाद कप्तान विहारी ने पारी घोषित कर दी। पहले दिन टीम के लिए रोहन एस कुन्नुमल ने दलीप ट्रॉफी पदार्पण में शतक लगाया था।



# ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया पदक की दौड़ से बाहर



भाषा। बेलग्रेड

## ● कुश्ती विश्व

**भारतीय ओलंपिक** रजत पदक विजेता रवि दहिया शुक्रवार को यहां 57 किग्रा क्वालीफिकेशन दौर में उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुलाएव से हारकर कुश्ती विश्व चैम्पियनशिप में पदक की दौड़ से बाहर हो गए। वहीं नवीन ने 70 किग्रा के रेपेशाज के शुरूआती दौर में उज्बेकिस्तान के दुनिया के चौथे नंबर के सिरबाज तलगट को 11-3 से हराकर कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के पहलवान दहिया एकतरफा मुकाबले में अब्दुलाएव से तकनीकी श्रेष्ठता (0-10) से हार गए। दहिया कांस्य पदक के रेपेशाज दौर में नहीं खेलेंगे क्योंकि अब्दुलाएव अल्बानिया के पहलवान जेलिमखान अबाकारोव से हार गए। वहीं नवीन की जीत ने सीधे उन्हें कांस्य पदक के मैच में पहुंचा दिया क्योंकि उनके अगले दौर का प्रतिद्वंद्वी इलियास बेकबुलातोव (उज्बेकिस्तान) चोट के कारण नहीं खेल सका। दहिया ने पहले दौर में रोमानिया के राजवान मरियन को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया था। वह दुनिया के 30वें नंबर के अब्दुलाएव से बीते समय में भी कई बार हार चुके हैं। वहीं अब्दुलाएव ने फरवरी में इस्तांबुल में (यासर डोगू 2022) यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में दहिया से मिली हार का बदला चुकता किया। उज्बेकिस्तान का पहलवान हालांकि अबाकारोव के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सका। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन नवीन का सामना शुक्रवार रात को कांस्य पदक के मैच में अर्नाजार अकमातालिएव से होगा।

### श्रीलंका की टी20 विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज चामीरा और कुमारा शामिल

**कोलंबो।** अनुभवी तेज गेंदबाज दुष्मंता चामीरा और लाहिरू कुमारा को आस्ट्रेलिया में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को श्रीलंका की 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया। ये दोनों गेंदबाज चोट के कारण हाल में एशिया कप में नहीं खेल पाए थे जिसमें श्रीलंका ने ट्राफी जीती थी। टीम में चार तेज गेंदबाज शामिल हैं लेकिन चामीरा और कुमारा को अपनी फिटनेस साबित करनी होगा।

### अर्शदीप के कैच छोड़ने पर बिश्नोई ने कहा, उसकी जगह मैं भी हो सकता था

**नई दिल्ली।** रवि बिश्नोई की उम्र महज 22 साल की है लेकिन वह समझते हैं कि क्रिकेट कितना निर्दई खेल हो सकता है और उनका कहना है कि हाल में एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण कैच छोड़ने वाले अर्शदीप सिंह की जगह वह भी हो सकते थे। अर्शदीप की एशिया कप के सुपर फोर मैच में बिश्नोई की गेंद पर आसिफ अली का कैच छोड़ने के लिए सोशल मीडिया पर काफी बुरी तरह आलोचना की गई जिसमें भारत हार गया था। बिश्नोई ने चार ओवर में 28 रन देकर एक विकेट झटका ।

# टेनिस में शुरु होगा अल्काराज, स्वियातेक का दौर



## ●फेडरर और सेरेना के संन्यास का असर

भाषा। न्यूयॉर्क

**एक सप्ताह** के अंदर दो दिग्गजों रोजर फेडरर और सेरेना विलियम्स के संन्यास जैसी घोषणाओं से टेनिस के एक युग का अंत हो रहा तो वही महज 21 साल की उम्र में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इगा स्वियातेक और 19 बरस की आयु में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने वाले कार्लोस अल्काराज ने नए युग की शुरुआत की झलक दिखा दी। चालीस साल की सेरेना ने अमेरिकी ओपन के बाद इस तरह के संकेत दिए थे कि वह अपना आखिरी पेशेवर मैच खेल चुकी है तो वहीं फेडरर ने गुरुवार को खेल को अलविदा कहने की घोषणा की। फेडरर ने कहा कि अगले सप्ताह लावेर कप कप में वह आखिरी बार कोर्ट में उतरेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों विदाई से पहले ही टेनिस के भविष्य को लेकर काफी चर्चा की जा रही थी। लेकिन स्वियातेक और अल्काराज जैसे युवाओं ने हाल के दिनों में यह साबित किया कि खेल सही हाथों में है। हॉल ऑफ फेम कोच निक निक बोलेटिएरी ने कहा, इन दोनों खिलाड़ियों ने टेनिस को उस स्वरूप में ढालने की कोशिश की जिसे हम आज देख रहे है। हमें उनकी कमी खलेगी। विलियम्स बहनों (सेरेना और वीनस), आंद्रे अगासी, जिम कूरियर, मोनिका सेलेस और मारिया शारापोवा के साथ काम करने वाले बोलेटिएरी ने कहा,, इन युवा खिलाडियों का रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने से टूर (प्रतियोगिताओं) पर बड़ा फर्क पडेगा। उन्होंने कहा कि फेडरर के जाने के बाद भी राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच सक्रिय है। यह जरूर है कि नडाल चोट से परेशान रह रहे और जोकोविच कोरोना वायरस टीका नहीं लगवाने के कारण सीमित प्रतियोगिताओं में खेल रहे है। इसके बाद भी दोनों ने साल के चार में तीन ग्रैंड स्लैम को अपने नाम किए। सेरेना ने 23 और फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम जीते। इन दोनों ने इसके साथ ही ओलंपिक पदक और कई टूर्नामेंट में जीत का परचम लहराया और सैकड़ों सप्ताह तक रैंकिंग में शिखर पर रहे। इन खिलाड़ियों की जगह को भरने के लिए हालांकि युवा ब्रिगेड तैयार है। स्वियातेक और अल्काराज ने छोटे अंतरराष्ट्रीय करियर में इसकी झलक पेश कर दी है। स्वियातेक छह महीने पहले ऐश बार्टी के संन्यास के बाद से रैंकिंग में नंबर एक महिला खिलाड़ी है। वह 2016 के बाद से एक सत्र में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली महिला हैं। अल्काराज 1973 में कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग शुरू होने के बाद से बीते सोमवार को नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। वह 1990 में पीट सम्प्रास के बाद से अमेरिकी ओपन और नडाल (2005 में फ्रेंच ओपन) के बाद से किसी भी ग्रैंड स्लैम का पुरुष एकल खिताब को जीतने वाले पहले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। खास बात यह है कि फेडरर ने जब अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था तब अल्काराज की उम्र महज दो महीने थी तो वहीं स्वियातेक दो साल की थी। इन दोनों खिलाड़ियों पर फेडरर और सेरेना के खेल की गहरी छाप है। स्वियातेक और अल्काराज के अलावा नाओमी ओसाका, कोको गफ, फ्रांसिस टियाफो और यानिक सिनर, कैस्पर रुड और ओन्स जबूर जैसे खिलाड़ियों ने पिछले कुछ समय में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## अमेरिका ने डेविस कप के क्वार्टर फाइनल में जगह लगभग पक्की की

**ग्लासगो।** टॉमी पॉल और टेलर फ्रिट्ज ने अपने एकल मैचों मे विपरीत अंदाज मे जीत दर्ज की जिससे अमेरिका ने कजाखस्तान को 2-1 से हराकर डेविस कप फाइनल्स टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मे अपनी जगह लगभग पक्की कर दी। अमेरिका ग्रुप डी मे दो मैच जीतकर शीर्ष पर है और उसका अंतिम आठ मे पहुंचना लगभग तय है। पॉल ने मिखाइल कुकुश्किन पर 6-1, 6-4 से आसान जीत दर्ज की। इससे पहले फ्रिट्ज ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को तीन सेट मे 7-6 (6) 1-6 6-3 से हराया था। बुब्लिक और अलेक्सांद्र नेदोवियसोव ने बाद मे युगल मैच मे राजीव राम और जैक सॉक को 6-2, 7-6 (6) से पराजित किया। जर्मनी के हैम्बर्ग मे खेले गए ग्रुप सी के एक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती हार से उबरकर फ्रांस को 2-1 से हराया। रिचर्ड गास्केट ने जेसन कुबलर पर 6-2, 6-4 से हराकर फ्रांस को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन एलेक्स डी मिनौर ने बेंजामिन बोन्ज़ी पर 6-3, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैथ्यू एबडेन और मैक्स पुरसेल ने निकोलस माहुत और आर्थर रिंडरक्नेच को 6-4, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया दो जीत से ग्रुप मे शीर्ष पर है। अन्य मुकाबलो मे सर्बिया ने ग्रुप बी मे कोरिया को 2-1 से और क्रोएशिया ने ग्रुप ए मे स्वीडन को 2-1 से हराया।

### बाउचर मुंबई इंडियन्स के मुख्य कोच नियुक्त

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए मुंबई इंडियंस का कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह 45 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर श्रीलंका के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने का स्थान लेंगे जिन्हें फ्रेंचाइजी ने हाल में अपना वैश्विक प्रमुख नियुक्त किया था। बाउचर दक्षिण अफ्रीका की पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच हैं। उन्होंने इस सप्ताह के शुरू में घोषणा की थी कि वह आगामी टी-20 विश्वकप के बाद अपना पद छोड़ देंगे। बाउचर ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मुंबई इंडियंस का मुख्य कोच नियुक्त किया जाना सम्मान और सौभाग्य की बात है।

### पंजाब किंग्स ने बेलिस को मुख्य कोच नियुक्त किया

**मोहाली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम पंजाब किंग्स ने इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 टूर्नामेंट के अगले सत्र से पहले शुक्रवार को ट्रेवर बेलिस को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। बेलिस को अनिल कुंबले की जगह मुख्य कोच बनाया गया है। पूर्व भारतीय कप्तान कुंबले के रहते हुए टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई जिसके बाद पंजाब किंग्स ने उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया। बेलिस ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी बयान में कहा, मैं पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। पंजाब किंग्स ऐसी फ्रेंचाइजी है जो सफलता की भूखी है।

## रोनाल्डो ने यूरोपा में पहला गोल दागकर यूनाईटेड को जीत दिलाई



मैनचेस्टर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरोपा लीग में अपने करियर का पहला गोल दागा जिससे मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यूरोप की इस दूसरी श्रेणी की फुटबॉल प्रतियोगिता में शुरुआती हार से उबरकर शेरिफ तिरस्पोल को 2-0 से हराया। माल्दोवा में खेले गए इस मैच में चैंपियंस लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले रोनाल्डो ने पेनल्टी पर गोल किया। उनसे पहले जादौन सांचौ ने यूनाइटेड की तरफ से पहला गोल दागा था। रोनाल्डो का यह इस सत्र का पहला और क्लब प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 699वां गोल है। रोनाल्डो ने बाद में कहा, गोल करके और टीम की जीत में भूमिका निभाने से खुश हूं। हमने तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। अन्य मैचों में रियाल बेटिस ने बल्गेरियाई टीम लुडोगोरेट्स को 3-2 से, जोस मोरिन्हो की रोमा ने एचजेके हेलसिंकी को 3-0 से और विलारियाल ने हापोएल बीयर शेवा को 2-1 से हराया।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम सेमीफाइनल में मेजबान नेपाल से हारी

**काठमांडू।** भारत शुक्रवार को यहां दशरथ स्टेडियम में सेमीफाइनल में मेजबान नेपाल के हाथों 0-1 से हारकर सैफ महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप से बाहर हो गया। यह पहली बार है जब भारतीय महिला फुटबॉल टीम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल चरण से बाहर हुई है। मेजबानों के लिए रश्मि कुमारी घिशिंग ने मैच का एकमात्र गोल दागा और कीचड़ से भरी पिच पर टीम को जीत दिलाई। भारत को मैच के 12वें मिनट में रेणु की बदौलत अच्छा मौका मिला था लेकिन नेपाल की कप्तान और गोलकीपर अंजिला सुब्बा ने इसे रोक दिया।

### भारतीय शतरंज खिलाड़ी प्रणव आनंद और इलामपार्थी ने खिताब जीते



मामाइया (रोमानिया)। भारत के प्रणव आनंद और ए आर इलामपार्थी शुक्रवार को यहां विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप में क्रमशः ओपन अंडर-16 और अंडर-14 वर्ग के चैम्पियन बने। शीर्ष वरीय आनंद गुरूवार को देश के 76वें ग्रैंडमास्टर बने थे, उन्होंने 11 दौर में नौ अंक जुटाए जिससे वह विजेता बने। वह अन्य खिलाड़ियों से आधा अंक आगे रहे। आनंद को एक भी बाजी में हार नहीं मिली, उनके हमवतन एम प्रणेश आठ अंक लेकर तीन अन्य के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। आनंद की तरह इलामपार्थी 11 दौर में 9.5 अंक लेकर बाकी अन्य खिलाड़ियों से आधा अंक आगे रहे। हालांकि उन्हें चौथे दौर में यूक्रेन के आर्टेम बेरिन से हार मिली थी।